निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• 8 अप्रैल 2025 मंगलवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 314 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1801 : रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में हुई हिंसा में 128 यहूदियों की मौत।
1831 : प्रसिद्ध समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इग्लैंड पहुंचे।
1857 : प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम विद्रोह के सिपाही मंगल पांडे को फांसी दी गई।
1929 : क्रांतिकारी भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने दिल्ली असेंबली में बम फेंका।
1961 : ब्रिटिश जहाज दारा के फारस की खाड़ी में गिरने से 240 लोगों की मौत।

हेमंत सरकार करेगी खिलाड़ियों के लिए अलग बटालियन का गठन

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव द्वारा राज्य सरकार को दिए गए सुझाव पर सरकार का रूख सकारात्मक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड की पहचान जल, जंगल, जमीन और खनिज के साथ-साथ खेल और खिलाड़ियों को लेकर भी होती है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार कई तरह से मदद कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को विभागों में सीधी नियुक्ति दी जाती है। उन्हें आर्थिक सहायता भी दी जाती है। अब इस बात की चर्चा शुरु हो गई है कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अलग से बटालियन का भी गठन होना चाहिए। साथ ही राज्य और जिला स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से मदद की जानी चाहिए। इन दोनों मसलों पर हेमंत सरकार ने सकारात्मक रुख दिखाया है।



खिलाड़ियों के लिए अलग से बने बटालियन

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने राज्य सरकार के समक्ष यह सुझाव दिया है। उनकी दलील है कि बटालियन होने से खिलाड़ियों को इस बात की तसल्ली रहेगी कि उन्हें स्पोर्ट्स ग्राउंड पर नौकरी मिल जाएगी। ऐसा सोचकर वे मेडल के लिए अपने प्रयास को और पैना करने की कोशिश करेंगे। सरकार को उनका एक और अहम सुझाव है। उनका कहना है कि वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को ही सीधी नौकरी के साथ-साथ आर्थिक सहायता देने के प्रावधान है। अगर राज्य और जिला स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता का भरोसा मिलता है तो उनकी हौसला अफजाई होगी।

सकारात्मक विचार का सरकार से मिला आश्वासन

कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के सुझाव को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा है कि पहली बार खिलाड़ियों के लिए अलग से बटालियन गठन का सुझाव मिला है। यह सरकार का नीतिगत मामला है। फिर भी इसके तमाम विषयों का आकलन कर सरकार सकारात्मक पहल करना चाहेगी। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि जिला या राज्य स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को नौकरी में आरक्षण देना संभव नहीं है। ऐसा करना राज्य के आर्थिक हितों के लिहाज से उचित नहीं होगा। हालांकि उन्होंने इस बात को सकारात्मक रूप में लिया कि ऐसे खिलाड़ियों के आर्थिक संवर्द्धन पर विचार संभव है। अनुबंध में कुछ लाभ देने की कोशिश जरूर की जा सकती है।

देश में इस वर्ष भीषण गर्मी का अनुमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। आज सोमवार को 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट रहा। रविवार को बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान है। अगले कुछ दिन गर्म से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। रविवार को भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

हेमंत सोरेन से मिले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सोमवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर सीएम की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में 19 एवं 20 अप्रैल को विश्वस्तरीय एयर शो का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय वायुसेना की ओर से झारखंड में पहली बार रांची में एयर शो का आयोजन हो रहा है। इस लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले और उन्हें आमंत्रित किया। बता दें कि झारखंड में भारतीय वायुसेना (एयरफोर्स) का पहला एयर शो राजधानी रांची में आयोजित किया जा रहा है। पिछले दिनों रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री से उनके कार्यालय कक्ष में भारतीय वायुसेना की टीम ने मुलाकात की थी। भारतीय वायुसेना की टीम ने उपायुक्त से रांची में सूर्य किरण एक्रोबैटिक टीम द्वारा किए जानेवाले एयर शो को लेकर जानकारी दी थी और आवश्यक सहयोग देने का आग्रह किया था। डीसी ने टीम को आश्वस्त किया था कि उन्हें जिला प्रशासन हर संभव मदद देगा।

घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपए की बढ़ोत्तरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गईं हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया। मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें मंगलवार से लागू हो जाएंगी। मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ''एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि होगी।

■ उज्जवला योजना के तहत मिलनेवाली सिलेंडर की दर में भी बढ़ोत्तरी

500 से यह 550 (पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए) हो जाएगी और अन्य के लिए यह 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी। यह एक ऐसा कदम है जिसकी हम आगे समीक्षा करेंगे। हम हर 2-3 सप्ताह में इसकी समीक्षा करते हैं। इसलिए, आपने जो उत्पाद शुल्क में वृद्धि देखी है, उसका बोझ पेट्रोल और डीजल पर उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। उस उत्पाद शुल्क वृद्धि का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपये की भरपाई करना है। जो उन्हें गैस के कारण नुकसान के रूप में हुआ है...''

फ्लाइट में महिला की मौत

मुंबई (नबिटा ब्यूरो)। मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं। उड़ान के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई। एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अधिकारी ने बताया कि एमआइडीसी सिडको पुलिस थाने ने जरूरी कार्यवाही पूरी कीं और विमान वाराणसी के लिए रवाना हो गया। जबकि महिला का शव छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। पटना से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट में यात्री की मौत हो गई। लखनऊ में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। यात्री के साथ उनकी पत्नी और चचेरे दामाद भी थे।

गंगा में नहाते समय पांच युवक डूबे, तीन की मौत

शादी समारोह में शामिल होने बाहर से आये थे सभी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना जिले के मोकामा प्रखंड के दरियापुर गांव में रविवार को गंगा नदी में स्नान के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। नदी में नहाने गए पांच युवकों में से तीन की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान मो. मेराज, मो. इब्राहीम और मो. अमीर के रूप में हुई है, तीनों एक ही परिवार से ताल्लुक रखते थे। परिवार में शादी की तैयारी चल रही थी। दूर-दराज में काम करने वाले ये युवक खासतौर पर समारोह में शामिल होने के लिए अपने गांव लौटे थे। लेकिन खुशियों के बीच अचानक यह हादसा हुआ और पूरे गांव में मातम छा गया। घटना के बाद गांव के स्थानीय गोताखोरों की मदद से तीनों युवकों के शव बरामद कर लिए गए। लेकिन ग्रामीणों में गुस्सा इस बात क ो लेकर है कि इतनी बड़ी और संवेदनशील




नदी होने के बावजूद मोकामा में एसडीआरएफ की स्थायी तैनाती नहीं की गई है। हर हादसे के बाद बेगूसराय से टीम बुलानी पड़ती है, जो अक्सर देर से पहुंचती है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह हादसा गंगा नदी में हो रहे अवैध बालू खनन की वजह से हुआ है। उनका कहना है कि लगातार बालू की अवैध खुदाई से नदी में गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो आम नजरों से दिखाई नहीं देते। ऐसे में स्नान करने वाले युवक अचानक गहराई में फंस जाते हैं और डूबने की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले एक वर्ष में मोकामा क्षेत्र में अवैध बालू खनन की वजह से डूबकर मरने वालों की संख्या 36 से ज्यादा हो चुकी है। इसके बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हर हादसे के बाद केवल कागजी कार्रवाई होती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। दरियापुर गांव में इस हादसे के बाद कोहराम मचा हुआ है। हर कोई सदमे में है कि जिन युवकों को कुछ ही घंटों बाद शादी की खुशियों में शामिल होना था, अब उनके घरों में चीख-पुकार मची हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि एसडीआरएफ की स्थायी तैनाती मोकामा में की जाए और अवैध बालू खनन पर सख्ती से रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

एफसीआई केन्द्रों पर उचित तौल एवं त्वरित भुगतान से किसान उत्साहित : डॉ. अजीत कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना / सासाराम। भारतीय खाद्य निगम कार्यकारी निदेशक ने कहा कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत एफसीआई केन्द्रों पर उचित तौल और 48 घंटे के भीतर भुगतान की व्यवस्था से किसानों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को गेहूं बेचने के समय बोरे की सुविधा भी एफसीआई द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है जिससे उन्हें अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा। विदित हो कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के कार्यकारी निदेशक डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने सोमवार को रोहतास जिले के कोचस स्थित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया और



किसानों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर बिहार क्षेत्र के उप-महाप्रबंधक (अधिप्राप्ति) सुशील कुमार सिंह, मंडल कार्यालय बक्सर के मंडल प्रबंधक राजेश सिंह पंगती, अजय कुमार , सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. सिन्हा ने किसानों को जानकारी दी कि भारत सरकार ने इस वर्ष गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। अब किसानों को 2,425 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि बिहार में एफसीआई द्वारा कुल 151 गेहूं क्रय केंद्र खोले गए हैं जिनमें बक्सर में 7, रोहतास में 10 और कैमूर में 13 केंद्र शामिल हैं। बैठक के दौरान फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधियों से भी संवाद हुआ। डॉ. सिन्हा ने उनसे अपील की कि वे अपने सदस्य किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों के माध्यम से एमएसपी पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करें। कृषि विभाग, बिहार सरकार के डीबीटी पोर्टल पर पंजीकृत किसान नजदीकी गेहूं खरीद केंद्र पर जाकर आसानी से अपना गेहूं बेच सकते हैं और सीधे अपने बैंक खाते में भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. सिन्हा ने किसानों को आश्वस्त किया कि खरीद प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और किसानोन्मुखी बनाया गया है।

जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में रांची के अपर समाहर्ता राजेश्वरनाथ आलोक समेत 18 को अग्रिम जमानत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। जेपीएससी (झारखंड लोक सेवा आयोग) नियुक्ति घोटाले के 18 आरोपितों को झारखंड हाईकोर्ट से आज अग्रिम जमानत मिली है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत ने याचिकाओं पर सुनवाई के बाद इन्हें अग्रिम जमानत दी। रांची के अपर समाहर्ता (लॉ एंड ऑर्डर) राजेश्वर नाथ आलोक समेत दर्जनभर से अधिक जेपीएससी-एक से चयनित अधिकारियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत से अग्रिम



जमानत याचिका खारिज होने के बाद इन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने इन्हें राहत दी है। प्रथम जेपीएससी की परीक्षा से चयनित 18 आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका पिछले दिनों सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने खारिज कर दी थी। इसके बाद अग्रिम जमानत के लिए सभी 18 आरोपित झारखंड हाईकोर्ट पहुंचे। इन्होंने अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की। अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत ने आज सोमवार को इन्हें बड़ी राहत दे दी। हालांकि अदालत में अग्रिम जमानत पर सुनवाई के दौरान सीबीआई ने अग्रिम जमानत का विरोध किया।

बाइक सवार दंपति को रौंदा, पति की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। मोतीपुर थाना क्षेत्र के काली मंदिर के समीप रविवार को एक बाइक सवार दंपती को ट्रक ने रौंद दिया। इस घटना में पति की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं पत्नी मीना देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। पुलिस ने जख्मी महिला को सीएचसी में भर्ती कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान मोतीपुर थाना क्षेत्र के कुशाही गांव निवासी 45 वर्षीय पुत्र पवन कुमार श्रीवास्तव के रूप में हुई। बताया गया कि दंपती मोतीपुर बाजार स्थित एक दुकान में काम करते थे। काम से घर लौटने के दौरान रास्ते में पुरानी बाजार गांव के समीप एनएच-27 पर पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

बिहार के मजदूर की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। हजारीबाग जिले के पदमा में रामनवमी की रात चंपाडीह बगीचे के पास एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मृतक प्रवीण कुमार कशेरा (31 वर्ष) पिछले सात साल से रोमी में किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करता था। वह बिहार लखीसराय का रहने वाला था। मृतक की पत्नी ने स्थानीय ठेकेदार पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने कहा कि उसके पति नवमी मेला देखने गए थे। इसी दौरान उनकी हत्या कर दी गयी है। मृतक प्रवीण कुमार कशेरा का शव चंपाडीह बगीचा नहर के पास मिला था। अपराधियों ने उसकी पीठ में गोली मारी थी। मृतक की पत्नी ने बताया कि रामनवमी की रात करीब दस बजे मेला देखने की बात कहकर उसके पति घर से निकले थे। वे स्थानीय ठेकेदार रवि मेहता के पास कई वर्षों से काम करते

थे। पैसा बकाया रहने पर उसके पति बार-बार ठेकेदार से पैसा मांगने जाते थे। तब ठेकेदार रवि मेहता गाली-गलौज कर भगा देते थे। घर पर भी आकर धमकी देते थे। उन्हें पूरा शक है कि उन्होंने ही उसके पति की हत्या की है। हत्या की खबर मिलते ही पदमा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव की शिनाख्त की। मौके पर पहुंचे बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि युवक की गोली मारकर हत्या की गयी है। हत्या करनेवाले को पकड़ने के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। जल्द ही घटना में शामिल सभी आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

ससुराल आए व्यक्ति की बेरहमी से हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मधेपुरा। बिहार के मधेपुरा जिले के बिहारीगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध हालात में सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बेतिया निवासी भीम कुमार के रूप में हुई है, जो अपने ससुराल बेलाही वार्ड संख्या 8 स्थित मुन्ना मंडल के घर आए हुए थे। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। भीम कुमार पंजाब में पिकअप चालक के रूप में काम करते थे। कुछ दिन पहले ही उन्होंने एक पुरानी पिकअप खरीदी थी, जिसे लेकर वे बिहार लौटे थे। पत्नी मुन्नी देवी ने बताया कि रविवार रात भीम करौती गांव अपने एक दोस्त से मिलने निकले थे, जिसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और पूरी रात परिवार उनसे संपर्क करने की कोशिश करता रहा।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

रामनवमी पर मोदी सरकार का तोहफा, अयोध्या से माता सीता की सीतामढ़ी तक राम-जानकी मार्ग



पटना, एजेंसी। रामनवमी के मौके पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बिहार को बड़ा तोहफा दिया। माता जानकी की जन्मस्थली सीतामढ़ी को अयोध्या से जोड़ने के लिए राम-जानकी पथ का मार्गरेखन (एलाइनमेंट) मंजूर कर दिया गया है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय की एलाइनमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक में इसे आंशिक संशोधन के साथ हरी झंडी दी गई। मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह भी मौजूद थे। अयोध्या से सीतामढ़ी को जोड़ने के लिए केंद्र सरकार ने पहले ही फोर लेन सड़क बनाने का निर्णय लिया था। राम-जानकी मार्ग बिहार में यूपी-बिहार बॉर्डर के समीप मेहरौना घाट से शुरू हो रहा है। सीवान, सारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर और सीतामढ़ी से होकर गुजरने वाली यह सड़क नेपाल के समीप भिट्ठा मोड़ तक जाएगी।

इस सड़क की चौड़ाई 70 और लंबाई 240 किमी होगी। राम-जानकी पथ में अभी मेहरौना से सीवान का टेंडर हो चुका है। इसकी लंबाई 40 किमी है। इसके निर्माण पर लगभग 1254 करोड़ खर्च होंगे। वहीं, सीवान से मशरख का टेंडर हो चुका है। इसकी लंबाई 52 किमी है। इसके निर्माण पर लगभग 1351 करोड़ खर्च का अनुमान है। मशरख से चकिया, शिवहर, सीतामढ़ी- भिट्ठामोड़ का एलाइनमेंट तय होना था जिसे अब मंजूरी दी गई है। मशरख से चकिया की दूरी 48 किमी है जिसके निर्माण पर 1450 करोड़ खर्च होंगे। वहीं चकिया से शिवहर-सीतामढ़ी- भिट्ठा मोड़ की दूरी 103 किमी है। इसके निर्माण पर 2100 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। केंद्र सरकार की ओर से एलाइनमेंट मंजूर होते ही अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होगी और परियोजना की स्वीकृति ली जाएगी। इसके बाद टेंडर होगा। सरकार की कोशिश होगी कि इस वर्ष हर हाल में इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जाए ताकि ढाई-तीन वर्षों में इसे पूरा कर लिया जाए। इस सड़क में पहले पुनौराधाम को स्पर से जोड़ना था। अब सीतामढ़ी बाईपास का इस तरह निर्माण किया जाएगा कि पुनौराधाम मुख्य सड़क पर ही आ जाएगा। पुनौराधाम के लिए अलग से स्पर बनाने की जरूरत नहीं होगी।

क्या कहते हैं अधिकारी

बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा का कहना है कि राज-जानकी मार्ग बिहार की महत्वपूर्ण सड़क परियोजना है। एलाइनमेंट मंजूर होने के साथ ही अब जमीन अधिग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। इस सड़क के बनने से अयोध्या से सीतामढ़ी का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। इस परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी।

मांझी हुए राममय : रामनवमी के मौके पर जय श्री राम के लगाए नारे

गया, एजेंसी। राम को काल्पनिक बताने वाले केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी अब रामनवमी पूजा समिति के कार्यक्रम में राममय हो गए। हाथ में तलवार, मुख पर जय श्रीराम के जयकारे और विचारों में तुलसीदास की नीति। करीब 10 मिनट तक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का बखान किया। कहा कि आजकल लोग राजा का मुख देखकर बोलते हैं, पर रामायण में तुलसीदास ने साफ कहा है, 'प्रिय बोलिहि आस बस नारी, राजधर्म तनु धरि नर नारी'... मतलब कि राजा हो या आम आदमी, सबको प्रिय नहीं, सही बोलना चाहिए। इसी बहाने इशारों इशारों में उन्होंने एनडीए के दिग्गजों और उनके अंधभक्तों पर तंज कसा। चौंकाने वाली बात यह रही कि कभी राम के अस्तित्व को सवालों में घेरने वाले मांझी ने कहा, मर्यादा पुरुषोत्तम राम के काल में नीच-ऊंच कुछ नहीं था। जब भगवान ने स्वयं वराह (सुअर) अवतार लिया, तो फिर जात-पात और भेदभाव की बात क्यों सच कहना और सही बात पर अडिग रहना ही असली धर्म मांझी ने कहा कि आज के दौर में सच कहना और सही बात पर अडिग रहना ही असली धर्म है। राजनीतिक गलियारों में मांझी के इस बदले रुख को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

संक्षिप्त समाचार

भाजपाइयों ने दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा मुखर्जी को किया याद

गया, एजेंसी। गया शहर में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने काफी उत्साह के साथ भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा फहराया। साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि आर्पित कर उनके जीवन, त्याग और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दुहराया। संगठन कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नगर कार्यालय में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने 1980 में 2 सांसदों से सफर शुरू करने वाली भाजपा लोकसभा में 303 सांसद, राज्यसभा में 101 सांसद और पूरे देश में कुल विधायकों की संख्या 1659 के करीब है। देश के 21 राज्यों में और केंद्र में लगातार तीसरी बार से भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि 46 साल के अथक प्रयास, अनवरत कार्य, सत्य निष्ठा, समर्पण, त्याग और बलिदान की अभूतपूर्व यात्रा तय करने भाजपा कार्यकर्ताओं की मजबूत संगठन है। उन्होंने कहा कि बिहार के 77 हजार बूथों तक पहुंचने का लक्ष्य हम सब को पूरा करना है। हमें सभी बूथ अध्यक्षों के घरों पर भाजपा का झंडा एवं बूथ अध्यक्ष का नेम प्लेट भी लगाना है। 1.57 लाख सक्रिय और 60 लाख सामान्य सदस्यों की सहभागिता भी हमारे सफलता की गारंटी है। हमें केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी और लाभकारी योजनाओं को आपके सहयोग से ही दिलवाना है। एक-एक मतदाताओं तक पहुंचने के लक्ष्य को पूरा करना है। इस अवसर पर भाजपा के कई वरीय नेता और कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

भाजपा का मनाया स्थापना दिवस

सहरसा, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस पुरे जिले में मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर भाजपा का झंडा फहराया। साथ ही रामनवमी मनाया गया। भाजपा जिला कार्यालय पटुआहा में जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यालय में झंडोत्तोलन किया। कार्यालय में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा 6 अप्रैल 1980 को पार्टी की स्थापना की गई थी। प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी बनाए गए थे। उनके नेतृत्व में भाजपा का उत्तरोत्तर विकास होता गया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व का सबसे बड़ा दल 13 करोड़ कार्यकर्ता के साथ सबसे ज्यादा सांसद विधायक भाजपा के साथ है। इस अवसर पर जनसंघ काल से सक्रिय पूर्व जिलाध्यक्ष मदन प्रसाद चौधरी माधव जी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शिवभूषण सिंह, जिला महामंत्री मनोज यादव, जिला मंत्री सीमा झा, महिला मोर्चा सुगामनी देवी, नगर अध्यक्ष साजन शर्मा, आशिष गुप्ता, बिट्टू यादव, अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिला संयोजक अखिलेश कुमार वर्मा, निवर्तमान नगर अध्यक्ष भैरव झा, रणविजय यादव, अखिलेश पांडे, गौरव कुमार गोलू राकेश गुप्ता, प्रदीप झा, अरूण कुमार भगत, मुकेश वर्मा, संजीव साह सहित अन्य मौजूद थे।

गया में करंट लगने से दो नाबालिग की मौत: तार की चपेट में आने से हुआ हादसा

कार्यपालक अभियंता बोलें- समय से कचरा उठता तो ऐसा नहीं होता

गया, एजेंसी। गया के बुनियादगंज थाना क्षेत्र के पटवाटोली में रविवार दोपहर 2:30 बजे हाई टेंशन तार की चपेट में आने से दो किशोरों की मौत हो गई। त्रिदेव मंदिर के पीछे फल्गु नदी किनारे तीन किशोर कचरा बीनने गए थे। इसी दौरान एक किशोर 11 केवीए तार की चपेट में आ गया। दूसरा किशोर उसे बचाने पहुंचा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा किशोर मदद के लिए भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग जुट गए। लोगों ने बताया कि इलाके में कई जगह हाई टेंशन तार नीचे झूल रहे हैं। कई बार स्थानीय जेईई से तार ऊंचा करने की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे पहले भी हादसे हो चुके हैं।

कार्यपालक अभियंता बोलें- समय से कचरा उठता तो ऐसा नहीं होता

इधर विद्युत मंडल मानपुर के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार ने मामले में खुद को बचाने की कोशिश की। विभागीय लापरवाही अनदेखी करते हुए उन्होंने कहा कि अगर समय से कचरा का उठाव हो जाता तो यह हादसा टाला जा सकता था। उनका कहना है कि बिजली के खंभे के पास कचरे का ढेर जमा था, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। इस मामले में जिला प्रशासन भी चुप्पी साधे हुए है।

लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश

घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि



विभाग को बार-बार सूचित करने के बावजूद न तो तार की मरम्मत कराई गई और न ही कोई सुरक्षा उपाय किया गया। नतीजतन एक बड़ी घटना हो ही गई। लोगों ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और पूरे इलाके में बिजली के तारों की जांच और मरम्मत की मांग की।

अभी तक नहीं हो सकी है पहचान

लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ गुस्सा है। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। आशंका है कि दोनों किशोर इकबाल नगर या बृजेश नगर झोपड़पट्टी के हो सकते हैं। सूचना मिलते ही स्ढ्ढ दीपक कुमार और स्ढ्ढ धन्नू कुमार सिंह दल-बलके साथ मौके पर पहुंचे। कागजी कार्रवाई के बाद शवों को मगध मेडिकल अस्पताल भेजा गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बच्चों की पहचान होते ही शव उनके परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

युवक की गोली मारकर हत्या

वहीं दूसरी ओर देर शाम चंदौती थाना क्षेत्र के जमुने के पास एक बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक सन्नी, गांधी नगर का रहने वाला था। युवक का शव बाइक के पास ही सड़क पर पड़ा था। राहगीरों ने हादसा बताते हुए चंदौती पुलिस को सूचना दी थी। चंदौती पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। हालांकि सूत्रों का कहना है कि सन्नी को उसके दोस्त ने ही कनपटी में गोली मारी है। वहीं परिजनों का भी आरोप है कि सन्नी की हत्या की गई है।

रामनवमी : श्रीराममय हुई विष्णुनगरी, प्रभु के जयकारे से गूंजता रहा शहर

गया, एजेंसी। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर रविवार को पूरा शहर भगवामय रहा। विष्णुनगरी राममय हो गयी। प्रमुख हनुमान मंदिरों में रामभक्तों की भीड़ रही। मंदिर से लेकर घरों में पूजा-अर्चना के बाद भगवा ध्वज फहराए गए। विष्णुपद मंदिर से लेकर शहर का पूरा इलाका श्रीराम के रंग में सराबोर रहा। श्री रामनवमी पूजा के पावन मौके पर इस बार विशाल शोभा यात्रा निकली। रविवार की दोपहर बाद जब शहर में गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकली तो रामभक्तों का कारवां झूम उठा। सजा दो घर ये गुलशन सा अवध में राम आए हैं, रामजी की निकली सवारी, श्रीराम-जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, भारत माता का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगा आदि गानों से शहर गुंजायमान होता रहा। श्रद्धा, उत्साह व पारंपरिक शस्त्रों से लबरेज रामभक्तों के जय श्रीराम के जयकारे से शहर देर रात तक गूंजता रहा। इस बार शहर में सुरक्षा बेहद कड़ी रही।

तरह-तरह की झांकी, दूसरे प्रदेशों के कलाकार के प्रदर्शन ने किया मंत्रमुग्ध : श्रीरामनवमी पूजा केंद्रीय समिति की ओर से आजाद पार्क के पास भव्य स्वागत मंच बनाया गया। उद्घाटन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार सहित समिति के पदाधिकारियों ने किया। यहां आए विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची शोभा यात्रा में शामिल रामभक्तों का स्वागत किया गया। एकजुट होने के बाद केंद्रीय समिति के बैनर तले शहर के करीब 115 भगवा ध्वज, गाजे-बाजे व आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभा यात्रा के बाद पूरा नगर श्रीराम की भक्ति में सराबोर होकर भगवामय हो गया। शोभा यात्रा पर कहीं फूल बरसाए गए तो कहीं श्रीराम व हनुमान भक्तों को शर्बत-पानी पिलाकर स्वागत किया गया। श्रीराम दरबार की झांकी बेहद खास रही। श्रीराम की और हनुमान जी की भी भव्य प्रतिमाएं भी शोभा यात्रा में दिखीं। श्रीराम दरबार, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण की चैतन्य झांकी गीतों पर झूमती रही। आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे केरल, उज्जैन, महाराष्ट्र, कोलकाता, वाराणसी, तामिलनाडु, आसाम, करनाल हरियाणा, लखनऊ आदि प्रदेशों से आए कलाकारों के प्रदर्शन खूब सराहे गए। पहली बार थाईलैंड की विशेष कलाकृति वाली झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। भक्ति गीतों पर कलाकारों का मनोहर नृत्य लोगों को खूब भाए।

कलाडी पट्टु, अघोरी नृत्य और ढोल-नगाड़ा पर झूमते रहे श्रीराम भक्त : विष्णुपद से अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू युवा संघ (सूर्यकुंड) की ओर से आकर्षक व भव्य शोभा यात्रा निकली। इस बार श्रीराम दरबार की झांकी के साथ केरल के कलाडी पट्टी योद्धाओं का समूह, महाराष्ट्र के ढोल-नगाड़े, उज्जैन के कलाकारों डमरू वाले व बनारस के कलाकारों ने अघोरी नृत्य पेश किया। युवतियों ने खूब करतब दिखाए। विष्णुपद में महाराष्ट्र से आए छोटे-छोटे बच्चे के हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। समिति की केंद्रीय कमेटी की शोभा यात्रा में महिलाओं ने तलवारबाजी की। इसी तरह बैरागी पावरगंज से हिन्दू संघ की ओर से निकाली गयी शोभा यात्रा में आकर्षक कुटिया में विराजमान श्रीराम दरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। नवयुवक संघ, नादरागंज मल्लाह टोली से श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं के साथ के शोभा यात्रा निकली। महिलाओं की भीड़ अधिक रही। महिलाएं दीपक जलते हुए कलश सर पर लिए शामिल रहीं। इसी तरह कई अन्य इलाकों से भी महिलाओं की टोली झूमते-गाते शोभा यात्रा में शामिल रहीं। कोयरीबारी से निकली शोभा यात्रा में श्रीराम दरबार की चैतन्य झांकी रही।

श्रीराम रंग में सराबोर करते देर रात विष्णुपद पहुंची शोभा यात्रा

आजाद पार्क से शाम श्रीरामनवमी पूजा समिति के बैनर तले गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा शाम में निकली। पारंपरिक अस्त-शस्त्र के निकले श्रद्धालुओं शोभा यात्रा में श्रीराम के जयकारे लगाते रहे। रास्ते भर में विभिन्न संगठनों की ओर से रामभक्तों का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा जिन-जिन मार्गों से गुजरी पूरा इलाका श्रीराम और हनुमान के रंग में सराबोर हो गया। देर रात विष्णुपद पहुंचकर शोभा यात्रा का विधिवत समापन हुआ। विष्णुपद में एक बार फिर प्रमोद लड्डू भंडार की ओर से आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ की बैठक



बेगूसराय, एजेंसी। अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ के जिला इकाई की बैठक कर्मशील भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार अमरनाथ ने किया है। बैठक में जिन प्रखंडों में कार्यकारिणी का गठन नहीं हुआ है। वैसे प्रखंडों में जल्द से जल्द कमिटी गठित करने एवं आर्थिक रूप से संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया है। इसके साथ ही 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती की तैयारी को लेकर उपस्थित सदस्यों ने अपने विचारों को रखा। इसको लेकर जिला सचिन अभिनंदन रजक ने बताया कि बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलकर ही अपने समाज को आगे बढ़ाना है। शिक्षा से ही लोगों को अच्छे मुकाम हासिल हुए हैं। शिक्षा के बल पर ही चपरासी से लेकर आईएएस, आईपीएस बने है। बैठक में उपाध्यक्ष कृष्ण दास, संयुक्त सचिव विपिन कुमार, नीरज कुमार, प्रमोद कुमार आदि थे।

मुसलमानों को भ्रमित कर रहा राजद, वक्फ कानून सियासत पर जदयू बोली- 5 काम गिना दें

पटना, एजेंसी। वक्फ बिल लोकसभा और राज्यसभा से पास होने और राष्ट्रपति से मंजूरी मिल जाने के बाद कानून में बदल चुका है। लेकिन इस पर सियासी संग्राम खत्म होती नहीं दिख रही। इसका विरोध करने वाली पार्टी राष्ट्रीय जनता दल(राजद) को जेडीयू ने बड़ी चुनौती दी है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि राजद की राजनीति का



आधार ही अल्पसंख्यकों को भ्रमित करना और उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करना रहा है। अल्पसंख्यक हितों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने वाली राजद सरकार ने 15 वर्षों के शासन में कोई ऐसा पांच काम नहीं किया, जिसे उपलब्धि के रूप में गिनाया जा सके। राजद का कहना है कि इस बिल को बिहार में लागू नहीं होने देंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनी तो इसे कुड़ेदान में डाल देंगे। रविवार को जारी बयान में उमेश कुशवाहा ने कहा कि जब भी अल्पसंख्यकों के वास्तविक हितों की रक्षा और उनकी सशक्तीकरण की बात होगी, तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। बीते 19 वर्षों में नीतीश सरकार द्वारा उर्दू शिक्षकों की बहाली, मदरसा शिक्षकों को वेतनमान, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना, तालिमी मरकज़ की स्थापना तथा मदरसों के समुचित विकास जैसे ठोस कदम उठाए गए हैं। जदयू नेता ने बताया कि हमारी सरकार में अब-तक आठ हज़ार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई है, जो अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के प्रति हमारे नेता की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आगे भी सरकार इनके लिए बहुत कुछ करने वाली है। यह भी कहा कि वक्फ कानून से मुसलमानों कि हित कहीं से असुरक्षित नहीं रहेगा। हमारी पार्टी ने बिल में कई सुझाव दिया से मान लिया गया।

दरअसल इसी साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल सतर्क हैं। अल्पसंख्यक(मुस्लिम) आबादी का वोट हासिल करने करने के लिए पार्टियों में होड़ मची है। मुसलमानों का हितैषी बताने में कोई किसी से पीछे नहीं रहना चाहता।

गया में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत:तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

गया, एजेंसी। गया के बेलागंज थाना क्षेत्र के सिलौंजा मोड़ पर रविवार की शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कोरमथु गांव निवासी चितरंजन कुमार (45) के रूप में हुई है। हादसे के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को शव कब्जे में लेने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

सिलौंजा मोड़ के पास हुआ हादसा : दरअसल, चितरंजन कुमार बेलागंज स्थित अपने दूसरे घर से बाइक पर सवार होकर गया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सिलौंजा मोड़ के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। चितरंजन की मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों ने पुलिस को शव उठाने से रोका : हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस ने जब शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया, तो लोगों ने परिजनों के आने तक शव उठाने से रोक दिया। इस दौरान सड़क के एक लेन पर कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा। कुछ देर बाद जब चितरंजन के परिजन पहुंचे, तब पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया भेजा। मौके पर पहुंचे सीओ गजानन मेहता और बी.डी.ओ डॉ. राघवेंद्र कुमार शर्मा ने



हालात का जायजा लिया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि परिजनों के लिखित आवेदन पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस तेज रफ्तार वाहन की तलाश में जुट गई है।

बिहार में अनट्रेंड प्राइवेट गार्ड नहीं चलेंगे, गृह विभाग की नियमावली जारी



पटना, एजेंसी। बिहार में प्राइवेट सुरक्षा गार्ड का चलन बढ़ गया है। व्यक्तिगत, संस्था या शादी और अन्य समारोहों में इनकी तैनाती की जाती है। इसे देखते हुए बिहार निजी सुरक्षा अभिकरण नियमावली 2025 तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गयी है। राज्य में अब निजी सुरक्षा में भी निर्धारित शारीरिक मापदंड रखने वाले प्रशिक्षित गार्ड ही चलेंगे। अप्रशिक्षित गार्ड रखने पर रोक लगा दी गई है। राज्य सरकार ने निजी सुरक्षा कारोबार में लगी एजेंसियों को सुरक्षाकर्मियों के नियोजन में निर्धारित शारीरिक मापदंड का पालन करने के साथ ही सुरक्षा कार्य में लगाने से पहले उनको विधिवत मानक प्रशिक्षण दिलाना अनिवार्य कर दिया है।

ट्रेनिंग के लिए मानक तय कर दिए गए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी इस नियमावली में सुरक्षा का कारोबार करने वाली सभी एजेंसियों के लिए कई नये प्रावधान किये गये हैं। इनका पालन निजी गार्ड मुहैया कराने वाली एजेंसियों को करना होगा। अनुपालन नहीं करने वाली एजेंसियों पर गृह विभाग कार्रवाई करेगा। उन्हें एजेंसी चलाने का लाइसेंस ही जारी नहीं हो सकेगा। नियमावली के मुताबिक निजी सुरक्षा एजेंसियों में अब 160 सेमी कद और 80 सेमी सीना माप रखने वाले पुरुष गार्ड ही रख सकेंगे। महिला गार्डों के मामले में कद 150 सेमी जबकि कोई सीना माप नहीं रखी गयी है। नेत्र और श्रवण दोष से मुक्त जबकि छह मिनट में एक किमी दौड़ने की क्षमता युक्त होने चाहिए। हर 12 महीने पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।

सात दिन से 20 दिन की अवधि का प्रशिक्षण

नियमावली में निजी सुरक्षा गार्डों के लिए प्रशिक्षण की अनिवार्यता रखी गयी है। नेशनल स्किल क्वालिटी फ्रेमवर्क के अनुरूप गृह विभाग विस्तृत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करेगा। प्रारंभिक स्तर पर यह प्रशिक्षण न्यूनतम 20 दिनों की अवधि का होगा। इस दौरान न्यूनतम 100 घंटे की कक्षा में शिक्षण तथा 60 घंटे का फील्ड प्रशिक्षण होगा। भूतपूर्व सैनिक और पूर्व पुलिस को केवल सात दिन का पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। इसमें न्यूनतम 40 घंटे में शिक्षण और 16 घंटे का फील्ड प्रशिक्षण होगा।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 07-04-2025 22:08 Page 1

सर्च ऑपरेशन के दौरान हथियारों का जखीरा बरामद

नक्सली भागे, अभियान जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

लखीसराय। लखीसराय के मनियारा जंगल में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक बड़ी नक्सली साजिश को नाकाम कर हथियारों का भारी जखीरा बरामद किया है। यह कार्रवाई पीरीबाजार थाना क्षेत्र के कठोतिया, मनियारा और हदहदिया के जंगलों में चलाए गए विशेष सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई।

गुप्त सूचना के आधार पर इस अभियान को अंजाम दिया गया। सुरक्षा बलों को इनपुट मिला था कि नक्सली किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं और इसके लिए जंगल में हथियार छुपाए गए हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस और एसएसबी की टीम ने पूरे क्षेत्र में गहन तलाशी अभियान चलाया।

जानकारी के मुताबिक, तलाशी के दौरान टीम को जमीन के नीचे छिपाकर रखे गए घातक हथियार और विस्फोटक सामग्री मिली। बरामद सामानों में एक मास्केट, आठ जिंदा कारतूस, 13 नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, साथ ही नौ लेवी बुक, इंसास और एलएमजी की मैगजीन शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि नक्सली इन हथियारों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों या आम नागरिकों पर हमले के लिए कर सकते थे। सुरक्षा बलों ने अत्यंत सतर्कता और सावधानी से इन हथियारों को बरामद किया, जिससे किसी भी तरह का हादसा टल गया।



इस ऑपरेशन के दौरान कोई भी नक्सली मौके पर नहीं पकड़ा गया। सभी जंगल के भीतर से फरार हो गए। हालांकि एसपी अजय कुमार ने बताया कि नक्सलियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी जारी है। एसपी ने यह भी कहा कि इस ऑपरेशन से स्पष्ट है कि नक्सली एक बार फिर इलाके में अपने नेटवर्क को सक्रिय करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस की समय रहते हुई कार्रवाई से उनकी योजना विफल हो गई।

एसपी अजय कुमार ने स्पष्ट किया कि नक्सलियों के खिलाफ यह अभियान अब और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में शांति, सुरक्षा और विकास को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सघन निगरानी और गश्त बढ़ा दी गई है।

डॉ. शेखर ने खोजी निमोनिया की नई दवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जर्मनी में रहकर रिसर्च कर रहे शहर के विज्ञानी डॉ. आदित्य शेखर ने निमोनिया के इलाज के लिए एक नई दवा खोजी है। वह वहां के एक अंतरराष्ट्रीय रिसर्च टीम में शामिल हैं। नई दवा स्टैफिलोकोकस आरियस नामक बैक्टीरिया से होने वाले जानलेवा फेफड़ों के निमोनिया से बचाव करेगी।

इसकी जानकारी डॉ. आदित्य के पिता सदर अस्पताल के वरीय हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेंदु शेखर ने दी। बताया कि यह दवा बैक्टीरिया को नहीं मारती, बल्कि बैक्टीरिया द्वारा उत्पादित एक प्रमुख हानिकारक टाक्सिन को बेअसर कर देती है। दरअसल, टॉक्सिन से ही बैक्टीरिया फेफड़े की विभिन्न कोशिकाओं को नष्ट कर देता है। नई दवा से टाक्सिन बेअसर हो जाएगा। इससे बैक्टीरिया रोगजनक क्षमता खो देगा।डॉ. शेखर की यह खोज एक अंतरराष्ट्रीय जर्नल सेल प्रेस में प्रकाशित हुई है। टीम को इसका पेटेंट भी मिल चुका है। चूहों पर किए गए प्रयोगों में यह दवा प्रभावशाली साबित हुई और जानलेवा संक्रमण से उन्हें बचाया गया।

निगरानी के हत्थे चढ़ा डाटा आपरेटर

अंचल कार्यालय में अफरातफरी, कई अन्य कर्मी भी हैं रडार पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



हाजीपुर। बिदुपुर अंचल कार्यालय में निगरानी टीम ने छापेमारी कर घूस लेते डाटा एंट्री ऑपरेटर को गिरफ्तार किया। डाटा एंट्री ऑपरेटर आदित्य कुमार को निगरानी की टीम गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। बताया गया कि डाटा एंट्री ऑपरेटर आदित्य कुमार ने दाखिल खारिज के लिए 20 हजार रुपये की डिमांड की थी।

जानकारी के मुताबिक, निगरानी टीम आरोपी आदित्य कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई के लिए पहले से योजना बनाई गई थी। शिकायतकर्ता की सूचना के आधार पर निगरानी विभाग ने जाल बिछाया था। इस कार्रवाई से जिला प्रशासन और अंचल कार्यालय के अन्य कर्मचारियों में भी हड़कंप मच गया है। निगरानी विभाग की टीम अब पूरे मामले की जांच में जुट गई है। 12 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ निगरानी टीम ने गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के बाद अंचल कार्यालय में अफरातफरी मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार बिदुपुर प्रखंड अंतर्गत मथुरा पंचायत के सरपंच शैलेंद्र सिंह ने निगरानी विभाग में दाखिल खारिज के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर के द्वारा 20 हजार रुपए घूस मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज करने के बाद निगरानी की टीम के द्वारा जांच पड़ताल की गई। उसके बाद निगरानी की टीम ने 12 हजार रुपए लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब हो कि 14 नवंबर 2024 को वैशाली जिले के नगर थाने में तैनात दरोगा पूनम कुमारी को 10 हजार घूस लेते निगरानी ने रंगे हाथ पकड़ लिया था।

17 जनवरी 2025 को निगरानी की टीम ने उधान के सहायक निदेशक शशांक कुमार एवं कार्यालय के कर्मी अरविंद झा को सात हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ लिया था।

आपस में भिड़े कांग्रेसी नेता

▸ कार्यकर्ता को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा ▸ गालियों की भी हुई बौछार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिहार दौरे पर हैं। उनकी यात्रा के बीच कांग्रेस के नेता आपस में भिड़ गए। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी वायरल हो रहा है।

वीडियो में रीगा के पूर्व कांग्रेस विधायक टुन्ना सिंह किसी कांग्रेस कार्यकर्ता को दौड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान सदाकत आश्रम परिसर में ही दोनों गिर जाते हैं फिर पूर्व विधायक भाग रहे युवक को पीटने लगते हैं। इस दौरान बिहार कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य अखिलेश प्रसाद सिंह गेट के बाहर थे। बताया जा रहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का भाषण सुन जोश में आए एक पूर्व विधायक ने कांग्रेसी की ही धुनाई कर दी। कुछ अन्य कांग्रेसी भी पूर्व विधायक का साथ दे रहे थे।

पिटाई के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता भाग खड़े हुए। यह सब सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम के



परिसर में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आश्रम के हॉल में राहुल गांधी भाषण दे रहे थे। अन्य लोगों के साथ सीतामढ़ी जिला के रीगा के पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना भी तन्मयता से भाषण सुन रहे थे।

उसी समय कार्यकर्ता रविरंजन की गतिविधियों से उनका ध्यान भंग हो गया। टुन्ना के अनुसार वह युवक पाकिटमारी कर रहा था। जेब में हाथ डाल दिया था। हमने मना किया तो उलझ गया।

राहुल के भाषण तक पूर्व विधायक चुप रहे। भाषण समाप्त हुआ। कार्यकर्ता तेजी से निकला।पूर्व विधायक ने पीछा किया। कार्यकर्ता दौड़ने लगा। पूर्व विधायक भी दौड़े। कार्यकर्ता को पकड़ कर एक हाथ चलाते ही वह स्वयं भी गिर गए। पकड़ ढीली हुई तो कार्यकर्ता आगे निकल गया। लेकिन, इस दौरान भी दो-चार लोगों ने अपना हाथ साफ कर लिया।

इस क्रम में मां-बहन की गालियों की बौछार भी होती रही। कार्यकर्ता की अच्छी पिटाई हो गई। इससे ठीक पहले प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह आश्रम से निकले थे। मारो-पकड़ो की आवाज सुन कर वह भी खड़े हो गए। कार्यकर्ता का नाम रविरंजन बताया गया है। रविरंजन के अनुसार उसकी पिटाई पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. अखिलेश सिंह का समर्थक होने के कारण की गई।

महिला ने दो बच्चों संग खाया जहर, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मधेपुरा। मधेपुरा में पारिवारिक विवाद में एक महिला ने अपने दो बच्चों संग जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना मुरलीगंज थाना क्षेत्र के बेलोडीह वार्ड तीन की घटना है। मृतक बेलोडीह वार्ड चार निवासी राजेश राम की पत्नी चंदन देवी (26), राजकुमारी (5), रागिनी (3) है। बताया जा रहा है कि रविवार को पति पत्नी के बीच किसी बात लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद पत्नी ने अपने दो बच्चे के साथ जहर खाकर ली। शाम में जब पति मजदूरी कर घर पहुंचा तो घटना की जानकारी मिली।

बताया जा रहा है कि रविवार को किसी घरेलू बात को लेकर पति-पत्नी के बीच बहस हुई थी। यह विवाद इतना बढ़ गया कि आहत होकर चंदन देवी ने आवेश में आकर यह आत्मघाती कदम उठा लिया। उसने पहले अपने दोनों बच्चों को जहर खिलाया और फिर स्वयं भी जहर का सेवन कर लिया। इसके बाद वह खेत में गेहूं काटने के लिए चली गई। खेत में जब चक्कर आने लगा तो वह घर लौट गई। स्थानीय लोगों के अनुसार पति-पत्नी के बीच अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर कहासुनी होती रहती थी, लेकिन किसी ने कभी यह अंदेशा नहीं लगाया था कि यह विवाद इतना भयंकर रूप ले लेगा। पीड़ित परिवार को संवेदना देने के लिए आसपास के लोग जुटे हुए हैं, लेकिन तीन जिंदगियों के इस असमय अंत ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही मुरलीगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस महिला के मायके से परिजनों के आने का इंतजार कर रही है। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। मुरलीगंज थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। फिलहाल आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

हत्या मामले में महिला गिरफ्तार

बिहारशरीफ। एकंगरसराय स्थानीय थाना क्षेत्र के खरज्जमा गांव निवासी बिजेंद्र प्रसाद की गड़ेरिया बीघा में संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत के नौ महीने बाद आखिरकार इस मामले में एक बड़ी कार्रवाई हुई है।

एकंगरसराय थाना पुलिस ने कांड में नामजद आरोपित संजू देवी को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी रिपोर्ट में मृतक के भोजन में जहरीला पदार्थ पाए जाने की पुष्टि के बाद की गई है। घटना के उपरांत मृतक के पुत्र जयप्रकाश मुन्ना ने एकंगरसराय थाने में कांड संख्या 109/24 दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उनके पिता ने गड़ेरिया बीघा निवासी ओमप्रकाश कुमार और उनकी पत्नी संजू देवी के साथ साझेदारी में अगरबत्ती फैक्ट्री शुरू की थी, जिसमें उन्होंने भारी पूंजी निवेश किया था।

उन्होंने दावा किया था कि इस व्यापारिक लेन-देन के कारण उनके पिता की सुनियोजित तरीके से हत्या की गई। उन्होंने यह भी बताया था कि उनके पिता की मौत की सूचना संजू देवी ने ही फोन कर दी थी इस मामले में ओमप्रकाश कुमार, संजू देवी और उनके पुत्र सचिन कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

अज्ञात अपराधियों ने की युवक की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। बिहार के गया जिले में अपराधिक वारदातों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में रविवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है।

घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। यह वारदात चंदौती थाना क्षेत्र के यमुने गांव के निकट की है। मृतक की पहचान डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी नवादा गांधी चौक के रहने वाले इंदल पासवान के 36 वर्षीय पुत्र कारू पासवान के रूप में हुई है।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। साथ ही पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश का लग रहा है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। युवक की पहचान कारू पासवान के रूप में हुई है।

पुलिस का कहना है कि कारू पासवान की गोली मारकर हत्या कर देने की सूचना मिली। जब छानबीन करने पुलिस मृत युवक के आवास पहुंची तो जानकारी मिली कि चंदौती थाना क्षेत्र के यमुने गांव के समीप बीएड कॉलेज के पास कुछ हादसा हुआ है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सड़क हादसे में कारू पासवान की मौत हुई है। परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। लेकिन, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा कि कारू पासवान की मौत कैसे हुई है।

छानबीन में जुटी पुलिस

परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। सोमवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर के प्रांगण में वार्षिक रिजल्ट का वितरण अभिभावकों तथा शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। तकरीबन 70% अभिभावक अपने बच्चों का रिजल्ट लेने के लिए स्कूल प्रांगण में उपस्थित थे। मौके पर स्कूल के निदेशक कुमार अनूप ने बेहतर परिणाम के कारण बताते हुए कहा कि हम ने जितने भी गाइडलाइंस दिए, हमारे सभी शिक्षकों ने उसका शत-प्रतिशत पालन किया। आज का कार्यक्रम सफल पूर्वक शुरू हुआ, इसमें हमारे कोऑर्डिनेटर कुमार आर्यन का पूर्ण सहयोग रहा। रिजल्ट वितरण की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद दबीर आलम के अभिभाषण से हुआ। अपने वक्तव्य में प्राचार्य ने तीन बातों का खास तौर पर उल्लेख किया। सभी छात्र-छात्राओं में रिजल्ट के प्रति उत्साह देखने को मिला ।

रिश्ते के दादा ने ही कराया था युवती पर एसिड अटैक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। उम्र पिता से कुछ कम। रिश्ता, पिता से एक दर्जा ऊपर। मगर, नजर सड़क छाप लफंगे वाली। नतीजा- सोयी अवस्था में 24 साल की लड़की के चेहरे पर एसिड अटैक। बेगूसराय के बखरी तेजाब कांड की यह हकीकत एक घिनौने सच पर आकर खत्म हुई। ऐसा सच, जिसे स्वीकार करना बेहद मुश्किल है। उसके लिए भी, जो इसका नतीजा भुगत रही है। लड़की उसी वंश की है, जिसका वह। कुछ पुश्तों की दूरी है। लेकिन, लड़की उसे रिश्ते से ही दादा ही कहती थी। उस शख्स ने उस रिश्ते की मयार्दा रखी और न वंश का मान। रिश्ते की पोती पर बुरी नजर थी। शादी की बात चलने लगी तो गुस्से में उसने एक दूसरे युवक की मदद से उसपर सोयी अवस्था में तेजाब फेंकवा दिया। रविवार से बिहार की राजनीति में हंगामा मचाने वाली इस खबर की पुलिस ने प्राथमिक जांच पूरी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

जिस समय से बेगूसराय में भाजपा के नेता की बेटी पर एसिड अटैक की खबर निकली, तभी से हंगामा मचा हुआ है। बेगूसराय का बखरी अचानक खबरों में आ गया। कई नेताओं की गाड़ियों ने उधर का रुख कर लिया तो कई पहुंचने की तैयारी में थे। इसी बीच पुलिस ने तेजी से काम करते हुए एसिड अटैक कांड की जांच करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि शनिवार की रात बखरी थाना क्षेत्र के नगर परिषद वार्ड नंबर 23 में सोयी अवस्था में 24 साल की एक युवती पर तेजाब फेंक उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था। कांड की जांच में सामने आया कि रिश्ते में लगने वाला और घर की दीवार से सटे मकान में रहने वाले अंजनी सिंह की उस लड़की पर बुरी नजर थी। वह लड़की की शादी नहीं होने देना चाहता था। जब उसे लगा कि लड़की रिस्पांस नहीं दे रही है तो उसने अपने एक साथी को उसपर एसिड अटैक करने के लिए कह दिया।

एसपी मनीष कुमार ने बताया है कि एसिड के बोतल के साथ तेजाब फेंकते समय अभियुक्त महबूब आलम उर्फ फुलटूस के शरीर पर रहे कपड़े- शर्ट, पैंट, मफलर, जूते को भी बरामद किया गया है। उसके दो मोबाइल को भी पुलिस ने जब्त किया है। एसिड फेंकने वाला महबूब गांव में अपने दोस्त सोनू कुमार के घर में छिपा था। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस को उसका हुलिया मिला और फिर पूछताछ करते हुए उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एसिड का बोतल बखरी स्थित कानू टोला में नाला के निकट केला के जड़ के पास से बरामद किया गया। पुलिस ने जब महबूब से कड़ी पूछताछ की तो उसने पूरे कांड का उद्भेदन कर दिया। उसने ताया कि अंजनी कुमार सिंह उस लड़की से एकतरफा प्यार करता था। वह भाव नहीं दे रही थी, इसलिए एसिड फेंकने के लिए कहा। अंजनी ने भी गिरफ्तारी के समय पूरे घटनाक्रम को स्वीकार कर लिया।

विस्कोमान बनेगा आईटी पार्क

मंत्री ने 10 नयी स्टार्ट अप कंपनियों को चाबी सौंपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राज्य के सूचना एवं प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने सोमवार को बिस्कोमान भवन में राज्य की 10 नई स्टार्ट अप कंपनियों को निःशुल्क आफिस स्पेस उपलब्ध कराया।ये स्पेस बिस्कोमान टावर की नौवीं और 13वीं मंजिल पर स्थित है। उन्होंने आइटी सेक्टर के उद्यमियों को दफ्तर की चाबी भी सौंपी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार आइटी नीति-2024 के तहत पहले से ही निवेशकों को पूंजीगत निवेश और रोजगार सृजन के अवसर दिए जा रहे हैं।

इस नीति के तहत निवेशकों को पूंजी निवेश सब्सिडी, ब्याज अनुदान सब्सिडी, लीज रेंटल सब्सिडी, विद्युत बिल सब्सिडी, रोजगार सृजन सब्सिडी जैसे कई लाभ दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए हमें स्टार्ट अप को बढ़ावा देना होगा।

आने वाले समय में बिस्कोमान टावर अत्याधुनिक आइटी पार्क का सेंटर बनेगा, जहां विभिन्न स्टार्टअप कंपनियों का दफ्तर बनेगा।

कार्यक्रम में विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह और विशेष सचिव अरविन्द कुमार चौधरी समेत कई लोग उपस्थित थे।इस मौके पर उन्होंने हाईप्रोटेक इंडिया टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड, ग्रीन स्टार्क इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लिमिटेड, फ़्लो एपीआइज प्राइवेट लिमिटेड, सेवासिटी टेक्नोटाजी प्राइवेट लिमिटेड, स्कास टेक्नोलाजिज प्राइवेट लिमिटेड, आस्टोमवर्स इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड, मोमेंटम प्लस ऑनलाइन टेक्नोलाजी, पालीट्रॉपिक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, मकासा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और एचपीएफ वेंचर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी मौजूद थे।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/659, दिनांक 04.04.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3339, कार्य का नाम** : 1) "एईएन/कटवा के अधीन अहमदपुर-कटवा शाखा में किमी.37/1-2 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 14/सी/ई के स्थान में सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) के निर्माण" से संबंधित विद्युत (सा.) कार्य। 2) "एईएन/बैण्डेल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बैण्डेल में ब्रिज सं. 77 के दोनों एप्रोचों की रूफ कवरिंग की व्यवस्था, सम्प की सफाई के साथ जल भंडारण जलाशय, दोनों छोर पर जल निकासी व्यवस्था आदि द्वारा मौजूदा सबवे के उन्नयन के साथ सुधार से संबंधित विद्युत (साधारण) कार्य" 3) "एडीईएन/बैण्डेल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ब्रिज सं. 87 एवं 98ए के दोनों एप्रोचों की रूफ कवरिंग की व्यवस्था, सम्प की सफाई के साथ जल भंडारण जलाशय, दोनों छोर पर जल निकासी व्यवस्था आदि द्वारा मौजूदा सबवे के उन्नयन के साथ सुधार से संबंधित विद्युत (साधारण) कार्य" **निविदा मूल्य :** रु. 47,74,532/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु.95,500/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3381-आर, कार्य का नाम** : (1) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत चतरा गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के संबंध में चतरा के लिए विद्युत (साधारण) कार्य। (2) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत राजग्राम पब्लिक साइडिंग गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत (साधारण) कार्य। (3) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत सांइथिया गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत साधारण कार्य। (4) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत कुलापहाड़ी (तिलभीटा) गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत साधारण कार्य। (5) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत पाकुड़ गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत साधारण कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 3,66,87,969/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु.3,33,400/-, **समापन अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 25.04.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-08/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

अस्त्र-शस्त्र एवं खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। रामनवमी महोत्सव के अवसर पर आश्रम मैदान में परंपरागत मेला का आयोजन किया गया। मेला में ग्रामीण मंडलियों के बीच अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों एवं महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओ दीपेश कुमारी, विशिष्ट अतिथि डीसीएलआर अरविंद कुमार ओझा व बीडीओ मौजूद थीं। मौके पर एसडीओ ने खूंटी में शांतिपूर्ण रामनवमी के समापन पर केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी संप्रदाय के पर्व-त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारगी के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जाना चाहिए। साथ ही उक्त अवसरों पर असमाजिक तत्वों द्वारा फैलाये जाने



वाले अफवाहों से दूर रहने की आवश्यकता होती है। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि से तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को अवगत कराया जाना चाहिए। उन्होंने रामनवमी की शोभा यात्रा के दौरान खूंटी में विधि-व्यवस्था संधारण करने में केंद्रीय रामनवमी महासमिति को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इससे पूर्व केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष अनूप कुमार साहू एवं महामंत्री जितेंद्र कशयप ने अतिथियों को चुनरी व तलवार भेंटकर सम्मानित किया। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर केंद्रीय रामनवमी महासमिति के वरीय पदाधिकारी ज्योतिष भगत, सुनील साहू, लव चौधरी, कृष्णानंद तिवारी, जयप्रकाश भाला, रंजीत प्रसाद, आनंद राम, नीरज चौरसिया, श्रीकांत चौधरी सहित काफी संख्या में अन्य उपस्थित थे।

शिक्षिका की संदिग्ध मौत

समस्तीपुर। मोहिउद्दीन नगर के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से और मौत के कारणों पता लगाए। मृत शिक्षिका की पहचान रोहतास जिले के सासाराम स्थित मोहद्दीगंज गांव की निवासी डिंपल कुमारी (28) के रूप में की गई। वह वर्ष 2023 से मोहिउद्दीन नगर के सर्दभैरों गांव स्थित एक प्राइमरी स्कूल में कार्यरत थी।

मृत शिक्षिका के छोटे भाई राजेश कुमार ने बताया कि दीदी (डिंपल कुमारी) ने मोहिउद्दीन नगर के सुधीर कुमार झा के मकान में किराए पर रह रही थी। यहीं से वह स्कूल आती और जाती थी। पहले छोटी बहन भी दीदी के साथ रहती थी। होली में दोनों घर आईं। छोटी बह घर पर रह गई। दीदी समस्तीपुर लौट आई। इसी बीच रविवार रात मकान मालिक ने मुझे फोन पर बताया कि डिंपल की तबीयत खराब है। जब मैं अपने चचेरे भाई के साथ वहां पहुंचा तो देखा दीदी बेहोश थी। उन्हें तुरंत सदर अस्पताल में लाया जा रहा था। रास्ते में उनकी मौत हो गई।

मुखिया के घर मिला हथियारों का ढेर

प्रतिबंधित हथियार सहित दो हैण्ड ग्रेनेड भी बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आरा। बिहार में लोकतंत्र की डोर जिसके हाथों में है, अगर वही अपराध का जाल बिछाने लगे तो फिर आप क्या कहेंगे। जी हां, कुछ ऐसा ही मामला भोजपुर में भी सामने आया है, जहां पुलिस ने एक महिला मुखिया के घर से प्रतिबंधित हथियार 147, दो हैंड ग्रेनेड, 4 मैगजीन और 43 गोलियों सहित नगद रुपये बरामद किया है। इस दौरान महिला मुखिया के पति उपेन्द्र चौधरी को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गिरफ्तार आरोपी के छोटे भाई और महिला मुखिया के देवर कुख्यात बुटन चौधरी पुलिस की आने की भनक लगते ही फरार हो गये। पुलिस को यह सफलता उदवंतनगर थाना के बेलाउर गांव में कल देर रात छापेमारी के दौरान मिली है।

इस बात की जानकारी भोजपुर एसपी मिस्टर राज ने प्रेस वार्ता के दौरान दी है।

हालांकि पुलिस ने बरामद हथियार और नगद रूपए के मामले में नामजद आरोपी के रूप में मुखिया पति उपेन्द्र चौधरी और उनके भाई कुख्यात बुटन चौधरी पर एफआईआर दर्ज कर रही है,जबकि मुखिया पर पुलिस ने कोई केस दर्ज नहीं किया है।

दरअसल पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ और भोजपुर पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में मिली है। गिरफ्तार आरोपी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी के पति उपेन्द्र चौधरी हैं।

इस संबंध में भोजपुर पुलिस कप्तान मिस्टर राज ने बताया कि एसटीएफ और भोजपुर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव में छापेमारी की, जहां पुलिस ने कुख्यात बुटन चौधरी के घर से एक 147 हथियार, दो हैंड ग्रेनेड, 4 मैगजीन और 43 गोलियों सहित नगद रूपए बरामद किये हैं। पुलिस ने इस मामले में बेलाउर गांव निवासी उपेन्द्र चौधरी को गिरफ्तार किया है, जो बुटन चौधरी का सगा भाई है। फिलहाल पुलिस इस मामले में दो नामजद उपेन्द्र चौधरी और बुटन चौधरी को आरोपी मानते हुए दोनों पर आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बुटन चौधरी की तलाश जारी है और इस पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए व्यापक जांच शुरू की गई है। बुटन चौधरी पर पहले से हत्या आर्म्स एक्ट सहित कई संगीन मामले दर्ज हैं। एसटीएफ और लोकल पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर बुटन चौधरी को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही हैं।

संक्षिप्त समाचार

पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के गोरखपुर, लखनऊ, मुंबई सहित दस ठिकानों पर छापे, ईडी ने की कार्रवाई

लखनऊ, एजेंसी। सपा नेता और चिल्लूपार सीट से पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के गोरखपुर, लखनऊ, नोएडा और मुंबई के ठिकानों सहित देश में करीब दस जगहों पर ईडी ने एक साथ रेड डाली है। सोमवार की सुबह हुई इस कार्रवाई को एक साथ अंजाम दिया गया। सूत्रों के अनुसार ईडी ने उनके खिलाफ चार्जशीट तैयार कर ली थी। जल्द ही उसे कोर्ट में पेश किया जाना है।

ईडी की जांच में सामने आया था कि मेसर्स गंगोत्री एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपने प्रमोटरों,



निदेशकों, गारंटरों के साथ मिलकर बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले सात बैंकों के कंसोर्टियम से 1129.44 करोड़ रुपये की क्रेडिट सुविधाओं का लाभ लिया था। बाद में इस रकम को उन्होंने अन्य कंपनियों में डायवर्ट कर दिया और बैंकों की रकम को वापस नहीं किया। इससे बैंकों के कंसोर्टियम को करीब 754.24 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। ईडी पहले भी जब्त कर चुका है संपत्तियां पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की 72.08 करोड़ रुपये की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवंबर 2023 में जब्त कर दिया था। ईडी ने यह कार्रवाई विनय तिवारी की कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइजेस लिमिटेड द्वारा बैंकों के कंसोर्टियम का करीब 1129.44 करोड़ रुपये हड़पने के मामले में की थी। बैंकों की शिकायत पर सीबीआई मुख्यालय ने केस दर्ज किया था, जिसके बाद ईडी ने भी विनय तिवारी समेत कंपनी के समस्त निदेशक, प्रमोटर और गारंटर के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। 2023 में ही राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय ने विनय तिवारी की गोरखपुर, महराजगंज और लखनऊ स्थित कुल 27 संपत्तियों को जब्त किया था, जिनमें कृषि योग्य भूमि, व्यवसायिक कांप्लेक्स, आवासीय परिसर, आवासीय भूखंड आदि शामिल हैं।

बेटी की शादी के एक महीने बाद इंस्पेक्टर ने खुद को मारी गोली

सितंबर में हुए थे निलंबित

वाराणसी, एजेंसी। म्योर रोड स्थित अपने आवास में वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात इंस्पेक्टर तरुण कुमार पांडेय (52) ने रविवार शाम गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने लाइसेंसी राइफल से घटना को अंजाम दिया। गोली गले को चीरती हुई सिर के आरपार हो गई।

पुलिस को आशंका है कि रीढ़ की हड्डी टूटने की बीमारी से तंग आकर उन्होंने घटना को अंजाम दिया है। हालांकि, मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मूलरूप से गोंडा जनपद थाना नवाबगंज स्थित गांव बैजलपुर निवासी तरुण कुमार पांडेय की तैनाती वाराणसी में क्राइम ब्रांच की विवेचना शाखा में थी। लेकिन वह लगातार गैरहाजिर रहे। इनका म्योर रोड में 33ए/5ए में मकान हैं।

पिछले कई माह से पत्नी पूनम पांडेय और बेटा इशान पांडेय बंगलूरू में रहते हैं। जबकि बेटी आशू पांडेय की एक मार्च 2025 को लखनऊ से शादी किया था।

शाम करीब छह बजे गोली चलने की आवाज आई। इनके आवास के ठीक सामने रहने वाली महिला नूरी घर के भीतर गई तो देखा कि इंस्पेक्टर तरुण अपने कमरे में खून से लथपथ पड़े हुए हैं। शोर मचाने पर पड़ोसी आए और मामले की सूचना पुलिस को दी। प्रत्यक्षदर्शी नूरी ने बताया कि तरुण रविवार सुबह ही अपने घर आए हुए थे। सोमवार को पोस्टमार्टम होगा।


हेपेटाइटिस से संक्रमित मिले निर्वाण संस्था के 12 बच्चे, दो अभी भी अस्पताल में भर्ती

पांच की हो चुकी मौत

लखनऊ , एजेंसी। राजधानी लखनऊ में निर्वाण संस्था के बच्चों में हेपेटाइटिस बी-सी बीमारी मिली है। इसमें हेपेटाइटिस बी पीड़ितों की संख्या अधिक है। अफसरों का कहना है पॉजिटिव आए सभी बच्चों का इलाज शुरू करा दिया गया है। करीब छह माह तक दवा के सेवन से वायरस बॉडी से गायब हो जाएगा। संस्था के दो बच्चे अब भी अस्पतालों में भर्ती हैं। इनका इलाज डॉक्टरों की देखरेख में चल रहा है।

पारा के बुद्रेश्वर स्थित निर्वाण केंद्र पीपीपी मॉडल पर संचालित होता है। मानसिक कमजोर, अनाथ व लावारिस बच्चों को यहां रखा जाता है। अभी यहां 142 बच्चे हैं। ज्यादातर की उम्र 10 से 18 साल के बीच है। 21 मार्च को संस्था के बच्चे बीमार पड़ गए। वह उल्टी-दस्त, पेट दर्द की शिकायत कर रहे थे।

आरोप है कि शुरुआत में संस्था के जिम्मेदारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। 23 मार्च को उल्टी-दस्त और पेट दर्द से जब बच्चे अचेत होने लगे तब संस्था ने अलग-अलग अस्पतालों में बच्चों को भर्ती कराया। इस दौरान एक-एक करके पांच बच्चों की जान भी चली गई। दो बच्चे अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। उनका इलाज चल रहा है।



कोर्स पूरा करने बाद बच्चे स्वस्थ हो सकेंगे

इसमें एक बच्चा लोकबंधु अस्पताल में तो दूसरा बलरामपुर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की जांच में संस्था के 12 बच्चों में हेपेटाइटिस बीमारी मिली है। इसमें नौ बच्चे हेपेटाइटिस बी व तीन हेपेटाइटिस सी से ग्रस्त मिले हैं। इन बच्चों का वायरल लोड भी कराया गया। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह के मुताबिक, पॉजिटिव आए बच्चों की दवा शुरू की गई है। पूरा कोर्स करने बाद बच्चे स्वस्थ हो सकेंगे।

शादी का टूट गया सपना

सज-धजकर दुल्हन कर रही थी पिया का इंतजार, अचानक आई ऐसी खबर...मच गया हड़कंप

फिरोजाबाद , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के एक मोहल्ले की युवती का चार महीने पहले रसूलपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक के साथ निकाह तय हुआ था। 6 अप्रैल रविवार को निकाह होना था। रविवार सुबह ही दूल्हे के पिता ने फोन करके 10 लाख रुपये की मांग रख दी। इसको पूरा न करने पर वह बरात लेकर नहीं आए। जब लड़की पक्ष के लोग बरात न आने का कारण जानने के लिए लड़के के घर पहुंचे तो लड़के वालों ने पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना रसूलपुर के पुराना रसूलपुर निवासी एक युवती की कलावती स्कूल के समीप रहने वाले युवक से निकाह तय हुआ था। लड़की के पिता ने बताया कि रविवार को बरात आनी थी। निकाह की पूरी तैयारी कर ली थी। दहेज में देने वाले सामान की भी खरीदी कर ली थी। रविवार सुबह करीब छह बजे लड़के के पिता का फोन आया और 10 लाख रुपये की मांग की। जब लड़की के पिता ने इतनी रकम देने में मजबूरी दिखाई तो लड़के के पिता ने बरात लाने से इन्कार कर दिया। इधर दुल्हन दूल्हे का इंतजार ही करती रह गई। लड़की के पिता जब लड़के के घर गए तो लड़के वालों ने बेरहमी से उनकी पिटाई कर दी।

● **नहीं आई बरात तो दिखा सन्नाटा-** शादी के कार्ड आदि बंट चुके थे और पूरी तैयारियां कर ली गई थीं। बरातियों के लिए खाना भी तैयार हो गया था। दहेज में देने के लिए पूरे सामान की खरीदी भी कर ली थी। बरात न होने के बाद युवती के आंसू नहीं थम रहे थे। विवाह स्थल पर सन्नाटा पसरा हुआ था।

प्रदेश में लू की चेतावनी, कई जिलों में पारा 40 पार

सरकार ने जारी किया अलर्ट...बनेंगे कोल्ड रूम

लखनऊ , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में झुलसाने वाली गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। पश्चिमी यूपी और दिल्ली से सटे कई जिले लू की चपेट में हैं। अगले दो दिनों तक फिलहाल तीखी धूप और गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने वाली। रात के पारे में भी बढ़ोतरी आएगी। रविवार को प्रदेश के लगभग 10 जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग ने सोमवार व मंगलवार को आगरा और दिल्ली से सटे जिलों गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद और आसपास के इलाकों में लू के थपेड़े चलने की चेतावनी जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक 8 अप्रैल से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके असर से पुरवाई हवाएं चलेंगी और पूर्वी यूपी व तराई इलाकों में बूंदाबांदी के आसार हैं।

तेज धूप में दहकी हवा, गर्मी ने पकड़ा जोर- राजधानी में रविवार को गर्मी से लोग बेचैन रहे। छुट्टी का दिन होने के बावजूद चिलचिलाती धूप और गर्म हवा ने लोगों को घर से बाहर निकलने से रोके रखा। यही वजह थी कि दिन भर सड़कें रविवार को सूनी नजर आईं। रात में भी गर्मी का असर बना हुआ है। बीती रात में न्यूनतम तापमान में मामूली कमी दर्ज की गई, लेकिन राहत के नाम पर कुछ महसूस नहीं हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि



राजधानी क्षेत्र में अगले दो दिन तक गर्मी यूं ही बरकरार रहेगी। मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। राहत की बड़ी उम्मीद भी नहीं है। अगले दो दिन में अधिकतम तापमान पर पारे के 40 डिग्री के पार चले जाने के आसार हैं। 8 अप्रैल के बाद मौसम में थोड़े बहुत बदलाव के संकेत हैं। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 0.3 डिग्री की मामूली बढ़त के साथ 38.8 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। वहीं, रात का पारा 0.5 डिग्री की गिरावट के साथ 19.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

लखनऊ की हवा का हाल- राजधानी के छह वायु गुणवत्ता मापक स्टेशनों में से कुकरैल की हवा हरे यानी अच्छे श्रेणी में रही। गोमतीनगर, बीबीएयू और अलीगंज की हवा पीली यानी मध्यम श्रेणी में तो लालबाग और तालकटोरा की हवा नारंगी यानी सेहत के लिए खराब श्रेणी में दर्ज की गई।

हीट वेव पर अलर्ट, अस्पतालों में कोल्ड रूम बनेंगे

हीट वेव पर अस्पताल अलर्ट हो गए हैं। अस्पतालों में कोल्ड रूम बनाए जा रहे हैं। ओआरएस काउंटर भी बनाए जाएंगे। इसे लेकर शासन से निर्देश जारी हुए हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, इस बार पिछले वर्ष से अधिक तापमान बढ़ने की आशंका है। ऐसे में अस्पतालों में पुख्ता इलाज के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। सभी अस्पतालों में कोल्ड रूम में बनाए जा रहे हैं, जहां हीट वेव से प्रभावित लोगों का इलाज किया जाएगा। सीएचसी स्तर पर कोल्ड रूम में एसी-कूलर लगाने के निर्देश मिले हैं, ताकि प्रभावित लोगों को उनके घर के नजदीक केंद्र पर समुचित इलाज मिल सके। आईसपैक भी रिजर्व रखने को कहा गया है। बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु के मुताबिक, कोल्ड रूम में सभी जरूरी दवाओं के इंतजाम किए गए हैं। ठाकुरगंज अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह के मुताबिक, सात बेड का कोल्ड रूम बनाने संग आईसपैक समेत दवाओं के पुख्ता इंतजाम कोल्ड रूम में किए गए हैं।

दो भाइयों की मौत...एक साथ उठीं अर्थियां, परिवार में मच गया चीत्कार; सदमे में घरवाले

आगरा , एजेंसी। आगरा के आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर-7 में पांच दुकानों के ढहने से मलबे में दबकर दो सगे भाइयों की मौत हो गई। रात में पोस्टमार्टम के बाद रविवार की सुबह दोनों भाइयों की अर्थियां एक साथ उठीं तो परिवार में चीत्कार मच गया। गमगीन माहौल में कैलाश मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर-3 में पांच भाइयों के अलग-अलग घर हैं। हादसे में जान गंवाने वाले विष्णु उपाध्याय प्रापर्टी डीलर थे। उनके परिवार में पत्नी रेखा, बेटे राहुल और रोहित हैं। घर के ही एक हिस्से में बांके बिहारी नाम से मिनी बाजार चलाते हैं। बेटी शिवानी पढ़ाई कर रही है। वहीं दूसरे मृतक किशनचंद उपाध्याय रेलवे से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी पत्नी मीना के अलावा बेटे सोनू का परिवार है। सोनू भी रेलवे में है। दोनों भाइयों की इस तरह हादसे में मौत से पूरा परिवार सदमे में है। दुकानें करीब 30 साल पुरानी थीं। हादसे के बाद पांच भाइयों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हादसे में तीसरे भाई पुष्कर घायल हैं। उनका इलाज नर्सिंग होम में चल रहा है। परिवार के कुछ सदस्य उनकी तीमारदारी में लगे हैं। दूसरी ओर, अन्य घायलों को लोग एसएन अस्पताल में इलाज के बाद निजी अस्पतालों में ले गए। चिकित्सकों ने बताया कि सभी की हालत खतरे से बाहर है।

सराफा व्यवसायी का कत्ल... लाश को बोरे में डालकर लगाई आग

सिद्धार्थनगर , एजेंसी। सिद्धार्थनगर के सदर थाना इलाके के बरगदवा गांव के पास शनिवार देर रात एक सराफा व्यवसायी की हत्या करके शव बोरी में बांधकर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधजला शव बरामद किया। बताया जा रहा है कि व्यवसायी पड़ोसी बर्तन व्यापारी के घर हार देने गया था। व्यवसायी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी व्यापारी और एक अन्य पर हत्या का केस दर्ज किया है। सदर थाना क्षेत्र के बरगदवा गांव के पास शनिवार देर रात चकरोड से गुजर रहे लोगों ने खेत में कुछ जलता देखा। करीब पहुंचे तो बोरी में लाश जलती देख पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस पहुंची तब तक शव का कुछ हिस्सा जल चुका था। पुलिस की जांच में पता चला कि मोहाना थाने में एक युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस शव मोर्चरी में रखवा दिया। रविवार की सुबह मोहाना थाना क्षेत्र के भगवानुर गांव के टोला चैनपुर निवासी बलिराम वर्मा मोर्चरी पहुंचे तो उन्होंने शव की पहचान अपने भाई सुनील वर्मा (22) के रूप में की। बलिराम ने बताया कि उसके भाई ने रमवापुर चौराहे पर ज्वेलरी की दुकान खोली थी। शनिवार को भी वह दुकान पर गया था और शाम को करीब छह बजे बात हुई तो उसने बताया कि वह पड़ोस के बर्तन व्यापारी गौहनिया निवासी हबीबुल्लाह के घर हार देने जा रहा है। शाम साढ़े छह बजे के बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिलने लगा।

आभूषण का बैग और नकदी गायब- काफी प्रयास के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर रात में मोहाना थाने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सुबह लाश मिलने की जानकारी हुई। बलिराम ने आरोप लगाया कि गौहनिया निवासी हबीबुल्लाह और कृष्णा वर्मा ने उसके भाई की हत्या की है। आभूषण का बैग और नकदी गायब है। एसओ मोहाना अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि हत्या का केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

हत्या का तरीका कर रहा बड़ी वजह की तरफ इशारा- सराफा व्यवसायी सुनील वर्मा की हत्या के बाद पेट्रोल डालकर शव जलाकर उसका नामोनिशान मिटाने की कोशिश की गई। रविवार को मोर्चरी पहुंचे लोगों का कहना था कि हत्या का यह तरीका वारदात के पीछे किसी बड़ी वजह की तरफ इशारा कर रहा है। लोगों ने सवाल उठाया कि मामला अगर सिर्फ जेवर लूटने का होता तो मारपीट कर जेवर लूट लिया जाता। हत्या के बाद शव जलाने की कोशिश बड़े सवाल खड़े कर रही है। सुनील छह भाई-बहनों में सबसे छोटा था। बड़े भाई बलिराम ने बताया कि सुनील की 25 अप्रैल को शादी होनी थी। परिवार के लोग शादी की तैयारियों में जुटे थे। अचानक सारी खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। रविवार को सुनील के परिजनों और रिश्तेदारों के साथ मोर्चरी पर पहुंचे लोग इस मामले पर चर्चा करते रहे।

पहले मारा, फिर आग लगाई- लोगों का कहना था कि हत्यारे ने पहले मारा है उसके बाद बोरी में भरा और जलाकर नामोनिशान मिटाने की कोशिश।

जेल में फूट-फूटकर रोई निकिता

आगरा, एजेंसी। आगरा में टीसीएस कंपनी के रिक्रूटमेंट मैनेजर मानव शर्मा की आत्महत्या के मामले में पुलिस उनकी पत्नी निकिता शर्मा, सास पूनम शर्मा, ससुर नृपेंद्र शर्मा और साली निशु को जेल भेज चुकी है। केस में जल्द चार्जशीट लगाई जाएगी। पुलिस ने निकिता को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन उसका मोबाइल बरामद नहीं हो सका है। उसमें ही मानव सहित अन्य लोगों से व्हाट्सएप चैट हैं। वीडियो भी हो सकते हैं। पुलिस अब निकिता को रिमांड पर लेगी। उनसे मोबाइल बरामदगी के प्रयास किए जाएंगे। 24 फरवरी की सुबह डिफेंस कॉलोनी निवासी मानव शर्मा ने आत्महत्या कर ली थी। वह मुंबई में तैनात थे। परिवार के लोगों को आरोप है कि पत्नी निकिता के शादी से पहले के संबंधों के बारे में जानकारी से मानव तनाव में था। 27 फरवरी को उनका एक वीडियो सामने आया था। यह आत्महत्या से पहले बनाया गया था। मानव के परिजन ने थाना सदर



में मृतक की पत्नी, सास, ससुर और साली के खिलाफ केस दर्ज कराया था। 13 मार्च पुलिस ने आरोपी सास और साली को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

आखिरी बार पत्नी से ही बात कर रहा था मानव- बीते शुक्रवार रात को गुजरात से पत्नी और ससुर को भी गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ की गई। इसके बाद जेल भेज दिया गया। निकिता के मोबाइल में मानव से हुई बातचीत से संबंधित चैट थी। आखिरी बार भी वह मोबाइल पर पत्नी से ही बात कर रहा था। रात में अपनी बहन आकांक्षा से भी बात की थी। एसीपी सदर विनायक भोसले ने बताया कि निकिता के मोबाइल की बरामदगी के लिए पुलिस लगी है। रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में जल्द प्रार्थना पत्र भी देंगे।

ससुराल में किया गया प्रताड़ित- मानव शर्मा के परिजन ने आरोप लगाया था कि बेटे को ससुराल में प्रताड़ित किया गया। इसके बाद ही उसने आत्महत्या कर ली। इसकी पुष्टि के लिए पुलिस ने साक्ष्य जुटाए हैं। निकिता के घर पर शाम 7 बजे मानव शर्मा पहुंचे थे। कुछ देर रुकने के बाद निकिता के साथ बाजार गए थे। इसके फुटेज पुलिस को मिल गए हैं। एक बैंक के बाहर लगे कैमरे में दोनों कैद हुए थे। इसके अलावा निकिता के घर के बाहर भी एक जगह पर कैमरा लगा था। इसमें शाम 7:30 बजे मानव घर में जाते नजर आए। रात 8:30 बजे निकल गए। कुल डेढ़ घंटे तक रुके थे। इसी तरह पुलिस के पास मानव के मोबाइल में मिला वीडियो भी है, जिसमें वो आत्महत्या करते नजर आ रहे हैं। इसमें उनका मृत्यु पूर्व बयान है।

सना रानी को देना चाह रहा तोहफा

बादल बाबू ने पाकिस्तान के जेल प्रशासन से मांगी मदद

अलीगढ़, एजेंसी। पाकिस्तान की जेल में बंद बरला के गांव नगला खिटकारी निवासी बादल बाबू ने जेल में ही मजदूरी कर जुटाए गए रुपयों से सना रानी को तोहफा भेजने की तैयारी की है। इसके लिए अपने अधिवक्ता के माध्यम से वहां के जेल प्रशासन से मदद मांगी है। बादल बाबू सना रानी को चूड़ी, कपड़े आदि देना चाहता है। वह वकील या अन्य किसी के माध्यम से सामान खरीद कर सना रानी के लिए भेजना चाहता है। गांव खिटकारी निवासी बादल के पिता कृपाल सिंह ने बताया कि उसने अधिवक्ता फियाज रामे के माध्यम से संदेश भेजा है कि माता और पिता परेशान न हों, जेल में उसे कोई परेशानी नहीं है। मां परेशान होगी तो वह भी परेशान होगा। उसने कोई गलत काम नहीं किया, वह सना रानी से सच्ची मोहब्बत करता है और उससे निकाह करके ही रहेगा। फियाज रामे ने परिजनों को 6 अप्रैल को बताया कि बादल बाबू के मुकदमे में जल्द ही ट्रायल शुरू होने वाला है। जमानत के लिए वह पाकिस्तान में भारतीय दूतावास के अधिकारियों से संपर्क कर बादल के आईडी प्रूफ आदि कागजात का भारत सरकार के माध्यम से सत्यापन कराएंगे। इसके बाद प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। अधिवक्ता ने कहा है कि बादल ने उसको यह भी बताया कि उसने मजदूरी कर जेल में कुछ रुपये जुटाए हैं, जिनसे वह सना रानी को चूड़ी, कपड़े आदि सामान खरीदकर तोहफे में भिजवाना चाहता है।

कांग्रेस में हमने सब को हक देने का फैसला किया : राहुल गांधी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को केन्द्र की मोदी सरकार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर जम कर हमला बोला। पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और नेहरू जी सच्चाई से मोहब्बत करते थे। भगवान बुद्ध सच्चाई से मोहब्बत करते थे। सच्चाई से दूर नहीं जा सकते थे। गुरु नानक कबीर सच्चाई से मोहब्बत करते थे, लेकिन आजकल हिंदुस्तान में सच बोलना मुश्किल है। राहुल गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी ने 'माई एक्सपेरिमेंट्स विथ ट्रुथ' लिखा था। मोदी जी शायद 'माई एक्सपेरिमेंट्स विथ लाइज' लिखे। उन्होंने आर एस एस पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के संविधान में सावरकर की सोच नहीं है। इसमें अंबेडकर जी, गांधी जी, नेहरू जी और फुले जी की सोच है। एनडीए के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तीखी आलोचना करते हुए उन्होंने दूसरे समुदायों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के लोगों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस देश में 50 प्रतिशत आरक्षण के 'नकली अवरोध' को ध्वस्त कर देगी। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर आरक्षण के मुद्दे पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने देश भर में जाति जनगणना की वकालत की, जो कि इंडिया ब्लॉक की लंबे समय से मांग रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित तेलंगाना में की गई, ऐसी ही जनगणना देश के विकास मॉडल को बदल देगी। कांग्रेस सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए जाति जनगणना के माध्यम से भारत का एक्स-रे करेगी। लेकिन संघ प्रमुख मोहन भागवत कहते हैं कि जातीय गणना नहीं होनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी में हमने सबको हक देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के नेताओं से हमने स्पष्ट कर दिया है कि आप का काम यहां के गरीब लोगों को प्रतिनिधित्व देने का है। उनके बीच रह कर काम करें। राहुल गांधी ने कहा कि हम दलितों को राजनीति में लाकर बिहार का चेहरा बदलना चाहते हैं।

राहुल बताएं किसने बिहार के गरीबों व युवाओं को लूटा : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। सूबे के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री व भाजपा के वरीय नेता मंगल पांडेय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की बेगूसराय पदयात्रा पर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस किनके साथ खड़ी है, यह याद रखना चाहिए। वो राजद के साथ गठबंधन में है। वही राजद जिनके शासनकाल में सबसे ज्यादा बिहार में पलायन हुए और युवा बेरोजगार हुए। राहुल गांधी शायद अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। उन्हें याद कर लेना चाहिए कि जिस राजद की सरकार में हत्या, लूट, डकैती, महिला अत्याचार समेत घोटालों की लंबी फेहरिस्त है। उसी के साथ राहुल की पार्टी का गठजोड़ है। श्री पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी बेगूसराय में पदयात्रा के दौरान सफेद टी-शर्ट में आंदोलन का नेतृत्व करते नजर आए। मगर उनके सफेद टी - शर्ट पर बिहार की बर्बादी के निशान हैं। श्री पांडेय ने कहा कि जब बिहार में कांग्रेस हुकूमत में थी तो उसने सिर्फ दंगे भड़काए और भ्रष्टाचार किए। कांग्रेस ने ही भागलपुर के दंगे करवाए थे। देशभर में कांग्रेस जहां शासन में होती है वहां केवल धार्मिक उन्माद होता है। यह उनका पुराना इतिहास रहा है। वहीं लालू यादव का जो 15 साल का जंगलराज था, उसमें कांग्रेस शामिल रही है। इस वजह से कांग्रेस बिहार की बर्बादी की जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। कांग्रेस पार्टी को याद होना चाहिए कि उनके ही शासन में लालू यादव रेल मंत्री थे और नौकरी के बदले जमीन का घोटाला सामने आया जिसके चक्कर में आज पूरा लालू परिवार फंसा है। लालू के इन घोटालों के दाग भी कांग्रेस के ऊपर है। बिहार की बर्बादी में कांग्रेस-राजद बराबर की भागीदार है। कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी से कैसे भाग सकती है।

एक नजर

राहुल गांधी के बिहार दौरे पर नित्यानंद राय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना (नबिटा ब्यूरो)। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार को पटना पहुंचते ही लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पटना एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए नित्यानंद राय कहा कि राहुल गांधी जहां भी जाते हैं अपनी पार्टी का खटिया खड़ा करते हैं। अब बिहार आए हैं, तेजस्वी यादव का खटिया खड़ा करने। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और विपक्षी नेता लगातार देश में संविधान खतरे में होने का झूठा प्रचार कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि भारत में संविधान पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि जब से केन्द्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है, देश में हर चीज सुरक्षित है और तेजी से विकास हो रहा है।

बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन 12 से

पटना (नबिटा ब्यूरो)। बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 36वें संस्करण का आयोजन होटल मौर्या में 12 एवं 13 अप्रैल को किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर कपड़े, ज्वेलरी, घरेलू सजावट, एस्सेसरीज, फुटवेयर्स, फर्निशिंग सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। इस प्रदर्शनी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदर्शनी के आयोजक व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक संजय अग्रवाल ने बताया कि पटना में फैशन और जीवनशैली के बदलते रुझानों का लाभ उठाने के लिए दो दिवसीय प्रदर्शनी में देश के सभी राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, परिधान उपलब्ध होंगे। हमने प्रदर्शनी के इस संस्करण को हमारे आगंतुकों और खरीदारों की मांगों को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से वेडिंग कलेक्शंस की मांग पर ध्यान केंद्रित किया है।

दामाद की गला दबा कर हत्या

मसौढ़ी (नबिटा सं.)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हांसाडीह गांव से दक्षिण चिमनी भट्ठा के पास एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही मौके पर मसौढ़ी थानाध्यक्ष अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूरे दल-बल के साथ पहुंच पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। मृतक की पहचान पालीगंज के मटौढ़ा गांव के रहने वाले अमन राव के पुत्र जयप्रकाश कुमार (25 वर्ष) के रुप हुई है। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था। मौके पर एफएसलएल की टीम एवं डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई है। पूरे मामले की छानबीन चल रही है। सूत्रों की माने तो पहले इसे खिला पिला कर उसे तार से गला दबा कर उसकी हत्या कर भदौरा से लाकर हांसाडीह गांव के दक्षिण दिशा में फेंक दिया। बताया जाता है कि मृतक जयप्रकाश अपनी पत्नी मुस्कान कुमारी के मौसा के घर अखिलेश पासवान के यहां रामनवमी के दिन आया था जहां कल रात में ही खिला पिलाकर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। एक साल पहले ही जयप्रकाश और मुस्कान दोनों ने अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। फिलहाल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेते हुए एफएसलएल की टीम से पूरी जांच करवाई जा रही है। मृतक के परिजनों से भी बातचीत की जा रही है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। वहीं पुलिस बहुत जल्द इस घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है।

वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय का निधन, जताया शोक

मसौढ़ी (नबिटा सं.)। नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड संख्या 27 के वार्ड पार्षद उषा देवी के पति संजय कुमार यादव का अचानक हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। दरअसल बताया जाता है कि उषा देवी पहली बार अपने वार्ड से चुनाव लड़कर वार्ड पार्षद बनी थी जिसमें संजय कुमार की बहुत ही अहम भूमिका रही है। संजय कुमार पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे, सांस लेने में दिक्कतें आ रही थी जिनका इलाज चल रहा था। ऐसे में अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। सूचना मिलते ही नगर परिषद के अध्यक्ष पिंकी देवी, उपमुख्य पार्षद चंद्रकांता कुमार, वार्ड पार्षद शंभू सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गुलाब कुमार, विकास कुमार यादव समेत सभी वार्ड पार्षदों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके प्रति श्रद्धांजलि दी।

भागवत कथा संपन्न, भंडारा का आयोजन

मसौढ़ी (नबिटा सं.)। मां भगवती प्राचीन देवी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव महोत्सव के उपलक्ष्य में मसौढ़ी के तारेगना गोला रोड कुम्हार टोली स्थित देवी मंदिर का अखंड कीर्तन सह चार दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जहां पर सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण की। कार्यक्रम के संयोजक धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार आदि ने कहा कि श्री श्री 1008 राजू जी महाराज के द्वारा चार दिवसीय अखंड कीर्तन और भागवत कथा का आयोजन किया गया जहां सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भागवत कथा सुना और अपने जीवन में भगवान श्री कृष्ण के बताए गए सत्कर्मों पर चलने का प्रेरणा लिया। भागवत कथा के अंतिम दिन श्रोताओं ने अपने जीवन में चलने वाले विभिन्न कठिनाइयां और जीवन की राह जीने के सही तरीकों के बारे में बताया गया। श्री श्री 108 राजू महाराज ने बताया कि भागवत कथा जीवन जीने की राह बताती है। कार्यक्रम में अनिल सिंह, चंदन कुमार, संजय कुमार चंद्रवंशी आदि शामिल रहे।

अपनी नई पार्टी बनाएंगे शिवदीप लांडे

पटना (नबिटा ब्यूरो)। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच जहां तमाम सियासी दलों ने अपनी कमर कस ली है, वहीं बिहार के सुपर कॉप के रूप में मशहूर रहे पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे भी अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर खास घोषणा करने वाले हैं। मंगलवार को वह इसका खुलासा करेंगे। इसके लिए शिवदीप पांडे ने एक प्रेस कांफ्रेंस में मंगलवार की दोपहर 12 बजे बुलाया है जिसमें वह पॉलिटिकल एजेंडे का खुलासा करेंगे। सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि संभवतः वह बिहार में नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा करने वाले हैं। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

एके-47, 43 कारतूस एवं 2 हैंड ग्रेनेड के साथ मुखिया पति गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



आरा (भोजपुर)। भोजपुर पुलिस और एसटीएफ की टीम सोमवार को 2 लाख के इनामी अपराधी बूटन चौधरी को गिरफ्तार करने पहुंची। इससे पहले बूटन फरार हो गया, लेकिन उसका भाई उपेंद्र चौधरी गिरफ्तार हो गया। उपेंद्र बेलाउर पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी का पति है। एसटीएफ की टीम ने बूटन चौधरी घर की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने एके-47, 2 मैगजीन, एके-47 के 43 कारतूस, 2 हैंड ग्रेनेड एवं इंसास राइफल के दो मैगजीन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बूटन घर में छिपा है। इस सूचना पर पुलिस की टीम रेड करने पहुंची थी। मामला उदवंत नगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव का है। गिरफ्तार उपेंद्र चौधरी से पुलिस पूछताछ कर रही है। पता लगाया जा रहा है कि एके-47 और हैंड ग्रेनेड कहां से लाया गया है। साथ ही खुफिया एजेंसियों से भी संपर्क किया गया है, ताकि रैकेट को पकड़ा जा सके। पुलिस ने बताया कि 'बूटन चौधरी बीडीसी सदस्य दीपक साह की हत्या और गोलीबारी समेत अन्य कांडों में फरार चल रहा है। उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने दो लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। 9 साल पहले भी कुख्यात बूटन चौधरी समेत 5 को एके-47 समेत अन्य हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया था। भोजपुर एसपी राज ने बताया कि 'एसटीएफ और उदवंत नगर थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर अपराधी बूटन चौधरी के घर पर रेड की गई। इसमें उसके घर से एके-47 बरामद किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। अक्टूबर 2023 में चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव के बालू घाट पर दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस गोलीबारी में हर्षित सिंह नामक एक युवक की मौत हो गई थी। वहीं, तीन लोग घायल हो गए थे। इस मामले में बूटन चौधरी, रंजीत चौधरी के अलावा दीपक पांडेय सहित दोनों पक्षों के डेढ़ दर्जन लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया था। 28 अप्रैल 2023 के पंचायत चुनाव के दौरान आपसी विवाद में बूटन चौधरी के गुट ने पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसमें बूटन चौधरी का नाम सामने आया था।

वित्तीय वर्ष में 200 मिलियन टन माल लदान करने पर विभागाध्यक्षों के साथ महाप्रबंधक ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 202 मीलियन टन माल लदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजनाओं एवं लक्ष्य पर विस्तृत चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने चालू वित्तीय वर्ष में माल लदान के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल करने हेतु कार्ययोजना बनाकर उस पर तत्काल अमल करने पर बल दिया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल द्वारा पहली बार 200 मीलियन टन माल लदान किये जाने को यादगार बनाने हेतु महाप्रबंधक द्वारा एक स्मृति चिन्ह भी जारी किया गया। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल द्वारा माल ढुलाई के क्षेत्र में भी रिकॉर्ड कायम करते हुए 29 मार्च, 2025 को 200 मीलियन टन माल लदान किया गया जबकि समाप्त हुए वित्तीय 2024-25 के 31 मार्च तक 202.63 मीलियन टन माल ढुलाई कर माल ढुलाई के क्षेत्र में भारतीय रेल के 04 प्रथम क्षेत्रीय रेल में शामिल होने का गौरव हासिल किया गया। इसके साथ ही माल ढुलाई से 26,354 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ जिससे माल ढुलाई से प्राप्त आय के क्षेत्र में भारतीय रेल में पूर्व मध्य रेल को दूसरा सर्वाधिक आय प्राप्त करने वाला क्षेत्रीय रेल बनने का गौरव हासिल हुआ है।

मिसेज ग्लोबल बिहार सीजन-11 का क्राउन एवं पोस्टर लांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। ब्रांड एनसी एवं नारी नीति फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को पटना के आशियाना-दीघा रोड स्थित राउंड द क्लॉक रेस्टोरेंट में मिसेज ग्लोबल बिहार सीजन-11 का क्राउन एवं पोस्टर लॉन्च किया गया। क्राउन व पोस्टर की लॉन्चिंग देश के जाने-माने फैशन डिजाइनर व शो डायरेक्टर नीतीश चंद्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ज्योतिष पंडित श्रीपति त्रिपाठी, डॉक्टर विंदा सिंह, सुषमा साहू, शारदा चंद्रा, दिव्या सिंह, रितेश चौधरी, रितेश सिंह, शिल्पा सिंह, शिल्पी सिंह, डॉक्टर मुक्ता, स्मिता गुप्ता की मौजूदगी रही। शो के बारे में फैशन डिजाइनर व शो डायरेक्टर नीतीश चंद्रा ने बताया कि यह मिसेज ग्लोबल बिहार का ग्यारहवां सीजन है। इस सीजन के लिए देश के विभिन्न प्रांतों में रहने वाली 276 से अधिक महिलाओं ने मिसेज केटेगरी के लिए अपना ऑनलाइन ऑडिशन दिया था जिसमें से हमारे द्वारा टॉप 10 प्रतिभागियों का चयन कर लिया गया है।

वीआईपी ने ठोंका 60 सीटों पर दावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे के बीच महागठबंधन में शामिल मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी ने बिहार की 60 विधानसभा सीटों पर दावा ठोक दिया। इसके साथ ही पार्टी ने अतिपिछड़ा समाज से आने वाले मुकेश सहनी को महागठबंधन की सरकार बनने पर उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग उठाई। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने कहा है कि पिछले दिनों वीआईपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 60 सीटों पर चुनाव लड़ने के प्रस्ताव पर मुहर लगी थी। उन्होंने कहा कि पिछड़ा समाज के बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने और अतिपिछड़ा समाज से आने वाले मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम बनाने में किसी को कहीं कोई एतराज नहीं होना चाहिए।

युगल के जन्मशती वर्ष पर नौ को राष्ट्रीय लघुकथा संगोष्ठी में जुटेंगे शीर्ष लघु कथाकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच एवं श्री अरविंद महिला कॉलेज स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 9 अप्रैल को स्व. युगल के जन्मशती वर्ष पर आयोजित राष्ट्रीय लघुकथा संगोष्ठी में देश के अनेक शीर्ष लघुकथाकार शिरकत करेंगे। इनमें पंजाब के प्रसिद्ध लघुकथाकार डॉ अशोक भाटिया एवं योगराज प्रभाकर, अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र के पूर्व कार्यकारी कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, रांची, झारखंड की सारिका भूषण, चुनार (उत्तर प्रदेश) निवासी अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के अध्यक्ष डॉ राम दुलार सिंह पराया, जेपी छपरा विवि की पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. अनीता राकेश, नई धारा के संपादक प्रो शिवनारायण, ममता मेहरोत्रा, चितरंजन भारती, राम यतन यादव, अश्विनी कुमार आलोक, विभा रानी श्रीवास्तव, सिद्धेश्वर, प्रभात कुमार धवन, अनिल रश्मि, गार्गी राय, डॉ मनीष कुमार, रजनी प्रभा सहित अनेक चर्चित लघुकथाकार शामिल हैं। संगोष्ठी के मुख्य संयोजक डॉ ध्रुव कुमार ने बताया कि तीन सत्रों में सम्पन्न होने वाली इस एक दिवसीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में युगल पर केन्द्रित पुस्तक 'अंधेरे में गुम आदमी' का लोकार्पण होगा। द्वितीय सत्र में 'हिंदी लघुकथा का समकाल और युगल', 'हिन्दी लघुकथा के विकास में युगल का योगदान' एवं 'युगल का लघुकथा कर्म' सहित अन्य शोध आलेखों की प्रस्तुति होगी। तृतीय सत्र में संगोष्ठी में शामिल रचनाकार अपनी-अपनी लघुकथाओं का पाठ करेंगे। मोहिउद्दीन नगर, समस्तीपुर के चर्चित लघुकथाकार स्व. युगल का जन्म 17 अक्टूबर, 1925 को हुआ था और उन्होंने 1975 से 2015 तक लघुकथा लेखन में अपना योगदान दिया। उनका निधन 28 अगस्त 2016 में हुआ। उनके पांच लघुकथा संग्रह के अतिरिक्त दो उपन्यास, तीन कहानी संग्रह, तीन कविता संग्रह भी प्रकाशित हैं।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में संगोष्ठी का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूमरे, पटना में डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में जन-जागरूकता के तहत ओ.पी.डी. परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के देखभाल पर केन्द्रित एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डा. अरविंद कुमार ओझा, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/शिशु रोग द्वारा समग्र रूप से नवजात शिशु की देखभाल एवं उनसे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं के बारे में जानकारी दी गई। डा. संध्या किरण, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/सामान्य सह स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा गर्भावस्था एवं प्रसव के समय उचित देखभाल एवं समस्याओं का निवारण विषय पर व्याख्यान दिया गया।

राहुल गांधी के सामने सदाकत आश्रम में भिड़े कांग्रेस कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में कांग्रेस को मजबूत करने पहुंचे राहुल गांधी की पार्टी के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में चल रही बैठक के दौरान कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। तू -तू -मैं-मैं के बाद नौबत मारपीट तक की आ गई। बैठक का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति तय करना था, लेकिन बैठक के दौरान ही विवाद शुरू हो गया जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। राहुल गांधी के सामने ही कांग्रेसी नेताओं के बीच मारपीट शुरू हो गई, पार्टी के नेता एक दूसरे पर लात घूंसे बरसा रहे थे। वहीं मारपीट की घटना से नाराज होकर राहुल गांधी बैठक को अधूरा छोड़कर कार्यालय से चले गए।

सहकारिता मंत्री करेंगे गुजरात की सहकारी समितियों का निरीक्षण

गुजरात दौरे पर 8 से 13 अप्रैल तक रहेंगे डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार 8 अप्रैल से 13 अप्रैल तक गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे गुजरात के प्रसिद्ध सहकारिता मॉडल का गहन अध्ययन करेंगे और वहां की प्रमुख सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करेंगे। डॉ. प्रेम कुमार अपने दौरे की शुरुआत आनंद से करेंगे जहां वे विश्वविख्यात आनंद दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति (अमूल) का भ्रमण करेंगे। इसके बाद वे अहमदाबाद, राजकोट सहित अन्य स्थानों पर स्थित सहकारी समितियों द्वारा किए गए नवाचारों और कार्यों का अध्ययन करेंगे। दौरे के दौरान सहकारिता मंत्री गुजरात की सहकारी व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और विशेषज्ञों से मुलाकात कर बिहार में सहकारिता क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक अनुभव व जानकारी प्राप्त करेंगे। अपने सरकारी कार्यक्रमों के साथ ही डॉ. प्रेम कुमार स्टैचू ऑफ यूनिटी, द्वारका और नागेश्वर धाम जैसे धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का भी दर्शन करेंगे। सहकारिता मंत्री का यह दौरा बिहार में सहकारी संस्थाओं को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

दिवगंत विधायक चितरंजन शर्मा के शोकाकुल परिवार से मिले स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मसौढ़ी। भाजपा के पूर्व विधायक रहे दिवगंत चितरंजन शर्मा के धनरूआ के नीमा आवास पर मिलने शोकाकुल परिवार से स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे पहुंचे जहां दिवगंत विधायक की पत्नी प्रियंका कुमारी उनके बच्चों से मुलाकात कर यथासंभव मदद करने का भरोसा जताया। चितरंजन शर्मा ब्लड कैंसर से पीड़ित थे। बीते 26 मार्च को हैदराबाद में एक क्लीनिक में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था जिसको लेकर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ऐसे में मंगल पांडे भी उनके परिवार वालों से मुलाकात की है। स्थानीय लोगों ने प्रियंका कुमारी के परिवार वालों को सुरक्षा को लेकर हाउस गार्ड देने की मांग की है।

मां वैष्णो देवी सेवा समिति ने किया भजन संध्या का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। मां वैष्णो देवी सेवा समिति की ओर से मां ब्लड सेंटर के तीसरे तल्ले पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्तिभाव से भाग लिया। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित संस्थाओं और कलाकारों की उपस्थिति रही। श्रीश्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री श्री बालाजी सुंदरकांड समिति, श्री खाटू श्याम सेना समिति और एकादशी निशान पूजन समिति सहित अन्य धार्मिक संगठनों ने इस आयोजन को भव्य बनाने में भूमिका निभाई। वहीं भजन संध्या में रौशन झुमरी, संध्या टेकरीवाल, करिश्मा शर्मा, सुनीता जोशी, कोमल देवड़ा, रेखा मोहिनी बंसल, पूनम मोर, संजू अग्रवाल, रीमा सिंह, अर्चना टिबरेवाल और साकेत अग्रवाल जैसे नामचीन कलाकारों ने अपने सुरीले स्वर में माता रानी के भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालुओं ने मंत्रमुग्ध होकर इन मधुर भजनों का आनंद लिया और भक्ति रस में सराबोर हो गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्हैया अग्रवाल कन्नू, मुकेश हिसारिया, जय प्रकाश अमिताभ, संजय तोतला, नंद किशोर अग्रवाल, जितेंद्र कुमार जीतू समेत कई सदस्यों ने योगदान दिया।

इएसआइसी औषधालय द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय दरभंगा एवं मुजफ्फरपुर द्वारा कल्याण ज्वेलर्स और रिलायंस स्टोर में बीमित कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा और नकद हितलाभ को लेकर जागरूक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज प्राप्त कर पाने के मध्यम में व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण इएसआइसी द्वारा दी जाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक और अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उन पर लागू होता है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों के परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

संपादकीय

बुलडोजर नीति पर सर्वोच्च न्यायालय का सख्त रुख

अपराध पर नकेल कसने के लिए कथित अपराधियों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने की परिपाटी-सी चल पड़ी है। यह सिलसिला उत्तर प्रदेश में शुरू हुआ था और अब इसे कई राज्य सरकारों ने अपना लिया है। कहीं भी दो समुदायों के बीच कोई फसाद होता है, कोई बड़ी वारदात होती है, तो प्रशासन कुछ लोगों को चिह्नित कर उनके घर गिरा डालता है। जब यह सिलसिला अतार्किक और मनमाने ढंग से तेजी पकड़ने लगा तो इस पर रोक लगाने के लिए अदालतों के दरवाजे खटखटाए जाने लगे। इस पर करीब पांच महीने पहले सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त निर्देश जारी करते हुए मकानों-दुकानों आदि के ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि किसी के आरोपी या दोषी ठहरा दिए जाने से उसका मकान ढहा देने का अधिकार नहीं मिल जाता। प्रशासन को उचित कारण बताना होगा कि कोई भी मकान गिराना क्यों जरूरी है। इसके लिए दूसरे पक्ष की दलीलें भी सुनी जानी चाहिए। उसे अपना जवाब देने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए। अगर कोई अधिकारी इन निर्देशों का पालन नहीं करेगा, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मगर इसके बावजूद, मकान-दुकान आदि ढहाने का सिलसिला रुका नहीं है। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में ऐसी ही मनमानी करते हुए कुछ मकान ढहा दिए गए। अब सर्वोच्च न्यायालय ने करीब चार वर्ष पहले प्रयागराज में तोड़े गए मकानों पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए कहा है कि पीड़ितों को दस-दस लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। अदालत ने कहा कि इस मामले ने उसकी अंतरात्मा को झकझोर दिया है। दरअसल, प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने कुछ लोगों के मकान इस शक के आधार पर तोड़ डाले थे कि वे एक कुख्यात अपराधी की जमीन पर बने हुए हैं। उन मकानों में रहने वालों को एक दिन पहले नोटिस थमाया गया और अगले दिन मकान तोड़ दिए गए। अदालत ने सवाल किया कि आखिर इस देश में लोगों को आश्रय का अधिकार है या नहीं। जब भी इस तरह मकान-दुकान आदि गिराने के मामले सामने आते हैं, तो सरकारों की दलील होती है कि वे अवैध रूप से बनाए गए थे। मगर यह समझ से परे है कि अवैध रूप से बनाए गए मकानों पर तभी विकास प्राधिकरणों और नगर निगम की निगाह क्यों जाती है, जब कोई आपराधिक घटना घट जाती है। इसके पहले ऐसी जगहों की निशानदेही क्यों नहीं हो पाती। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अपराध पर नकेल कसना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। मगर इसके लिए तय प्रक्रिया को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अपराध करने वाले का अपराध तब तक सिद्ध नहीं माना जा सकता, जब तक कि अदालत ऐसा फैसला न सुना दे। कोई भी सरकार खुद किसी को अपराधी सिद्ध करके उसके घर पर बुलडोजर नहीं चढ़ा सकती। उस मकान में उसके परिजन भी रहते हैं, जो निर्दोष होते हैं। आखिर किसी के अपराध की सजा दूसरे लोगों को बेघर करके क्यों दी जानी चाहिए। अवैध रूप से या कब्जा करके बनाए गए मकानों को ध्वस्त करने के भी नियम-कायदे हैं, इसीलिए इस तरह की मनमानी कार्रवाइयों को सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक और अमानवीय करार दिया है। विचित्र है कि जिन मामलों को सरकारों को अपने विवेक से, लोगों के मानवाधिकारों का ध्यान रखते हुए सुलझाना चाहिए, उनमें वे खुद कठघरे में खड़ी हो रही हैं।

माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी।

गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक

(ललित गर्ग)

वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्लास्टिक हम सबके शरीर में किसी-न-किसी के रूप में पहुंच रहा है। कैसे पहुंच रहा है, इसे जानने के लिए हमें पिछले दिनों अमेरिका के कोलोराडो में हुए एक अध्ययन के नतीजों को समझना होगा।

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए।



माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी।

चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए?

वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्लास्टिक हम सबके शरीर में किसी-न-किसी के रूप में पहुंच रहा है। कैसे पहुंच रहा है, इसे जानने के लिए हमें पिछले दिनों अमेरिका के कोलोराडो में हुए एक अध्ययन के नतीजों को समझना होगा। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत माइक्रोप्लास्टिक के कहर के रूप में चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते?

पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन चुके जल और वायु प्रदूषण से बचने के लिए विश्वभर में नए-नए उपाय किए जा रहे हैं। जबकि प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि प्लास्टिक सिर्फ हमारे आस-पास रहने वाले अबोध जानवरों के पेट में ही पहुंच रहा है, तो आप गलत हैं।

अध्ययन में पता चला था कि लगभग सभी ब्रांडेड बोतल बंद पानी में भी प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण मौजूद हैं। कनाडाई वैज्ञानिकों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक कणों पर किए गए विश्लेषण में चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। विश्लेषण में पता चला है कि एक वयस्क पुरुष प्रतिवर्ष लगभग 52000 माइक्रोप्लास्टिक कण केवल पानी और भोजन के साथ निगल रहा है। इसमें अगर वायु प्रदूषण को भी मिला दें तो हर साल करीब 1,21,000 माइक्रोप्लास्टिक कण खाने-पानी और सांस के जरिए एक वयस्क पुरुष के शरीर में जा रहे हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। आम आदमी के मन में सवाल उठ सकते हैं कि कहीं भारतीय बोतलबंद पेय बाजार को तो निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। दुनिया के बड़े कारोबारी देश भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार पर ललचाई दृष्टि रखते हैं। इसके बावजूद मुद्दा गंभीर है और हमारी सरकारों को अपने स्तर पर गंभीर जांच-पड़ताल करनी चाहिए।

अमेजन एवं फिलीपकार्ट जैसे आनलाइन व्यवसायी प्रतिदिन 7 हजार किलो प्लास्टिक पैकेजिंग बैग का उपयोग करते हैं। सरकारों के पास किसी भी नियम या अभियान को अमल में लाने के लिये सारे संसाधन उपलब्ध हैं, इन कम्पनियों को भी प्लास्टिकमुक्त भारत के घेरे में लेने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है? दुकानदारों व उपभोक्ताओं को तो इसके उपयोग पर दंडित करने का प्रावधान है, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादित करने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं। यह संकट हमारी जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका की जरूरत भी बताता है। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

रामनवमी पर भाजपा का जन्म, रामेश्वरम में मोदी ने एक संयोग और जोड़ा

श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा 1951 में स्थापित भारतीय जन संघ से इस नयी पार्टी का जन्म हुआ था। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने मुंबई में हुए अधिवेशन में भाजपा की नींव रखी थी और वह पार्टी के पहले अध्यक्ष भी चुने गये थे। दो सांसदों वाली पार्टी से तीसरी बार केंद्र में लगातार सरकार बनाने वाली पार्टी बनी भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी सदस्य संख्या वाली राजनीतिक पार्टी भी है।

(नीरज कुमार दुबे)।

भाजपा अपने स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पार्टी के नेता अपने भाषणों में कह रहे हें कि भारतीय जनता पार्टी जहां ''राष्ट्र भक्ति'' को समर्पित है वहीं विरोधी दलों का समर्पण ''परिवार भक्ति'' के प्रति है।

आज रामनवमी है यानि प्रभु श्रीराम का जन्मदिन । संयोग देखिये कि देश में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी का जन्मदिन भी इस बार प्रभु श्रीराम के जन्मदिवस पर ही पड़ा है। हम आपको बता दें कि भाजपा का स्थापना दिवस है। राम नाम लेकर भाजपा ने जिस तरह देशभर में अपना परचम फहराया और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर बनाने का संकल्प सिद्ध कर दिखाया, यह उसी की परिणति है कि पार्टी लगातार चुनाव जीतती जा रही है। रामनवमी के पर्व पर पड़े भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामेश्वरम के दौरे पर हैं। रामेश्वरम को वह स्थान माना जाता है, जहाँ भगवान श्रीराम ने रावण को हराने के लिए लंका तक जाने के लिए पुल का निर्माण किया था। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री रामेश्वरम में श्रीलंका यात्रा के बाद पहुँचे हैं। प्रधानमंत्री ने यहां पंबन पुल का उद्घाटन किया है। रामनवमी यानि रामजी के जन्मदिन के दिन प्रधानमंत्री द्वारा इस पुल का उद्घाटन करने का काफी धार्मिक महत्व माना जा रहा है।

दूसरी ओर, भाजपा आज अपने स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पार्टी के नेता अपने भाषणों में कह रहे हें कि भारतीय जनता पार्टी जहां ''राष्ट्र भक्ति'' को समर्पित है वहीं विरोधी दलों का समर्पण ''परिवार भक्ति'' के प्रति है। भाजपा नेता परिवारवादी पार्टियों को लोकतंत्र का दुश्मन भी करार दे रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय पर ध्वजारोहण कर पार्टी के विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए उनका मार्गदर्शन भी किया। इसके अलावा सभी राज्यों में पार्टी की ओर से तमाम कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं और अब तक के सफर में योगदान देने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को याद किया जा रहा है।

देखा जाये तो देश के राजनीतिक इतिहास में छह अप्रैल का दिन खास अहमियत रखता है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 1980 में आज ही के दिन हुई थी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा 1951 में स्थापित भारतीय जन संघ से इस नयी पार्टी का जन्म हुआ था। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने मुंबई में हुए अधिवेशन में भाजपा की नींव रखी थी और वह पार्टी के पहले अध्यक्ष भी चुने गये थे। दो सांसदों वाली पार्टी से तीसरी बार केंद्र में लगातार सरकार बनाने वाली पार्टी बनी भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी सदस्य संख्या वाली राजनीतिक पार्टी भी है। यही नहीं आज देश में भाजपा या भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की डेढ़ दर्जन से ज्यादा राज्यों में सरकार है। इस तरह पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की विचारधारा से उपजी भारतीय जनता पार्टी एक तरह से अपने स्वर्णिम काल में है।

जनता का भाजपा के प्रति आकर्षण इसलिए भी बढ़ता जा रहा है क्योंकि वह चुनाव परिणाम की परवाह किये बिना राष्ट्रहित के मुद्दों पर आगे बढ़ने में संकोच नहीं करती। अयोध्या में राम मंदिर बनाने की बात हो, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने की बात हो, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से निजात दिलाने की बात हो, वक्फ संशोधन विधेयक पारित कराने की बात हो, महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की बात हो या फिर समान नागरिक संहिता और %एक देश एक चुनाव% जैसे बड़े सुधारों पर आगे बढ़ने की बात हो, भाजपा ने बिना संकोच किये अपने नीतिगत मुद्दों पर कदम आगे बढ़ाया और राष्ट्र को प्रगति पथ पर ले गयी।

हम आपको यह भी बता दें कि भारतीय जनता पार्टी अपनी स्थापना के समय से ही पंच निष्ठाओं को लेकर चली है। यहं पंच निष्ठाएं हैं- 1- राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय एकता, 2- लोकतंत्र, 3- सामाजिक और आर्थिक विषय पर गांधीवादी दृष्टिकोण, 4- सकारात्मक पंथनिरपेक्षता, 5- मूल्यों पर आधारित राजनीति। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से तय किये गये संकल्प- 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', '2047 तक विकसित भारत' को सिद्ध करने के लिए भाजपा 'सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र के आधार पर काम करने में जुटी हुई है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)


प्रथम अध्यक्ष अटलजी से लेकर नए अध्यक्ष की प्रतीक्षा बेला तक

(प्रवीण गुगनानी)

1 मई, 1977 को भारतीय जनसंघ ने लगभग पाँच हज़ार प्रतिनिधियों के एक अधिवेशन में अपना विलय जनता पार्टी में कर दिया था। शीघ्र ही, जनता पार्टी का प्रयोग विफल हो गया था। इस स्थिति में सर्वाधिक किंकर्तव्यमूढ़ स्थिति में जनसंघ के कार्यकर्ता को खड़े होना चाहिए था।

आज जब देश भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के पदासीन होने की प्रक्रिया व प्रतीक्षा में हैं तब स्वाभाविक ही भाजपा की समृद्धशाली अध्यक्षीय परंपरा का ध्यान देश के मानस में उभर आता है। भारतीय जनता पार्टी का उत्थान, आरोह, अवरोह, विन्यास का मार्ग और आज के भारतीय राजनैतिक क्षितिज में उसकी चमकदार स्थिति कोई संयोग मात्र नहीं है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, नानाजी देशमुख आदि की राजनैतिक शुचिता व परंपरा के उत्तराधिकारी थे भाजपा के प्रथम अध्यक्ष श्रीमान अटल बिहारी वाजपेयी। भाजपा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने जिस प्रकार अपनी पार्टी को एक सुदृढ़ नींव प्रदान की, एक सैद्धांतिक आधार दिया, 'पार्टी विद डिफरेंस' के आसन पर विराजित किया वह सब एक तपस्या ही है। अटल जी से लेकर जे पी नड्डा तक भाजपा की अध्यक्षीय परंपरा, संघ परंपरा के संवाहक के रूप में ही हमें दिखती चली आई है। अटल जी, लालकृष्ण आडवाणी जी, मुरली मनोहर जी, कुशाभाऊ ठाकरे जी, जना कृष्णमूर्ति जी, वैंकया नायडू जी, राजनाथ जी, नितिन गड़करी जी, अमित शाह जी, जेपी नड्डा जी तक की अध्यक्षीय परंपरा पर संघ, जनसंघ व भाजपा की समूची तपस्या व साधना का अमिट प्रभाव रहा है।

1 मई, 1977 को भारतीय जनसंघ ने लगभग पाँच हज़ार प्रतिनिधियों के एक अधिवेशन में अपना विलय जनता पार्टी में कर दिया था। शीघ्र ही, जनता पार्टी का प्रयोग विफल हो गया था। इस स्थिति में सर्वाधिक किंकर्तव्यमूढ़ स्थिति में जनसंघ के कार्यकर्ता को खड़े होना चाहिए था। सर्वाधिक सांगठनिक हानि जनसंघ की ही हुई थी। जनसंघ का सामान्य कार्यकर्ता गहन हताश और निराश हो जाना चाहिए था! किंतु ऐसा कतई नहीं हुआ!! क्योंकि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शीर्ष नेतृत्व स्थितियों को केवल भाँप ही नहीं रहा था अपितु भली भाँति नब्ज पर हाथ रखें हुए था। स्वयंसेवकों के समक्ष स्वयंसेवक होने या जनता पार्टी के सदस्य होने में से किसी एक को चुनने का यक्ष प्रश्न उभर रहा था। इस बेला में ही भाजपा जन्म का बीजारोपण हो चुका था। यही कारण था कि, 4 अप्रैल, 1980 को जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति ने अपने सदस्यों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य होने पर प्रतिबंध लगाया और मात्र दो सूर्योदय के बाद 6 अप्रैल, 1980 को भाजपा स्थापित हो चुकी थी। यह संघ के संत जैसे प्रचारकों व देवस्वरूप गृहस्थ कार्यकर्ताओं की दूरदृष्टि का ही परिणाम था।



भाजपा के सभी अध्यक्षीय कार्यकाल एक से बढ़कर एक रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्षों की भौगोलिक या राज्यीय पृष्ठभूमि, सांगठनिक पृष्ठभूमि, कार्यशैली, भाषायी पृष्ठभूमि, शिक्षा क्षेत्र, अनुभव बड़े ही विविधतापूर्ण रहे हैं। मात्र 45 वर्ष की आयु वाले इस युवा संगठन का समूचे देश में सतत व तीव्रता से बढ़ता हुआ जनाधार ही इसकी अद्भुत व सफल अध्यक्षीय परंपरा का परिचायक है।

आज भाजपा के बड़े स्तर पर सत्तासीन हो जाने से लोग बहुधा एक बात कहते हैं; अरे, अब यह 'पार्टी विद डिफ़रेंस' नहीं रही। विरोधी दल स्वानंद के लिए यह कह लें किंतु भाजपा आज भी 'पार्टी विद डिफ़रेंस' ही है!! भाजपा में अनेक दलों से करोड़ो कार्यकर्ता आकर सम्मिलित हुए हैं, लाखों पदाधिकारी आए, हजारो सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि आये; किंतु क्या भाजपा ने क्या मंदिर को छोड़ा? कश्मीर को छोड़ा? समान नागरिक संहिता को छोड़ा? तुष्टिकरण के विरुद्ध अभियान को छोड़ा? हिंदुत्व के आग्रह को छोड़ा? और तो और भारतीय मुस्लिम महिला समाज को, उसकी दोज़ख़ी कुप्रथाओं से बाहर निकालने का नया काम भी भाजपा ने अपने हाथों में ले लिया!! यह श्रृंखला, यह कृतत्व ही बताता है कि भाजपा आज भी 'द पार्टी विद डिफरेंस' ही है। आप पिछले एक दो दशक में सभी भारतीय दलों दलों द्वारा विकसित किये गए विमर्शों को जांचे तो पता चलेगा की वैचारिक दृष्टि से शेष दल सुविधाभोगी हो गए हैं किंतु भाजपा ने अपना वैचारिक आग्रह नहीं छोड़ा। भाजपा ने दुसरे दलों से कार्यकर्ता, पदाधिकारी, विधायक, सांसद अपने दल में लिए अवश्य किंतु आने वाले व्यक्ति और उनके विचार बदले हैं भाजपा का वैचारिक आग्रह नहीं बदला है। भाजपा आज भी अपने संघी ध्रुव पर, एकात्म मानववाद पर, अन्त्योदय पर, राममंदिर पर, समान नागरिक संहिता पर, मुस्लिम सुधार पर और ऐसे अनेक विषयों पर अंगद और अटलभाव से खड़ी हुई है। यह भाजपा की समृद्धशाली अध्यक्षीय परंपरा का ही परिणाम है।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अल्पमत की सरकार बनाने के बाद भी नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा संसद में नए वक़्फ़ बिल 'उम्मीद' का प्रस्तुत होने से लेकर पारित होने तक की प्रक्रिया, भाजपा की अटल जी से लेकर जेपी नड्डा तक की राष्ट्रनिष्ठ अध्यक्षीय परंपरा का प्रताप ही है।

भाजपा की अध्यक्षीय परंपरा की तुलना यदि हम कांग्रेस से या दूसरे राजनैतिक दलों से करें तो हमारे समक्ष एक भयावह दृश्य प्रस्तुत होता है। कांग्रेस सहित अन्य सभी राष्ट्रीय या राज्यीय स्तर के राजनैतिक दलों में अध्यक्षीय आसंदी एक खिलौना बनकर रह गई है। पिता अपने पुत्र को अपनी अध्यक्षीय कुर्सी किसी खिलौने की भाँति ही उपहार में दे देता है। भाजपा से इतर अन्य पार्टियों के अध्यक्ष, कभी इस डाल पर तो कभी उस डाल पर बैठते हैं। वो विचार बदलते हैं, परिवार बदलते हैं, आधार बदलते हैं और नौ सौ चूहे खाकर कभी हज को तो कभी हरिद्वार को जाने का प्रपंच करते हैं! कांग्रेस, कम्युनिस्ट होकर कटुक, बिटूक गई है। कम्युनिस्ट लोग इस्लामिस्ट होने का ढोंग रच रहे हैं। हमारे देश में कम्युनिस्ट होने की नई परिभाषा है 'हिंदू विरोध मात्र'। साम्यवादी, समाजवादी तो पता नहीं क्या क्या प्रपंच कर रहे हैं।

सबसे बड़ी बात सत्तासीन होने के लिए ये लोग भारतीयता को छोड़ने में सदा अव्वल रहते हैं। 'भारतीयता को छोड़ना' इस एक बड़े शब्द का प्रयोग यहां किया है, किंतु आपके समक्ष कांग्रेस जनित आपातकाल और तुष्टिकरण के बाद के कालखंड के कुछ सामाजिक संदर्भ रख रहा हूं, थर्मामीटर लगाकर चैक करें कि इन संदर्भों में भाजपा से इतर वाले राजनैतिक दलों ने कितनी तेजी से सत्ता के लिए अपनी केंचुली बदली है। जनजातीय को हिंदुओं से अलग बताना, जैन और लिंगायत जैसे कुछ अन्य समुदायों को अलग धर्म या अल्पसंख्यक कराना, शाहबानों प्रकरण में न्यायालय के निर्णय को बदलना, एक देश दो विधान, आर्य अनार्य का वितंडा उपजाना, राममंदिर को संघ या भाजपा का कार्यालय बताना, अयोध्या निर्माण में बाधाएं उत्पन्न करना, रामेश्वर रामसेतु के विध्वंस हेतु मशीनों का बेड़ा भेजना, श्रीराम को काल्पनिक बताना, ऐन दीवाली की रात्रि को पूज्य शंकराचार्य की गिरफ्तारी, देश में कोविड वेक्सिन को भाजपा की वेक्सिन कहकर विरोध करना, विदेशों में वेक्सिन डिप्लोमेसी का विरोध करना, नक्सलवाद, खालिस्तान, बोडो, माओइज्म, अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध करना, पंडित विहीन कश्मीर, दक्षिण राज्यों में हिंदी विरोध के आधार पर राजनीति, भाषायी विभाजन, भीम मीम गठजोड़, मंडल-कमंडल, पूर्वोत्तर राज्यों में अलगाव, गुरमेहर कौर विवाद, चीन के साथ भारत के विवाद या संघर्ष में चीन की ओर झुकाव बताना जैसे कई कई मुद्दे हैं। ये और इन जैसे अनेक अन्य मुद्दों पर भारत के तथाकथित बुद्धिजीवी व प्रगतिशील राजनीतिक तत्वों ने सदैव ही राष्ट्र की मूलभावना के विपरीत आचरण प्रस्तुत किया है। भारत की परिवार परम्परा और विवाह परम्परा के विरुद्ध इनके षड्यंत्र आए दिन नए नए रूप में देश के प्रत्येक भाग में उभरते रहते हैं। सीआरपीएफ के 75 सैनिकों के नक्सलियों से संघर्ष करते हुए बलिदान होने पर उत्सव मनाने जैसी घटनाएं ये लोग आए दिन करते रहते हैं। भाजपा को छोड़कर अन्य भारतीय राजनैतिक दलों की अध्यक्षीय परंपरा इतनी विपन्न, विचित्र व विछिन्न-विदीर्ण रही है कि उसे स्वार्थी प्रोपराइटर शिप कहना अधिक उचित होगा। (लेखक विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार, राजभाषा है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

संक्षिप्त समाचार

करंट से कार सर्विसिंग सेंटर के प्रोपराइटर की मौत

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विश्रामपुर नगर पंचायत मुख्यालय स्थित कार सर्विसिंग सेंटर के प्रोपराइटर 30 वर्षीय प्रदीप पाठक की मौत विद्युत करंट की चपेट में आने से हो गई। घटना सोमवार के दोपहर की है। जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार पाठक सर्विसिंग सेंटर में कार वासिंग के लिए मोटर का स्विच ऑन करने गए थे। इसी बीच विद्युत प्रवाहित एक नंगे तार की चपेट में आ गए। प्रदीप को बचाने गए उनके पिता श्याम किशोर पाठक भी जख्मी हो गए। घायलावस्था में दोनों को विश्रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने जांचोपरांत प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।

सड़क दुर्घटना में सोनारी के युवक की मौत

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिष्टुपुर थाना अंतर्गत एसएसपी आवास के पास एक सड़क दुर्घटना में सोनारी खूंटाडीह निवासी कालीचरण गोप की मौत हो गई जबकि उसका साथी रोहन मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां से मृतक कालीचरण के परिजन उसके शव को अपने साथ ले गए जबकि रोहन को बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक खूंटाडीह बजरंग अखाड़ा के सक्रिय सदस्य थे और रामनवमी जुलूस में भाग लेने जा रहे थे। इसी दौरान वे पूजा की कुछ सामग्री लेने निकले थे। वापसी के क्रम में उनकी बाइक डिवाइडर से जा टकराई जिससे कालीचरण की मौके पर ही मौत हो गई।

बाबा नाम केवलम कीर्तन का आयोजन

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से रविवार को एक दिवसीय बाबा नाम केवलम् अखंड कीर्तन, सेवा और पर्यावरण संरक्षण का अनुपम आयोजन किया गया। इस अवसर पर 200 जरूरतमंदों को भोजन कराया गया और 100 पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य विमलानंद अवधूत ने कहा कि बाबा नाम केवलम् केवल एक मंत्र नहीं, बल्कि अनन्य भाव से कीर्तन करने का माध्यम है जो मन को जड़ता से ऊपर उठाकर उच्च चेतना की ओर ले जाता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक कीर्तन करें जिससे मानसिक और आत्मिक शुद्धि संभव हो सके।

आदित्यपुर में डीआरएम का लाइन व स्टेशन निरीक्षण

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। चक्रधरपुर के डीआरएम तरुण हुरिया ने सोमवार को आदित्यपुर स्टेशन, यार्ड एवं नई लाइन का निरीक्षण किया। डीआरएम ने तीन दिन पूर्व भी आदित्यपुर स्टेशन के चप्पे-चप्पे का निरीक्षण कर यात्री सुविधा का कार्य जल्द खत्म करने का आदेश दिया था। इससे ट्रेनों में पानी देने के लिए प्लेटफॉर्म पर हाइड्रेंट, प्लेटफॉर्म पर शेड, चार टिकट काउंटर और खानपान स्टॉल खोलने का आदेश हुआ था। दरअसल, ट्रेन परिचालन से पूर्व स्टेशन क्षेत्र में मूलभूत सुविधा मुहैया कराने का लक्ष्य है।

सेवा भारती और मारवाड़ी सम्मेलन ने किया स्वागत

लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। श्रीरामनवमी के शोभा यात्रा में शामिल राम भक्तों का लोहरदगा जिला सेवा भारती एवं जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने स्वागत किया। अध्यक्ष दीपक सर्राफ के नेतृत्व में ठंडे पानी, चना, शर्बत आदि बांटा गया। शोभा यात्रा का स्वागत करनेवालों में दीपमाला अग्रवाल,अंजलि सराफ, प्रज्ञा राज, विद्या सिंह, अतुल सर्राफ, अनिकेत कुमार सराफ,सूर्य प्रताप चौहान,हर्ष रजक,नमन केसरी आदि थे।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लातेहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शहर के शिवपुरी मुहल्ला में शनिवार की रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने का मुख्य कारण पारिवारिक विवाद बताया जाता हैं। उक्त युवक की पहचान महावीर प्रसाद के पुत्र अनमोल कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक के घर में किसी बात को लेकर उसकी मां से कहां सुनी हो गया था। जिसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। जब उसकी मां ने अपने बेटा को खाना खिलाने के लिए कमरे में बुलाने गई। परंतु उसने दरवाजा नहीं खोला,जिसके बाद कमरे के ऊपर वेंटिलेशन में आसपास के लोगों ने देखा कि युवक रस्सी के सहारे लटका हुआ हैं। जिसके बाद दरवाजा को खोलकर युवक के शव को उतारा गया और पुलिस को सूचना दी गई। वहीं आनन फानन मे मुहल्लावासी और पुलिस ने युवक को सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक की मां का रो रोकर बुरा हाल हैं। उक्त युवक अपने मुहल्ला में अपने घर में मोबाइल दुकान चलाता था। घटना की सूचना मिलने पर सदर पुलिस अग्रेतर कारवाई मे जुट गई है।

नाली के गंदे पानी से श्रद्धालु रहे परेशान

लातेहार/बरवाडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बरवाडीह बाजार सड़क पर नाली के बहते गंदे पानी से रामनवमी पर मंदिर में पूजा करने जाने -आने में श्रद्धालुओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। पंचमुखी गेट के सामने सड़क पर नाली के टूटने के कारण कई दिनों से नाली का गंदा पानी बह रहा है,लेकिन नाली को ठीक कराने की पहल अधिकारियों के द्वारा नही की जा रही है। कई लोग बहते गंदे पानी को लेकर व्यवस्था को कोसते भी दिखे गए। कई लोगो ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर विकास योजनाओं की राशि किस लिए आती है,जो इसे टूटे नाली को टूटे अवस्था मे छोड़ दिया गया है ,जो लोगो के लिए परेशानी सबब बन गया है। बीच रास्ते में गड्ढा बन गया है। वाहनों के भी दुर्घटना होने का भय हमेशा बना हुआ है।

राजद ने लगाया रामभक्तों के लिए शीतल पेय पदार्थ का शिविर

कोडरमा/झुमरी तिलैया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रामनवमी जुलूस के दौरान विभिन्न अखाड़ा व पूजा समिति के लोगों के लिए राजद द्वारा झंडा चौक पर शीतल पेय पदार्थ का शिविर लगाया गया। इसकी शुरूआत राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने रामभक्तों के बीच शरबत, लस्सी, पेयजल का वितरण कर किया। उन्होंने लोगों को रामनवमी की शुभकामनायें देते हुए शांति व सौहार्द्र से पर्व मनाने की अपील की। मौके पर राजद के लोग मौजूद थे।

विजयदशमी पर सिंदूर अर्पण कर मां को दी गई विदाई

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विजयादशमी पर देवी दुर्गा को सिंदूर अर्पण कर विदाई दी गई। कालीबाड़ी और पूजा पंडालों बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं दी और मां दुर्गा से आशीर्वाद लेकर नाच गाकर उन्हें विदा किया। इसके साथ ही देवी मां को अगले साल फिर आने का आमंत्रण भी दिया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सदा सुहागन रहने की कामना की। माता को सिंदूर अर्पण करने के लिए सुबह से ही शहर के पंडालों में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। हाथ में सिंदूर, प्रसाद समेत अन्य सामग्रियों के साथ महिलाएं कतारबद्ध होकर मंदिरों व पंडालों में पहुंच गई थी। यहां सुहागिनों ने पान के पत्तों और पूजन सामग्रियों से मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। मां को सिंदूर लगाने के बाद उपस्थित महिलाओं ने एक - दूसरे को लंबी सिंदूर लगाया।

दिल्ली से लौटते ही एक्शन में दिखे कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक



मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में पलामू जिला के सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। बैठक में नियुक्त प्रखंड अध्यक्षों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इसमें चैनपुर प्रखंड में अखिलेश चौधरी, सदर मेदिनीनगर ललित कुमार सिंह, मेदिनीनगर नगर निगम हैदर खान, रामगढ़ पंकज सिंह, पांकी प्रखंड अमिताभ शर्मा, तरहसी प्रखंड रविंद्र पासवान, लेस्लीगंज प्रखंड सुधीर कुमार सिंह को नियुक्ति पत्र दिया गया।

बैठक में सभी प्रखंडों की समीक्षा की गई। प्रखंड कमेटी, मंडल कमेटी व पंचायत कमेटी पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि जिन्हें जो जवाबदेही मिली है उसे निर्वहन करना होगा। पिछले 4 अप्रैल को दिल्ली में जिला अध्यक्षों की बैठक में कार्य का जिम्मेवारी दी गई है उससे संबंधित सभी प्रखंड अध्यक्षों को बताया गया कि जनता आशा व विश्वास के साथ महागठबंधन की सरकार बनवाई है । उनका विश्वास बना रहे। इसके लिए सभी प्रखंड अध्यक्षों को मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के समीप कैंप लगाना है। उस कैंप के माध्यम से ऑनलाइन संबंधी कार्य, जमीन संबंधी कार्य, राशन संबंधी कार्य सहित सभी वैसे कार्य जो प्रखंडों से संबंधित हैं, इसे कराना है। जनता संबंधित कार्य के लिए लगातार प्रखंडों का चक्कर लगाया करते हैं। उन्हें सहयोग प्रदान करना है। गांव में लोगों को रोजगार मिले इसके लिए मनरेगा के तहत जो भी मजदूर काम मांगते हैं उन्हें काम दिलवाने के लिए सभी प्रखंड अध्यक्षों को मंगल दिवस के कैंप में सभी मनरेगा मजदूरों को काम मिले इस दिशा में काम करें। प्रखंड अध्यक्ष के सहयोग के लिए मंडल अध्यक्ष का भी जिम्मेदारी उतना ही है। इसके साथ ही प्रखंड कमेटी के उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव व पूरे प्रखंड के कमेटी की जिम्मेवारी बनती है कि अध्यक्ष के साथ मिलकर जनता के कार्यों को सुगम बनाएं। बैठक में शमीम अहमद राईन, ईश्वरी सिंह, तारकेश्वर पासवान, सत्येंद्र सिंह, शैलेश चंद्रवंशी, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, मिट्ठू खान, तुलसी पासवान, एमडी फैयाज, नंदकिशोर मिश्रा, अनिल सिंह, शहजाद अली, प्रदीप सिंह, गोपाल सिंह, मोहम्मद मुस्ताक, परवेज आलम, रामानंद पांडेय, सुनील पासवान, रवींद्र शुक्ला, संजीव सिंह, सच्चिदानंद शुक्ला, गुप्तेश्वर पांडेय, लल्लू सिंह, नदीम खान, विष्णुदेव यादव, प्रमोद यादव, मीर खुर्शीद आलम, संजू देवी, सुरेन्द्र भुइंया आदि उपस्थित थे।

लू-तापघात को लेकर जारी एडवाइजरी का आमजन करें अनुपालन : उपायुक्त

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बढ़ रही गर्मी के चलते जिला प्रशासन ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत है। उपायुक्त विजया जाधव ने जिलावासियों से अपील किया है कि वह जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी एडवाइजरी का अनुपालन करें। लू खतरनाक साबित हो सकती हैं। इसके प्रभाव को कम करने तथा रोक-धाम के लिए आमजन निम्नलिखित सावधानियाँ बरतें :-

सुरक्षा के उपाय

- जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें।
- जितनी बार हो सकें पानी पीयें। सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें।
- जब भी बाहर धूप में जायें हल्के रंग के और ढीले-ढीले सूती कपड़े पहनें, धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकें और हमेशा जूते या चप्पल पहनें।
- अधिक तापमान में कठिन काम ना करें। जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर के काम से बचें।
- खाली पेट न रहे तथा धूप में नंगे पाव न चले।
- अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा, छाता एवं धूप वाले चश्मा का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर व गर्दन पर रखें।
- हल्का भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले फल जैसे तरबूज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटिन वाले भोजन का सेवन ना करें, जैसे मांस या मेदे, जो शारिरिक ताप को बढ़ाते हैं।
- घर में बना पेय जल जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, छाछ, नींबू पानी, आम का पन्ना इत्यादि का नियमित सेवल करें।
- बच्चों और पालतू जानवारों को पार्क किए हुए वाहनों में अकेला ना छोडे।
- जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें।
- अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियाँ खुली रखें।
- अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

लू के प्रमुख लक्षण

- पसीना आना त्वचा का गर्म-लाल एवं शुष्क होना सिरदर्द, थकान, चक्कर एवं उल्टी आना बेहोश हो जाना आंखों की पुतलियां छोटी हो जाना

लू लगने पर क्या करें

- लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें। अगर तंग कपड़े हो तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछे या ठंडे पानी से नहलायें।
- व्यक्ति को ओआरएस/ नींबू पानी / नमक-चीनी का घोल पीने को दें, जो कि शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सकें।
- यदि व्यक्ति पानी की उल्टियों करे या बेहोश हो, तो उसे कुछ भी खाने वा पीने को न दें।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार ना हो तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाएँ।

खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप को श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल ने किया सम्मानित



मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता। खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा रावण दहन कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ा योगदान दिया है। उक्त बातें जेनरल महामंत्री विजय ओझा ने कही। ओझा ने श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के पारितोषिक वितरण समारोह का संचालन करते हुए कहा कि अष्टमी तिथि को रावण दहन के समय एकमात्र खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप ने सेवा का स्टाल लगाया था । इसके लिए खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप को विशेष तौर पर कार्यक्रम प्रभारी अमित सिन्हा व सह प्रभारी हिमांशु शेखर को पगड़ी पोशी करते हुए शिल्ड व तलवार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप के सक्रिय सदस्य सह श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल भी मौजूद थे। खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन रजनीश सिंह, अध्यक्ष नवदीप सिंह ऋषि, कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष रितेश कुमार टिंकू व नवीन तिवारी ने सभी सदस्यों को इस आयोजन की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन सभी का मंच के प्रति समर्पण का प्रतिफल है। मंच इसी तरह अपनी सामाजिक सक्रियता बढ़ाते हुए समाजिक सुरक्षा के प्रति श्रद्धाभाव से कार्य करते रहेगी।

एनआईटी जमशेदपुर में सतही खुरदरापन पर कार्यशाला

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एनआईटी जमशेदपुर में सतही खुरदरापन एवं बनावट का मूल्यांकनः सिद्धांत एवं व्यवहार विषयक पांच दिवसीय कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला एनआईटी जमशेदपुर पूर्व छात्र संघ एवं औद्योगिक एवं पूर्व छात्र संपर्क प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला 7 से 11 अप्रेल तक आयोजित की जाएगी तथा इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को सतही संरचना की नवीनतम मापन विधियों, विश्लेषणात्मक तकनीकों एवं औद्योगिक मानकों की गहन जानकारी प्रदान करना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वायुगतिकीय, औद्योगिक, जैवचिकित्सकीय एवं निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सतही बनावट की व्याख्या एवं गुणवत्ता मूल्यांकन पर केंद्रित है।कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर प्रतिष्ठित अतिथि, औद्योगिक विशेषज्ञ, अंतरराष्ट्रीय विद्वान एवं संस्थान के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. रामकृष्ण (कार्यशाला संयोजक) ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि सतही खुरदरापन एवं बनावट केवल तकनीकी शब्द नहीं, बल्कि गुणवत्ता, परिशुद्धता एवं प्रदर्शन की पहचान हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक अनुभव प्रदान करना है।

श्रीरामनवमी का त्यौहार बढ़ाता है आपसी सौहार्द व भाईचारा : आलोक चौरसिया

रामनवमी के अवसर पर सुआ कौड़िया में हुआ चैता दोगोला आयोजित



मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रामनवमी के दिन ही भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। भगवान श्री राम के जन्मदिन पर उनके आदर्शों को आत्मसात कर जीवन को धन्य करें। उक्त बातें डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कही। वे रामनवमी के अवसर पर मेदिनीनगर सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया में आयोजित चैता सह दोगोला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पहले उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। कहा कि चैता दुगोला कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के बीच आपसी सौहार्द व भाईचारा बढ़ता है। कहा कि सदर प्रखंड का सुआ कौड़िया गांव सांप्रदायिक एकता व सौहार्द का मिशाल पलामू ही नहीं पूरे झारखंड में पेश करता है।

मौके पर पूजा कमिटी ने विधायक का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर व्यास शिवशंकर यादव व स्वामीनाथ के बीच चैता दोगोला का जमकर मुकाबला हुआ। दोनों व्यास ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर जेनरल अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, जिला परिषद सदस्य बासो देवी, मुख्य संरक्षक टाईगर कुमार, भीष्म चौरसिया, अजय चौधरी, रणधीर सिंह, हृदया सिंह, प्रेम प्रकाश ठाकुर, सुआ मुखिया दुलारी देवी, कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, झाबर मुखिया संगीता देवी, पंसस अजीत सिंह, सदर बीडीओ जागो महतो, सर्किल इंस्पेक्टर सह मेजर सुरेश राम, सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार, एसआई रंजीत कुमार, अनिल विश्वकर्मा, एसआई अजय गुप्ता, अमलेश चौरसिया, सुबोध विश्वकर्मा, उपाध्याय सिंह, रविंद्र सिंह, मुन्ना ठाकुर, अक्षय सिंह, अध्यक्ष नंदू सिंह, शक्तिमान विश्वकर्मा, उदेश्वर बैठा, लखन ठाकुर, दिनेश सिंह, संतोष प्रसाद गुप्ता, देवेंद्र ठाकुर, सुदर्शन ठाकुर समेत कई लोग शामिल थे।

राजनीतिक नेतृत्व व पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर संवाद ही है सुशासन की आधारशिला : राजीव प्रताप रूडी

सारण सांसद ने सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में दिया व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



छपरा (सारण)। सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में 77वीं रेगुलर रिक्रूट बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) प्रोबेशनर्स के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र के तहत एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस सत्र में कुल 217 अधिकारी प्रशिक्षु शामिल हुए, जिनमें भूटान, नेपाल व मालदीव के 16 विदेशी अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी ने 'पुलिस-राजनीतिज्ञ इंटरफेस, पारदर्शी शासन व सामुदायिक पुलिसिंग' विषय पर अपने अनुभव व विचार साझा किए। अपने संबोधन में सांसद रूडी ने कहा कि प्रशासन व राजनीति एक-दूसरे के पूरक हैं।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासन के बीच संवाद और सहयोग की भावना ही सुशासन की आधारशिला है। जनप्रतिनिधियों की दृष्टि और अधिकारियों की कार्यकुशलता मिलकर ही देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा सकती है। श्री रूडी ने कहा कि राज्य सरकार की असली पहचान जिलों में कार्यरत अधिकारियों से होती है। आमजन के लिए एसडीओ, एसपी व डीएम ही सरकार के प्रतिनिधि होते हैं। उनकी संवेदनशीलता, पारदर्शिता व जन संवाद की क्षमता ही लोकतंत्र को मजबूत बनाती है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रोबेशनर्स ने सांसद द्वारा साझा किए गए अनुभवों को प्रेरणादायक बताया और सामुदायिक पुलिसिंग व प्रशासनिक सहयोग के महत्व को बेहतर तरीके से समझा।

1.10 करोड़ की लागत से बना खेल स्टेडियम रख-रखाव के अभाव में पड़ा है बेकार

कोडरमा/जयनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। करोड़ों की लागत से बना खेल स्टेडियम रख रखाव के अभाव में बेकार पड़ी है। पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य योजना विभाग की ओर से जयनगर प्रखंड के डंडाडीह में करीब आठ वर्ष पूर्व लगभग 1.10 करोड़ की लागत से बना प्रखंड स्तरीय स्टेडियम बना था। गौरतलब है कि विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए इस स्टेडियम का निर्माण कराया गया था, जिससे प्रखंड स्तरीय फुटबाल, क्रिकेट, कबड्डी आदि प्रतियोगिता का आयोजन कर खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा, लेकिन दुर्भाग्य से आज तक एक भी प्रतियोगिता आयोजित नहीं हुई। सुब्रतो कप फुटबाल टूर्नामेंट समेत अन्य खेलकूद का आयोजन प्लस टू हाई स्कूल जयनगर के मैदान में ही होता आ रहा है। स्टेडियम को खेल व खिलाड़ियों से गुलजार करने की किसी ने सुध नहीं लिया है।

समुचित स्वास्थ्य प्रबंधन को लेकर एंबुलेंस ईएमटी को किया गया प्रशिक्षित

आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अलावा की गई एंबुलेंस की टैगिंग : सिविल सर्जन



सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चमकी बुखार यानी एईएस के बढ़ते खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क हो गया है.लेकिन समय पर प्रभावी प्रबंधन के लिए एंबुलेंस सेवा 102 से जुड़े इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियनों को विशेष रूप से प्रशिक्षक सह सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू में कार्यरत जी एन एम कुमारी अर्चना और महिला वार्ड में कार्यरत जीएनएम शोभा कुमारी और जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार नीरज कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से लगभग 50 ईएमटी को चमकी बुखार के लक्षणों की पहचान, प्राथमिक उपचार और समय पर अस्पताल रेफर करने की प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षित किया गया. सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि चमकी बुखार और जेई से निपटने को लेकर जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है. क्योंकि सदर अस्पताल परिसर में विगत दिनों बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई वार्ड का उद्घाटन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय के द्वारा किया गया है. जहां पर 10 बेड को तैयार किया गया है. जबकि अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज में 5 बेड. वहीं रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो - दो बेड तैयार कर चमकी बुखार से निबटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम मुस्तैद है. क्योंकि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है. आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही एंबुलेंस की टैगिंग भी कर ली गयी है. शिशु रोग विशेषज्ञों और चिकित्सा पदाधिकारियों को संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज के लिए आने वाले बच्चों का बेहतर तरीके से उपचार करने को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया है.

एईएस के मामलों में बेहद कीमती होता है प्रत्येक मिनट

इस संबंध में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश लाल ने बताया कि हर साल गर्मी के मौसम में एईएस के मामले बढ़ जाते हैं. लेकिन इस बीमारी को रोकने और समय पर स्वास्थ्य संस्थान पहुंचाने में ईएमटी कर्मचारियों की भूमिका बेहद अहम होती है, क्योंकि यही लोग मरीज के संपर्क में सबसे पहले आते हैं. यदि उस समय इन लोगों द्वारा सही कदम उठाया जाए तो मरीज की जान आसानी से बचाई जा सकती है. वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि समय रहते पीड़ित बच्चे की जान बचाई जा सके. वहीं प्रशिक्षकों द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के पहले दिन उपस्थित ईएमटी को बताया गया कि एईएस के मामलों में प्रत्येक मिनट बेहद कीमती होता है, इसलिए लक्षण पहचानते ही पीड़ित बच्चे को बगैर समय गंवाए सरकारी अस्पताल पहुंचाना जरूरी होता है। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षिका जीएनएम कुमारी अर्चना और शोभा कुमारी, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे.

छूटे गांवों- टोलों में बिजली पोल व तार लगाने की मांग

कोडरमा/मरकच्चो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सांसद प्रतिनिधि शंभू सिंह ने सहायक विद्युत अभियंता को ज्ञापन सौंप प्रखंड के छूटे हुए गांवों व टोलों में बिजली पोल व तार लगाने की मांग की है। इसमें मरकच्चो मध्य पंचायत में कोटवार मुहल्ला से श्याम सिंह के घर तक पोल व तार, रविदास मुहल्ला में जितेंद्र दास के घर के पास पोल व तार,पश्चिम मुहल्ला मे मुकेश सिंह व उपेंद्र सिँह के घर के पास पोल व तार,दामोदर डोम के घर से अनिल सिंह के घर तक पोल व तार, पपलो पंचायत के मथुरा महतो के घर से सुरेंद्र राणा के घर तक,काली मंदिर से शंकर विश्वकर्मा के घर तक पोल व तार, खुशरो राणा के घर से ट्रांसफरमर तक पोल व तार और चोपना पंचायत के लोगों ने ज्ञापन की प्रतिलिपि बीडीओ को भी दी गयी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में मनोरंजन का मुख्य साधन है मेला, दुगोला व सांस्कृतिक कार्यक्रम : डॉ कौशल

- रामनवमी पर कंडा, इटको व नावा बाजार में निकले जुलूस में शामिल हुए डॉ कौशल व जिला पार्षद अमित
- डा कौशल व अमित कुमार ने पौधरोपण कर किया गायन मुकाबला का शुभारंभ



मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिले के छतरपुर चराई पंचायत स्थित कुटिया पर गायन मुकाबला का शुभारंभ विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल व छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कार्यकताओं के साथ केरकी कुटिया परिसर में हिमाचल का कपूर पौधा लगाकर किया।

इससे पहले पर्यावरण धर्म के तहत कन्या पूजन के पश्चात पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पर्यावरणविद ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। श्रीराम नवमी पूजा पर लोगों को शुभकामना दी । डॉ कौशल ने कहा कि वर्ष 1990 में कुटिया प्रांगण में मेला व दुगोला का शुभारंभ किया गया था। आज उसी परंपरा के अनुरूप आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्र से काफी संख्या में हर उम्र के लोग शामिल होकर मेला व दुगोला दोनों का भरपूर लुफ्त उठाते हैं। जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने श्रीराम नवमी पूजा की शुभकामना दी।कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मेला व दुगोला का बहुत बड़ा महत्व है। उन्होंने कमेटी के लोगों की सराहना की। कहा कि उनके अथक प्रयास के कारण ही मेला व दुगोला का सफल आयोजन होते आ रहा है। आज ऐसे आयोजन की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। ऐसे आयोजन से पुरानी सभ्यता व संस्कृति की रक्षा करने में मदद मिलती है। दुगोला गायन मुकाबला में लोक गायक मुन्ना सिंह व व्यास राहुल कुमार सिंह की जोड़ी ने रात भर एक से बढ़कर एक गीत- संगीत प्रस्तुत कर क्षेत्र के लोगों को भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन कमेटी में शिवनाथ सुरीला, कपिल सिंह, पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह, बिरजू सिंह,मनोज गुप्ता, सुभाष गुप्ता, पंकज विश्वकर्मा, कृष्ण यादव, संजय यादव, मोती साव, दीपक गुप्ता, कमलेश यादव, उमेश राम, कप्पू सिंह, अक्षय ठाकुर, कुलदीप सिंह, सोहराई सिंह, नागेश्वर सिंह, लाल बिहारी यादव, उपेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

टैरिफ: बेहतर स्थिति में भारत खिलौना उद्योग

घरेलू विनिर्माण बनाना होगा मजबूत; संयंत्र लगाना चाहती हैं कंपनियां

नईदिल्ली, एजेंसी। अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने के बाद शुरू व्यापार युद्ध के बीच भारत बेहतर स्थिति में है। भारतीय निर्यातक चीन व वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में ज्यादा लाभ उठा सकते हैं। घरेलू खिलौना उद्योग



भी मौके का फायदा उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। निर्यातकों का कहना है, अंतरराष्ट्रीय पहुंच बढ़ाने के लिए खिलौना उद्योग ने टैरिफ वार शुरू होने से पहले ही क्षमता विस्तार और वैश्विक कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम बनाने का काम शुरू कर दिया है। सनलॉर्ड समूह के प्रवर्तक अमिताभ खरबंदा ने कहा, अमेरिका के साथ होने वाले व्यापार समझौते से भी खिलौना कंपनियों को निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। खिलौनों के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना बनाने की बजट घोषणा से इस क्षेत्र को विस्तार में सहायता मिलेगी।

भारत में संयंत्र लगाना चाहती हैं कंपनियां- प्लेग्रो टॉयज इंडिया के सीईओ मनु गुप्ता ने कहा, चीन 80 अरब डॉलर और वियतनाम करीब 6 अरब डॉलर का खिलौना निर्यात करता है। अब उनके उत्पादों पर अमेरिका में भारतीय खिलौनों से अधिक शुल्क लगेगा। ऐसे में कई देशों की शीर्ष खिलौना कंपनियां भारत में संयंत्र स्थापित करना चाहती हैं। भारत का खिलौना निर्यात पिछले तीन वर्षों से 32.6 करोड़ डॉलर से 34.8 करोड़ डॉलर के बीच रहा है।

9 महीने में पहली बार सीएनजी के 1-3 बढ़े दाम फिर भी शेयर धड़ाम

नईदिल्ली, एजेंसी। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सीएनजी के दाम 1-3 प्रति किलोग्राम बढ़ा दी हैं। दिल्ली में सीएनजी 1/केजी महंगी हुई, जबकि अन्य शहरों (जैसे नोएडा, गाजियाबाद) में 3/केजी की बढ़ोतरी हुई है।यह जून 2024 के बाद दिल्ली में सीएनजी की पहली कीमत वृद्धि है। आईजीएल की कुल सीएनजी बिक्री में दिल्ली की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है, जबकि बाकी 30 प्रतिशत बिक्री अन्य शहरों से आती है।



शेयर पर असर

शेयर मार्केट में सुनामी की वजह से 4.31 पर्सेंट टूटकर आईजीएल 189 रुपये पर आ गया है। जेफरीज (ब्रोकरेज फर्म) के अनुसार, 2/केजी की बढ़ोतरी से आईजीएल का मार्जिन स्थिर रह सकता है। आईजीएल और एमजीएल (मुंबई गैस) के शेयर पिछले शीर्ष स्तर से अभी भी 30-33 प्रतिशत नीचे हैं।

क्यों बढ़ी कीमत- नवंबर 2024 में आईजीएल ने दिल्ली को छोड़कर अन्य शहरों में सीएनजी महंगी की थी। हाल ही में सरकार ने गैस की कीमत 4 प्रतिशत बढ़ाई है।

अप्रैल-सितंबर 2025 के लिए एपीएम गैस की कीमत 6.75 डॉलर प्रति एमएबीटीयू तय की गई है (पहले 6.5 डॉलर थी)। यह अप्रैल 2023 के बाद एपीएम गैस की पहली कीमत वृद्धि है, जो किरीत पारिख समिति की सिफारिशों के अनुरूप है।

6 दिनमें 2.26 लाख करोड़ स्वाहा

52 हफ्ते के लो पर पहुंचा रिलायंस का शेयर

नईदिल्ली, एजेंसी। दुनियाभर के शेयर बाजारों में आज भारी गिरावट देखी जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ और चीन की जवाबी कार्रवाई से निवेशकों के हाथ-पैर फूल गए हैं। दुनिया में मंदी और महंगाई बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। घरेलू शेयर बाजार में भी भारी गिरावट आई है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 3,000 अंक से अधिक गिर गया। इससे निवेशकों को 19.4 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों में भी सोमवार को भारी गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 7.4 प्रतिशत तक की गिरावट के साथ 52 हफ्ते के सबसे निचले स्तर 1,115.55 रुपये पर आ गया। इसके साथ ही कंपनी का शेयर अब छह कारोबारी सत्रों में 12.7 प्रतिशत गिर चुका है।



इस गिरावट से कंपनी के मार्केट कैप में 2.26 लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। कंपनी का मार्केट कैप अब 15.49 लाख करोड़ रुपये रह गया है। रिलायंस का शेयर पिछले एक साल में 21.6 प्रतिशत, छह महीने में 17.4 प्रतिशत और पिछले एक महीने में 5.3 प्रतिशत गिरा है। पिछले एक हफ्ते में ही शेयर 10 प्रतिशत गिर गया है। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 1,608.95 रुपये है। कंपनी का शेयर पिछले साल 8 जुलाई को इस स्तर पर पहुंचा था।

क्या कह रहे एक्सपर्ट्स- तकनीकी रूप से देखें तो शेयर पर अभी भी दबाव है। ये 50-दिन, 150-दिन और 200-दिन के एसएमएएस सहित सभी आठ प्रमुख सिंपल मूविंग एवरेज से नीचे कारोबार कर रहा है। 14-दिन का रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स 37.9 है, जो ओवरसोल्ड जोन के करीब है। रिलायंस जल्द ही अपनी पिछली तिमाही की कमाई का रिपोर्ट जारी करने वाली है। इससे पहले कई ब्रोकरेज कंपनियों ने रिलायंस के कारोबार को लेकर अपनी राय दी है। गोल्डमैन सैश का कहना है कि रिलायंस के शेयर खरीदने में फायदा है। पिछले फाइनेंशियल ईयर की चौथी तिमाही में कंपनी का ईबीअईटीडीए स्थिर रहेगा। उम्मीद है कि रिटेल से होने वाली कमाई में 6.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।

वहीं जियो की कमाई में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। सबकी नजर इस बात पर होगी कि स्नङ्क26 में रिटेल की ग्रोथ कैसी रहेगी और कंपनी नए ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर क्या अपडेट देती है। अनुमान है कि स्नङ्क26 में कंपनी की कमाई 18 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसकी वजह रिटेल में सुधार और जियो से होने वाली कमाई में तेजी होगी।

जर्मनी में मोटी सैलरी वाली नौकरी छोड़ गांव में शुरू किया काम, अब 1 करोड़ का टर्नओवर

नई दिल्ली, एजेंसी। अशोक कुमावत जर्मनी में अच्छी तनख्वाह पर नौकरी करते थे। लेकिन, हमेशा से वह अपना कुछ करना चाहते थे। नौकरी छोड़कर वह भारत लौट आए। गांव में आंवला और बाजरा से बने उत्पादों का बिजनेस शुरू करने का फैसला किया। उनका यह कदम सही साबित हुआ। उनके कारोबार का सालाना टर्नओवर बढ़कर 1 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। आइए, यहां अशोक कुमावत की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

जर्मनी में थे रोबोटिक्स ट्रेनर



अशोक कुमावत का इंजीनियरिंग बैकग्राउंड रहा है। वह रोबोटिक्स ट्रेनर थे। इंजीनियरिंग करने के बाद अशोक मिस्र गए। फिर वहां से जर्मनी चले गए। जर्मनी में उन्होंने 6 महीने रोबोट ट्रेनर की नौकरी की। उन्हें हर महीने 2 लाख रुपये मिलते थे। लेकिन, उन्हें अपने लोगों के लिए कुछ करने की इच्छा थी। इसलिए वह वापस अपने गांव लौट आए। वह राजस्थान के पाली गांव के रहने वाले हैं। अब अशोक एक सफल उद्यमी बन चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री स्व-रोजगार योजना के तहत लोन लेकर अपना कारोबार शुरू किया था। यह लोन 25 लाख रुपये का था।

कच्चे आंवला को बेहतर उत्पादों में बदला - अशोक राजस्थान में 35 बीघा के खेत पर काम करते हैं। वह कई तरह के फल उगाते हैं। उनके खेत में 1,000 आंवला के पेड़ हैं। कोरोना महामारी के बाद आंवला उत्पादों की मांग बढ़ गई। अशोक ने इस मौके को पहचाना। उन्होंने कच्चे आंवला को बेहतर उत्पादों में बदला। पहले आंवला 8-10 रुपये प्रति किलो बिकता था। अब वही आंवला 200-250 रुपये प्रति किलो बिकता है। अशोक ने 2020 में अपना स्टार्टअप शुरू किया था।

1 करोड़ से ज्यादा का टर्नओवर - अशोक का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। उनका सालाना कारोबार 25 लाख रुपये से बढ़कर 1 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। उन्हें आंवले के बारे में शुरू से ही पता था। उनके पिताजी खेती का काम करते हैं। उन्होंने आंवला और मिलेट्स उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग ली। अशोक ने अपने बिजनेस की शुरुआत खेत से की। लेकिन, ट्रांसपोर्ट का खर्च ज्यादा था। इसलिए उन्होंने जोधपुर इंडस्ट्रियल एरिया में एक प्लॉट खरीदा। वहां उन्होंने प्रोसेसिंग के काम आने वाली मशीनें लगाईं। इसके बाद उनका काम धीरे-धीरे बढ़ने लगा।

वॉल स्ट्रीट के लड़खड़ाने के बाद एशियाई बाजारों की फूली सांस; जापान, कोरिया और ऑस्ट्रेलिया में बुरा हाल


नईदिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए जवाबी टैरिफ के बाद दुनिया भर के बाजार डर और आशंकाओं के साए में कारोबार कर रहे हैं। व्यापार जंग की आहट के बीच अमेरिकी बाजार भी लड़खड़ा रहा है। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में शुक्रवार को भारी गिरावट देखी गई थी। इसके बाद सोमवार को जापान के शेयर बेंचमार्क में भी भारी गिरावट आई। टोक्यो के निक्केई 225 इंडेक्स में बाजार खुलने के तुरंत बाद करीब आठ फीसदी की गिरावट आई। ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी/एएसएक्स 200 में छह फीसदी से अधिक की गिरावट आई। ऐसे ही दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 4.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।



अमेरिका में हालात सबसे बुरे- अमेरिकी वायदा में और कमजोरी के संकेत मिले। एसएंडपी 500 के वायदा में 4.2 फीसदी की गिरावट आई, जबकि डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 3.5 फीसदी की गिरावट आई। नैस्डैक में भी 5.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

- **कोविड के बाद सबसे खराब प्रदर्शन-** इससे पहले शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में कोविड के बाद सबसे खराब प्रदर्शन देखा गया। इसने गिरावट का एक नया अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम किया। एसएंडपी 500 में 6 फीसदी की गिरावट आई और डॉव में 5.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नैस्डैक कंपोजिट में भी 5.8 फीसदी की गिरावट आई।
- **चीन के पलटवार के बाद बैकफुट पर अमेरिका-** यह गिरावट तब आई, जब चीन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से इस सप्ताह की शुरुआत में घोषित टैरिफ में बड़ी वृद्धि पर पलटवार कर अमेरिका पर नए शुल्कों का एलान कर दिया।

जेवर खरीदने वालों के लिए खुशखबरी, सोना और चांदी हुई सस्ती




मुंबई। शेयर मार्केट में ट्रंप टैरिफ की आग के बाद अब सर्राफा मार्केट में गर्मी बढ़ी है। सोना और चांदी के भाव पिघल रहे हैं। शादियों में सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए खुशखबरी है। शुक्रवार के बंद भाव की तुलना में आज 24 कैरेट सोना 2613 रुपये सस्ता होकर 88401 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 4535 रुपये टूटकर 88375 रुपये किलो पर आ गई।

आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड अब 2603 रुपये सस्ता होकर 88047 रुपये पर आ गया है। 22 कैरेट गोल्ड भी 2394 सस्ता होकर 8394 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। 18 कैरेट सोने का भाव आज 1960 रुपये सस्ता होकर 66301 रुपये है। अप्रैल में सोना सोना अबतक 2613 रुपये सस्ता हो चुका है। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। अप्रैल में सोना सोना अबतक 2613 रुपये सस्ता हो चुका है। जबकि, चांदी के भाव 12559 रुपये गिरे हैं। साल 2025 की बात करें तो सोना 12661 रुपये और चांदी 2358 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ था।

भारत में 39 फीसदी से अधिक बैंक खाते महिलाओं के नाम

बचत में भागीदारी भी सबसे अधिक उन्हीं की

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के कुल बैंक खातों में से 39.2 फीसदी बैंक खाते महिलाओं के नाम हैं। इसके साथ ही दिलचस्प बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा और भी अधिक है। मसलन यहां महिलाओं के नाम 42.2 फीसदी बैंक खाते हैं। यह खुलासा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रविवार को जारी भारत में महिला और पुरुष 2024 : चयनित संकेतक और तथ्य शीर्षक से प्रकाशित 26वीं रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट भारत में लैंगिक स्थिति की व्यापक तस्वीर पेश करती है। इसमें जनसंख्या, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक भागीदारी और निर्णय-निर्माण जैसे क्षेत्रों से संबंधित आंकड़े शामिल हैं। ये आंकड़े विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी विभागों से जुटाए गए हैं। मंत्रालय के बयान के मुताबिक, महिलाएं कुल बैंक जमा राशि में 39.7 फीसदी का योगदान देती हैं। ग्रामीण भारत में उनकी भागीदारी सबसे अधिक है, जहां लगभग हर दो में से एक खाता महिला के नाम है। इससे भी अच्छी बात है कि बैंक खातों में महिलाओं भागीदारी ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक है। यहां खाताधारकों में उनकी हिस्सेदारी 42.2 फीसदी है।



डीमैट खातों में भी बढ़ने लगी महिलाओं की भागीदारी- रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं की शेयर बाजार में रुचि बढ़ने के कारण डीमैट खातों की संख्या में भी जबरदस्त वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2021 से 30 नवंबर 2024 के बीच डीमैट खाते 3.326 करोड़ से बढ़कर 14.302 करोड़ जा पहुंचे हैं यानी इनमें चार गुना से भी अधिक की बढ़ोतरी हुई है। बशर्ते पुरुष खाताधारकों की संख्या अब भी अधिक है, लेकिन महिला भागीदारी में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 2021 में पुरुष खातों की संख्या 2.659 करोड़ थी। यह 2024 में बढ़कर 11.531 करोड़ तक जा पहुंची है। वहीं, महिला खातों की संख्या 0.667 करोड़ से बढ़कर 2.771 करोड़ तक पहुंच गई।

उद्यमों में आधी आबादी का मालिकाना हक- रिपोर्ट बताती है कि व्यापार, विनिर्माण और अन्य सेवा क्षेत्रों में महिलाओं के मालिकाना हक वाले प्रतिष्ठानों (प्रोप्राइटरी फर्म्स) की संख्या भी 2021 से 2024 के बीच लगातार बढ़ी है। यह महिलाओं के विकास का खासा अच्छा संकेत है जो बताता है कि महिला उद्यमिता में बढ़ोतरी हो रही है।

स्टार्टअप में बढ़ने लगी महिला निदेशकों की संख्या- औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (डीपीआईआईटी) के मान्यता वाले स्टार्टअप के क्षेत्र में भी महिलाओं की मौजूदगी बढ़ रही है। 2017 में जहां केवल 1,943 स्टार्टअप ऐसे थे जिनमें कम से कम एक महिला निदेशक थीं, वहीं 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 17,405 हो गई है।

शिक्षा में भी निकल रही हैं आगे- शिक्षा क्षेत्र में भी सकारात्मक संकेत हैं। प्राथमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर लिंग समानता सूचकांक (जीपीआई) लगातार ऊंचा बना हुआ है, जो लड़कियों की मजबूत नामांकन दर को दर्शाता है। ऊपरी प्राथमिक और प्राथमिक स्तर पर थोड़ी घट-बढ़ जरूर रही, लेकिन समता के करीब बनी रही।

लिंग आधारित मतदान का अंतर हुआ है कम

चुनावों में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही है। 1952 में भारत में कुल 17.32 करोड़ मतदाता थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गए हैं। इस दौरान महिला मतदाताओं की संख्या में भी अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है। इससे लिंग आधारित मतदान का अंतर कम हुआ है।

जोमैटो फूड डिलीवरी के सीओओ ने दिया इस्तीफा

कहा- नए अवसर और जुनून को आगे बढ़ाने के लिए उठाया कदम

नईदिल्ली, एजेंसी। जोमैटो फूड डिलीवरी व्यवसाय के सीओओ रिंशुल चंद्रा ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बताया कि उन्होंने नए अवसर और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला लेते हुए पांच अप्रैल को



इस्तीफा दिया है।

जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल को भेजे त्यागपत्र में चंद्रा ने लिखा कि मैं सात अप्रैल 2025 से प्रभावी इटरनल लिमिटेड के सीओओ फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी बिजनेस के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने नए अवसरों और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला किया है जो मेरे विकसित व्यक्तिगत और पेशेवर लक्ष्यों के साथ जुड़े हैं।

एआई के कारण जोमैटो ने 600 कर्मियों को निकाला

पिछले दिनों फूड डिलीवरी एप जोमैटो ने पिछले साल शुरू किए गए जोमैटो एसोसिएट एक्सेलरेटर प्रोग्राम के तहत करीब 600 कस्टमर सपोर्ट कर्मचारियों को निकाल दिया था। इन्हें एक साल के भीतर ही भर्ती किया गया था। कंपनी अपने कस्टमर सपोर्ट डिविजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल बढ़ा रही है। छंटनी का असर गुरुग्राम और हैदराबाद के कर्मचारियों पर पड़ा है।

मूल कंपनी का बदला गया था नाम

पिछले महीने जोमैटो ने अपनी मूल कंपनी का नाम बदलकर इटरनल लिमिटेड कर दिया था। इटरनल में चार वर्टिकल होंगे। इनका नाम है- फूड डिलीवरी बिजनेस जोमैटो, क्विक कॉमर्स यूनिट ब्लिंकिट , गोइंग-आउट वर्टिकल डिस्ट्रिक्ट और बिजनेस-टू-बिजनेस किराना सप्लाई कंपनी हाइपरप्योर। इटरनल नाम अपनाने के साथ कंपनी दूसरी बार खुद को रीब्रांड कर रही है। 2008 में जोमैटो की स्थापना फूडीबे के रूप में हुई थी और 2010 में इसका नाम बदलकर जोमैटो कर दिया गया था।

2022 में ब्लिंकिट (पहले ग्रोफर्स) के अधिग्रहण के बाद ही आंतरिक रूप से मूल कंपनी का नाम बदलकर इटरनल कर दिया गया था। इसके साथ ही एक संगठनात्मक पुनर्गठन किया गया। इसके तहत एक बड़ी कंपनी की छतरी के नीचे कई व्यवसाय आ गए, इनमें से हर कंपनी का अपना अलग सीईओ था।

बेटा सताए तो बुढ़ापे में रिवर्स मॉर्गेज स्कीम बेहतर, अपने पास घर रहे और मिले हर महीने पैसा

नईदिल्ली, एजेंसी। रिवर्स मॉर्गेज उन वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है, जिन्हें नियमित आय स्रोत की जरूरत है। खासकर बुढ़ापे में जब बेटा और बहू सताने लगें तो यह बहुत ही लाभदायक योजना है। इस योजना में कर्ज तब तक नहीं चुकाना होता, जब तक कि ग्राहक घर बेच नहीं देता या उससे निकल नहीं जाता या मौत नहीं हो जाती। इसमें नियमित रूप से किस्त की तरह पैसा मिलता है। यह योजना वरिष्ठ नागरिकों यानी 60 साल से ऊपर के मकान मालिकों के लिए है। अलग-अलग बैंकों की जरूरतें होती हैं जिन्हें ग्राहकों को आवेदन करने के लिए पूरा करना होता है।

जीवनसाथी के साथ आवेदन किया जाता है, तो जीवनसाथी की आयु कम से कम 55 वर्ष होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा कोई नहीं है। संपत्ति पर बकाया लोन या अन्य वित्तीय दायित्व नहीं होना चाहिए। गिरवी रखी गई संपत्ति की आयु 20 वर्ष से अधिक नहीं हो। कम से कम तीन लाख और अधिकतम एक करोड़ का लोन ले सकते हैं।

संपत्ति पर लोन है तो अनापत्ति प्रमाण पत्र जरूरी है। प्रोसेसिंग फीस लोन का 0.50



फीसदी है। हालांकि, बैंक न्यूनतम फीस 2,000 रुपये और अधिकतम 20,000 रुपये तय करता है। बैंक ग्राहक की उम्र के आधार पर अधिकतम 15 साल तक का लोन देता है। वरिष्ठ नागरिक बिना किसी शुल्क या पेनाल्टी के रिवर्स मॉर्गेज लोन का प्रीपेमेंट कर सकते हैं।

कई तरह का उठा सकते हैं फायदा- रिवर्स मॉर्गेज भुगतान के साथ आप रोजमर्रा के घरेलू खर्चों, यात्रा लागतों और चिकित्सा बिलों के लिए पैसे का उपयोग कर सकते हैं। एकमुश्त भुगतान को छोड़कर पैसे का उपयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

कर लाभ

आयकर काननू-1961 की धारा 10(43) के तहत रिवर्स मॉर्गेज भुगतान को आय नहीं माना जाता है। इसलिए, कर भुगतान से छूट है। रिवर्स मॉर्गेज फंड से घर के नवीनीकरण पर खर्च की गई राशि कर कटौती के लिए पात्र हो सकती है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 07-04-2025 22:26 Page 1

आठ साइबर ठग धराये

ठगी के नये-नये पैंतरे आजमा रहे बदमाश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

देवघर। गूगल पर कंपनियों के मोबाइल नंबरों में छेड़छाड़ कर ठगी करने वाले आठ साइबर ठगी के आरोपितों को साइबर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपितों के पास से मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बरामद किए हैं।

पकड़े गए आरोपितों में जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के लखनुआ गांव निवासी सिकंदर दास, जितेंद्र दास, अनुज कुमार दास, विशाल दास, संदीप कुमार दास, विरेंद्र दास, जिले के सारठ थाना क्षेत्र के पथरडूा थाना क्षेत्र के विराजपुर गांव निवासी बासुकी कुमार पंडित और गिरिडीह जिला के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बुढ़िसारे गांव निवासी विजय कुमार मंडल शामिल हैं। आरोपितों के पास से पुलिस ने दस मोबाइल फोन और 15 सिम कार्ड बरामद किए हैं। इन सभी को जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र के पसारपुर गांव स्थित जंगल से पकड़ा गया है।

पूछताछ के क्रम में इन आरोपितों ने बताया कि ये लोग मुख्य रूप से गूगल पर कंपनियों के कस्टमर केयर नंबर से छेड़छाड़ कर वहां अपना नंबर डाल देते हैं।

जब लोग किसी भी तरह की परेशानी होने पर उस नंबर पर काल करते तो कंपनी के कस्टमर केयर प्रतिनिधि की जगह उनकी बात इन साइबर ठगों से होती है। उसके बाद ये साइबर ठग लोगों की मदद करने के बहाने उन्हें अपने झांसे में ले लेते। इसके बाद फिर उन्हें ठगी का शिकार बनाते।

छापेमारी दल में इंस्पेक्टर नागेंद्र प्रसाद सिन्हा, एसआइ प्रफुल्य कुमार मांझी, देवीपुर थाना प्रभारी संदीप कुमार शामिल थे। पूछताछ करने के बाद सभी आरोपितों को सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

मंत्री के बयान से मचा सियासी घमासान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ विरोध अभियान तेज किया है। रविवार को एक बयान जारी कर उन्होंने कहा राज्य में वक्फ संशोधन बिल लागू नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा का तुगलकी फरमान नहीं चलने वाला है। अदाणी और अंबानी को वक्फ बोर्ड की जमीन बेचने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुस्लिम समाज के नकली हितैषी नहीं बनें।इरफान अंसारी ने कहा कि हमारा समाज ना तो आपको वोट देता है, ना ही हम आपसे कोई विशेष अपेक्षा रखता है। मोदी उन समाजों और वर्गों के हितों की चिंता करें, जिन्होंने उनको अपना समर्थन दिया है। उनके विकास के लिए कार्य करें और उनको लेकर किए गए वादे धरातल पर उतारें।

मुस्लिम समाज की जमीन और हमारे अधिकारों से दूर रहें, यही हमारे लिए पर्याप्त होगा। हमें हमारे हाल पर छोड़ दीजिए। मोदी सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर मुसलमानों के धार्मिक स्थलों और वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा जमाना चाहती है। झारखंड में ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी इस अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं। अगर भाजपा को लगता है कि वह वक्फ बोर्ड की जमीनें जबरन हड़प लेगी तो यह उसकी भारी भूल है। जिस तरह राहुल गांधी के नेतृत्व में हमने किसान विरोधी कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर किया था, ठीक उसी तरह यह कानून भी रद करवाकर ही दम लेंगे।

उन्होंने कहा कि लोग धैर्य बनाए रखें और एकजुट होकर इस अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करें। झारखंड सरकार इस कानून को अपने राज्य में लागू नहीं होने देगी और हर हाल में वक्फ की संपत्तियों की रक्षा करेगी।

उन्होंने कहा कि हमारे समुदाय की एक-एक इंच जमीन सुरक्षित रहेगी। भाजपा सरकार का यह तुगलकी फरमान झारखंड में नहीं चलेगा।

गोविंदपुर-साहिबगंज फोर लेन के लिए 49 करोड़ रुपये आवंटित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। गोविंदपुर-साहिबगंज रोड के पोखरिया तक फोर लेन व पोखरिया से जामताड़ा जिला सीमा तक टू लेन सड़क के लिए जमीन के अधिग्रहण का काम अप्रैल में पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए भू-अर्जन विभाग को तेजी लाने के दिशा निर्देश मिला है। इस सड़क का निर्माण राष्ट्रीय उच्च पथ की ओर से किया जा रहा है। इसके लिए एडीबी की ओर से फंड दे रही है।

गोविंदपुर-साहिबगंज रोड के पोखरिया की गति को लेकर सरकार की ओर से रिपोर्ट तलब की है। साथ ही राशि भुगतान से संबंधित पूरी रिपोर्ट भेजी गई है।

गोविंदपुर से पोखरिया तक 15 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण किया जाना है। इसमें 16 मौजा की जमीन को चिन्हित किया गया है। इसके लिए 49 करोड़ राशि का आंवटन किया है। तीस करोड़ राशि का भुगतान रैयतों को कर दिया है।

वहीं दूसरी तरफ इस सड़क से जुड़ी पोखरिया से जामताड़ा सीमा तक टू लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यहां 2.95 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण किया जाएगा। पांच मौजा की जमीन चिन्हित किया गया है। 12 करोड़ राशि में साढ़े पांच करोड़ का भुगतान किया गया है।

वहीं, दूसरी तरफ टुंडी गिरिडीह रोड के लिए भी जमीन का अधिग्रहण में तेजी लाने का निर्देश विभाग की ओर से दिया गया है। इसके लिए विशेष कैंप लगाया जाएगा। रैयतों से कागजी मांग की है। जमीन के मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। सर्किल दर राशि का भुगतान किया जाएगा। मकान को लेकर भी राशि तय है। सरकारी व रैयत जमीन पर बने मकान का अलग-अलग दर भुगतान किया जाएगा।

ट्रैक से गुजरने वाले हाथियों से वन विभाग चिंतित

डिजिटल निगरानी का लिया गया निर्णय

रांची। राज्य में रेलवे ट्रैक पर आने से हाथियों समेत अन्य जीवों की दर्दनाक मौत अक्सर होती रहती है। हाल ही में रांची के समीप किता में रेल लाइन पार कर रहे एक हाथी की मौत हो गई। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने रेलवे लाइन से होकर गुजरने वाले हाथियों की निगरानी के लिए डिजिटल निगरानी का निर्णय लिया है।

देहरादून स्थित वन्य जीव संरक्षण संस्थान ने इसके लिए दक्षिण अफ्रीका में प्रयोग की जा रही तकनीक का आकलन कर झारखंड में भी लागू करने की योजना बनाई है।

राज्य में हाथियों के आने-जाने के लिए कॉरिडोर चिह्नित किए गए हैं। यहां रेलवे लाइन पर डिजिटल सर्विलांस लगाए जाएंगे।

रेलवे लाइन के दो किलोमीटर क्षेत्र में हाथियों के आने पर यह संबंधित स्टेशन के कंट्रोल रूम को सूचना भेज देगा। इसके बाद वहां से गुजरने वाली ट्रेनों की रफ्तार कम रखने का निर्देश दिया जाएगा।

हाथियों को रेलवे ट्रैक पर आने से रोकने की कोशिश भी होगी। रांची से हजारीबाग के रास्ते पटना जाने वाली रेल लाइन पर हाथियों के गुजरने की हमेशा संभावना रहती है।

केंद्र सरकार सबसे पहले इस लाइन पर यह प्रयोग करने की योजना बना रही है। इसके लिए रेलवे और संबंधित वन प्रमंडल के बीच समन्वय केंद्र भी बनाए जाएंगे।

वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन प्रोजेक्ट से जुड़े केंद्र सरकार के विशेषज्ञों का एक दल राज्य में एलिफेंट कारिडोर पर मौजूद रेल ट्रैक का अध्ययन करेगा।

प्रोजेक्ट के रिसर्च एसोसिएट सुकोमल दत्ता ने बताया कि झारखंड में हर साल 12 से 20 हाथियों की मौत रेल ट्रैक पर होती है।

बिजली के करंट ने रामनवमी की शोभा यात्रा में मचायी तबाही

हाईटेंशन तार की चपेट में आये पांच रामभक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमशेदपुर। गोविंदपुर के यशोदा नगर में शारदा राम बजरंग अखाड़ा कमेटी की रामनवमी विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान 1 लाख 32 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार से झंडा सटने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें संजय कुमार सिंह की हालत अति गंभीर है। उन्हें टाटा मेन अस्पताल भेजा गया, जबकि विजय कुमार, शमी कुमार प्रसाद, प्रदीप वर्मा और एक अन्य विजय कुमार का इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में जारी है।

गोविंदपुर के यशोदा नगर में शारदा राम बजरंग अखाड़ा कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामनवमी विसर्जन शोभा यात्रा सोमवार शाम को श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रारंभ हुई।

भक्तों का समूह भक्ति भाव में लीन होकर झंडे और ध्वज के साथ आगे बढ़ रहा था। किंतु यह उत्सव उस समय विपदा में बदल गया, जब एक ऊंचा झंडा अचानक हाईटेंशन तार से जा टकराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झंडा 1 लाख 32 हजार वोल्ट के बिजली वाले तार से सट गया। इससे तत्काल करंट का प्रचंड झटका लगा, जिसने पांच लोगों को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे से अफरा-तफरी मच गई और शोभा यात्रा का आनंदमय माहौल शोक में डूब गया। घायलों में संजय कुमार सिंह की हालत सर्वाधिक चिंताजनक बताई जा रही है।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और आयोजकों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में तत्परता दिखाई। संजय कुमार सिंह को गंभीर अवस्था में देखते हुए तत्काल टाटा मेन अस्पताल रवाना किया गया।

दर्जन भर ट्रेनें हुई कैंसिल, लोगों की बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। अप्रैल व मई के अलग-अलग दिनों में 12 महत्वपूर्ण ट्रेनें रद होने से हजारों यात्रियों की परेशानी बढ़ेंगी। दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस इस महीने के अलग-अलग दिन, धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल इस माह 11 दिन तो मौर्य एक्सप्रेस अप्रैल के अंतिम सप्ताह से मई के पहले सप्ताह तक 10 दिनों तक रद रहेगी।

रांची-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस, शालीमार-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस व भुवनेश्वर से आनंदविहार के बीच चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस के पहिए भी अलग-अलग दिनों में थमे रहेंगे।

दूसरी ओर, धनबाद और गोमो होकर चलने वाली स्पेशल ट्रेनें जून तक यात्रियों को राहत देंगी।

दिल्ली, मुंबई, जम्मू, कानपुर व पुरी समेत विभिन्न शहरों के लिए अब तक 21 समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा हो चुकी हैं। अधिक भीड़भाड़ वाले रूटों पर कुछ और स्पेशल ट्रेनें चलाई जा सकती हैं।

नियुक्ति घोटाले के 18 आरोपितों को मिली राहत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत में प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाले के आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 18 आरोपितों को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। सीबीआई कोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद सभी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता पांडेय नीरज राय ने अदालत को बताया कि सभी ने सीबीआई की जांच में सहयोग किया है। अब हिरासत में लेकर पूछताछ करने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की जाए। इसके बाद अदालत ने सभी को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी।

जिन्हें अग्रिम जमानत मिली है, उनमें राजेश्वर नाथ आलोक, अनिल कुमार यादव, सीमा सिंह, सुषमा नीलम सोरेंग, ज्योति झा, कामेश्वर राम, लक्खी राम बासकी, हरिवंश पंडित, सुदर्शन मुर्मू, अनंत कुमार, राजीव कुमार, योगेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण सहित अन्य शामिल हैं।

जमानत पाने वाले सभी पदाधिकारी हैं। सीबीआई ने प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाले की जांच के बाद कुल 37 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

सीबीआई ने जेपीएससी के पांच अधिकारी और 12 परीक्षकों के अलावा 20 तत्कालीन परीक्षार्थियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए सभी को समन जारी किया है।

मौसम के यू टर्न लेने की बनी संभावना, अलर्ट जारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। गर्मी का सितम झेल रहे लोगों को बादल छाए रहने की वजह से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि, तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 11 अप्रैल तक प्रदेश के कई इलाकों में बादल गरजने के साथ ही बिजली गिरने की भी संभावना है।

धनबाद समेत राज्य के उत्तर पूर्व क्षेत्र में सोमवार से गर्जना के साथ बारिश की संभावना है। इतना ही नहीं मौसम केंद्र रांची ने इस क्षेत्र के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया है। इसके अनुसार बादल गरजने, बारिश के साथ ही वज्रपात होने की भी प्रबल संभावना है। ऐसे में लोगों से बचकर रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग के अनुसार धनबाद के अलावा देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज में बारिश की संभावना है। यह स्थिति 11 अप्रैल तक रह सकती है। जबकि वज्रपात की चेतावनी सात और नौ अप्रैल के लिए दी गई है। वहीं सोमवार से लेकर शुक्रवार तक तेज गति से हवाएं भी चलेंगी। इनकी रफ्तार 30 से 40 किमी प्रतिघंटा रहेगी।

प्रदेश के मौसम में आने वाले सप्ताह में बदलाव देखने को मिलेगा। बारिश की स्थिति बन रही है। ऐसे में बढ़ते तापमान में भी गिरावट होगी। शनिवार को धनबाद का अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान में एक डिग्री का अंतर आ गया है। वहीं सोमवार से लेकर बुधवार तक इसमें गिरावट होगी और अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री तक जा सकता है।

मतांतरण करा रहे सात धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जैतगढ़। झारखंड के आदिवासी बहुल पश्चिमी सिंहभूम जिले के जैंतगढ़ से सटे ओडिशा के चंपुआ में प्रचार-प्रसार का शिविर लगाकर आदिवासियों का मतांतरण कराने की कोशिश कर रहे सात मिशनरियों को बरिया थाने की पुलिस ने हिरासत में लिया है।

इस कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। बताया जा रहा है कि रविवार को रामनवमी के दिन चंपुआ प्रखंड के जाली गांव में ईसाई मिशनरियों ने अपने धर्म का प्रचार करने के लिए टेंट लगाया था।

बड़े-बड़े माइक लगाकर ये लोग अपने धर्म का प्रचार कर रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रचार के दौरान ये लोग हिन्दू धर्म के बारे में आपत्तिजनक बातें भी कह रहे थे। यह सुनकर स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता वहां पहुंचे। इसके बाद माहौल गर्म हो गया। स्थानीय लोगों ने प्रचार-प्रसार बंद कराकर सात लोगों को पकड़ लिया और बरिया थाने की पुलिस को बुलाकर सातों को पुलिस के हवाले कर दिया।

माहौल को भांपकर एक मिशनरी भागने में सफल रहा।

इस बीच पुलिस ने प्रचार के लिए इस्तेमाल हो रहे ऑटो और माइक यंत्र को जब्त कर लिया और सातों मिशनरियों को हिरासत में लेकर थाना ले आयी। यहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

जाली गांव के ग्रामीणों का कहना है कि ईसाईयत का प्रचार करने वाले यह लोग भोले-भाले जनजातीय लोगों को बहला-फुसलाकर ईसाई धर्म अपनाने का प्रयास कर रहे थे।

उन्हें प्रलोभन दिया जा रहा था। उन्हें यह बताया जा रहा था कि यीशु के शरण में आने के बाद उनकी बीमारियां ठीक होने के साथ साथ-साथ जीवन में सुधार होगा।

इस कारण अपने मूल धर्म को छोड़ कर यीशु की शरण में आ जाओ। वे स्थानीय जनजातीय लोगों को प्रलोभन भी दे रहे थे।

ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायत की है कि जाली ग्राम के बेहरा साईं के राजीव लोचन बेहरा और उनकी पत्नी बबिता बेहरा, टांगरपड़ा ग्राम की हेमलता मुंडा, सुषमा मुंडा, पाटना थाना क्षेत्र के तेली टांगरपड़ा ग्राम के जयसिंह सिंकू और उनकी पत्नी जेमा सिंकू के खिलाफ शिकायत की।

सीआईडी के चेयरमैन ने किया अनीस पेपर कप प्लेट प्रतिष्ठान का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टुण्डी। सीआईडी चैयरमैन सह सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद जाहिद हुसैन ने सोमवार को टुण्डी प्रखंड के लछूरायडीह गांव स्थित नया मोड़ में सभी वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में अनीस पेपर कप एवं प्लेट तथा थाली ग्लास बनाने वाले प्रतिष्ठान का फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया।

उद्घाटन के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रतिष्ठान टुण्डी जैसे क्षेत्रों के लिए आने वाले दिनों में मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही यहां के हर छोटे बड़े व्यवसायों एवं शादी ब्याह में लोगों को कम दामों में एक अच्छे प्रोडक्ट उपलब्ध कराया जाएगा।

आगे हुसैन ने कहा कि अनीस पेपर कप एवं प्लेट प्रतिष्ठान के डायरेक्टर मोहम्मद असीरूदीन अंसारी जैसे मेहनती युवक को तहेदिल से शुक्रिया अदा करना चाहुंगा जिसने सरकारी नौकरी की आस में समय न गंवाते हुए अपना खुद का रोजगार कर लोगों की सेवा करने का मन बनाया। आज अनीस पेपर कप एवं प्लेट प्रतिष्ठान के डायरेक्टर मोहम्मद असीरूदीन अंसारी से युवाओं को सीख लेनी चाहिए। वहीं अनीस पेपर कप एवं प्लेट प्रतिष्ठान के डायरेक्टर मोहम्मद असीरूदीन अंसारी ने दिए इंटरव्यू में कहा कि ग्राहक की सेवा करना इस प्रतिष्ठान का पहला कर्तव्य होगा साथ ही रियायती दरों में अच्छी क्वालिटी का प्रोडक्ट उपलब्ध कराकर जनसेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर मिलेगा।

मौके पर लछुरायडीह मदरसा के मुफ्ती अब्दुल हय,सी आई डी चैयरमैन मोहम्मद जाहिद हुसैन, प्रतिष्ठान के डायरेक्टर मोहम्मद असीरूदीन अंसारी, उनके अबा मोहम्मद मुस्तफा अंसारी, पंचायत समिति सदस्य के भावी प्रत्याशी नईम अंसारी, इबरार अंसारी, इम्तियाज हुसैन , कांग्रेस नेता मो मजीद अंसारी समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों ने थामा कांग्रेस का दामन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टुण्डी। पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक के नेतृत्व में इन दिनों लगातार कांग्रेस की झण्डा बुलन्द किया जा रहा है। सोमवार को श्री रजक के नेतृत्व में पूर्वी टुंडी प्रखंड के पदनियांटांड गांव के दर्जनों लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा तथा कांग्रेस के कार्यकाल की वकालत करते हुए कई उपलब्धियां को गिनाया। वर्तमान केन्द्र सरकार की विकास धरातल पर नहीं दिखने की बात सभी लोगों ने एक स्वर से कही।

पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी लोगों को कांग्रेस में शामिल होने पर शुभकामनाएं दी। झारखंड की वर्तमान सरकार में शामिल घटक दल कांग्रेस ने वर्तमान समय में अपने सभी कार्यकर्ताओं से गांव में घुम-घुम कर विकास से वंचित लोगों की एक सूची जल्द उपलब्ध कराने की बात कही ताकि घर-घर, गांव-गांव में विकास कार्यों को मूर्त रूप दिया जा सके। उन्होंने कहा कि युवाओं की पलायन रोककर अपने घरों में ही रोजगार मिले इसपर कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ काम कर रही है। प्रखंड अध्यक्ष ने वर्तमान में चलाएं जा रहें हर विकास कार्यों में लोगों को आच्छादित करने की बात कही। मौके पर पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद सिद्धिक अंसारी, पंचायत अध्यक्ष चांद मुर्मू, झादेव मुर्मू,गोले मुर्मू, सनातन हेंब्रम, बानेश्वर मुर्मू, काजल कुमारी, सुकुरमुनी देवी, चांदमुनी देवी,लुखी देवी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू प्रमुख की बढ़ सकती है मुश्किलें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राज्य में लगातार राजनीतिक चुनौतियों से घिरे भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो की मुश्किलें आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है।

वक्फ संशोधन बिल पर भाजपा का नीतिगत साथ देने के बाद आजसू पार्टी के भीतर विरोध के स्वर तेज हो रहे हैं। आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर दल के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है।

उनका कहना है कि आजसू पार्टी को इसपर सही स्टैंड रखना चाहिए। यह अल्पसंख्यकों के हितों के विरुद्ध है। अंसारी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं।

उनके मुताबिक, ऐसे नीतिगत मामलों में भाजपा का साथ देने का दल के प्रदर्शन पर आने वाले दिनों में बुरा असर पड़ सकता है। इससे आजसू पार्टी से जुड़े.अल्पसंख्यक समाज को लोग दूरी बना सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष संपन्न विधानसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद से सुदेश महतो की राजनीतिक चुनौतियां बढ़ी है।

चुनाव में उनका सीटों को लेकर तालमेल भाजपा के साथ था। आजसू पार्टी के हिस्से सिर्फ एक सीट आई। मांडू सीट पर काफी कम अंतर से आजसू पार्टी के प्रत्याशी ने जीत हासिल की।

सुदेश महतो अपने परंपरागत सिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव हार गए। रामगढ़ और गोमिया से सीटिंग विधायकों को हार का सामना करना पड़ा। आजसू पार्टी के आधार क्षेत्र में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जयराम कुमार महतो ने सेंधमारी कर दी।

जयराम भले ही सिर्फ अपने लिए एक सीट निकाल पाए, लेकिन कई सीटों पर उनके दल की वजह से आजसू पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। सुदेश महतो इस परिस्थिति से निपटने के लिए नए सिरे से तैयारियों में जुटे बताए जाते हैं।

विधानसभा चुनाव में हार के बाद सुदेश महतो को सरकारी बंगला भी खाली करना पड़ा। पिछले वर्ष दिसंबर में उन्हें भवन निर्माण विभाग ने बंगला खाली करने का निर्देश दिया था।

उनके बंगला में अस्थायी तौर पर मुख्यमंत्री आवास सह आवासीय कार्यालय शिफ्ट करना था। विभागीय मोहलत के बाद उन्होंने बंगला आखिरकार खाली कर दिया।

कांके रोड का बंगला नंबर - पांच उन्हें वर्ष 2009 में आवंटित हुआ था। यह बंगला मुख्य सचिव आवास पूल का है और मुख्यमंत्री आवास एवं आवासीय कार्यालय से एकदम सटा है।

काटे जायेंगे 80 हजार पेड़

चतरा। बनारस-कोलकाता ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए चतरा जिले में 80 हजार से अधिक पेड़ काटे जाएंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इसके एवज में या फिर यह कहें कि उन पेड़ों से डेढ़ गुणा पौधे लगाने के लिए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 44.58 करोड़ रुपये की राशि भुगतान करेगा। प्रति हेक्टेयर 13 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति देने का प्रावधान है।जिले में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के दो प्रमंडल हैं, जिसमें चतरा दक्षिणी और चतरा उत्तरी वन प्रमंडल आते हैं। सबसे अधिक जंगलों का नुकसान दक्षिणी वन प्रमंडल में हो रहा है। दक्षिणी वन प्रमंडल का 240.1553 हेक्टेयर वन भूमि हस्तांतरित होगी। जिसमें करीब 60 हजार पेड़ काटे जाएंगे।

इसी प्रकार उत्तरी वन प्रमंडल के अंतर्गत 102.8368 हेक्टेयर भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहित की जाएगी। जिसमें करीब 20 हजार पेड़ काटे जाएंगे। पेड़ों की संख्या में वृद्धि संभव है। चूंकि 2023 में उसकी गिनती हुई थी। वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया जैसे ही पूरी होगी, वैसे ही एक फिर से पेड़ों की गिनती होगी।

आद्रा मंडल के तहत ओंडाग्राम स्टेशन पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति

अधिसूचना सं.: सी-669/एसटीबीए/आद्रा/2025/02 दिनांक: 04.04.2025 भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा के द्वारा आद्रा मंडल के तहत निम्नवर्णित कैटेगरी स्टेशन में निम्नलिखित सूची के अनुसार स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है: ● **आवेदन की प्रकृति:** स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति, ● **मूल्य :** कमीशन आधारित, ● **यूटीएस काउंटरों की संख्या (चौबीस घंटे):** 01, ● **प्रतिभूति जमा राशि :** रु.10,000, ● **लोकेशन कोड:** ओडीएम, ● **रु. 1 लाख से अधिक के सेल्स टर्नओवर पर कमीशन की दर जो आवेदन में उद्धृत किया जाना है:** 4%, ● **बयाना राशि :** रु.2,000/- एनएसजी-6 (प्रत्येक आवेदन के लिए), ● **आवेदन फॉर्म की लागत:** शून्य, ● **एसटीबीए की नियुक्ति का स्थान:** आद्रा मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत आद्रा-खड़गपुर शाखा के बीच ओंडाग्राम स्टेशन । ● **नियम एवं शर्तों के साथ आवेदन फॉर्म उपलब्धता :** आवेदन फॉर्म वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय, आद्रा में **दिनांक 07.04.2025 से 28.04.2025** को **10.30 बजे से 16.00 बजे तक** कार्य दिवसों को उपलब्ध होगा या **www.ser.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। ● **आवेदन जमा करने की तिथि और स्थान: दिनांक 28.04.2025 को 10.30 बजे 13.00 बजे के बीच वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय/आद्रा में।** ● **निविदा बॉक्स खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.04.2025 को 16.00 बजे** या तत्पश्चात दिवस यदि उक्त दिवस को छुट्टी या अप्रत्याशित कारणों से बंदी पड़ जाती है। ● **कार्य का विवरण:** अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट एवं सीजन टिकट की बिक्री। ● **आवेदक के लिए पात्रता मानदंड:** विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया **www.ser.indianrailways.gov.in** देखें।

(PR-24) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा



घर पर मिली हार के बाद काव्या मारन की सनराइजर्स हैदराबाद बदलेगी अपना स्टाइल? टीम के हेड कोच ने बताया लगातार 4 हार से क्या सीखा


नई दिल्ली, एजेंसी। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इस सीजन की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। जिस टीम ने बीते साल विपक्षी टीमों में अपनी तूफानी बल्लेबाजी का खौफ पैदा किया वह टीम इस बार लगातार चार मैच हार चुकी है। पहले मैच में 286 जैसा लक्ष्य खड़ा करने वाली टीम अब बैकफुट पर आ चुकी है। टीम के हेड कोच ने स्थिति को बदलने के लिए अब अपना प्लान बदलने का फैसला किया है।

इशान किशन ने कही थी बड़ी बात - सीजन के पहले मैच में इशान किशन ने शतक लगाया था। इसके बाद इशान ने कहा था कि हैदराबाद के कैंप में केवल यही बात होती है कि हर गेंद को अटैकिंग अंदाज में ही खेलना है। हालांकि यह रणनीति इस सीजन में सफल होती नहीं दिख रही है।

अंदाज बदलेगी सनराइजर्स हैदराबाद - टीम के हेड कोच डेनियल विटोरी ने कहा, मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि यह शैली काम करेगी, लेकिन हमें परिस्थितियों का सम्मान करना होगा, और हमें वास्तव में अच्छी तरह से आकलन करना होगा, और शायद यह कुछ ऐसा है जो हमने नहीं किया है। इसके अलावा, [हमें] यह भी सम्मान करना होगा कि अन्य टीमें कितनी अच्छी गेंदबाजी कर रही हैं, हमने अपने शीर्ष तीन खिलाड़ियों के लिए बहुत सारी योजनाएं बनाई हैं, लेकिन वे कई बार इसे लागू नहीं कर पाए हैं। विटोरी ने कप्तान पैट कमिंस को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि पैट ने अपने जीवन में कभी भी घबराहट महसूस की है, और मुझे लगता है कि मैं भी काफी हद तक ऐसा ही हूं। लेकिन हम लगातार चार मैच हारने के परिणामों को समझते हैं और यह सीज़न को कितना मुश्किल बनाता है। यह कठिन है क्योंकि जाहिर है कि आप पिछले साल [उपविजेता के रूप में समाप्त होने] और फिर बहुत अच्छी शुरुआत के बाद उच्च उम्मीदों के साथ सीज़न में आते हैं।

आईपीएल 2025:

सिराज के 100 विकेट पूरे, जहीर खान की बराबरी, तोड़ सकते हैं नेहरा का रिकॉर्ड



नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपने आईपीएल करियर में 100 विकेट पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले 12वें भारतीय तेज गेंदबाज हैं। इसी के साथ ही सिराज ने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान के 102 विकेट की बराबरी कर ली है। सिराज ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी मिला। सिराज आगे इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो वह पूर्व भारतीय गेंदबाज और गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा के 106 विकेट का रिकॉर्ड भी तोड़ देंगे। जहीर खान ने अपने आईपीएल करियर में कुल 100 मैच खेले और 102 विकेट लिए। वहीं, आशीष नेहरा ने आईपीएल करियर में 88 मैच खेले और 106 विकेट लिए। सिराज अगर आने वाले मैचों में चार विकेट लेते हैं तो वह नेहरा से आगे निकल जाएंगे। मोहम्मद सिराज ने 97 मैच में 102 विकेट लिए हैं।

पिछले सीजन में आरसीबी के प्रमुख गेंदबाज के तौर पर खेलने वाले सिराज इस साल गुजरात टाइटंस के लिए गेंदबाजी कर रहे हैं। सिराज ने रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 17 रन देकर चार विकेट झटके और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। सिराज की इस शानदार गेंदबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ज्यादा बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाए और गुजरात टाइटंस ने 7 विकेट से मैच जीत लिया। इस बेहतरीन गेंदबाजी की बदोलत सिराज आईपीएल 2025 के पर्पल कैप की रेस में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। सिराज ने चार मैच की चार पारियों में 9 विकेट चटकाए। सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 रन देकर चार विकेट रहा है। उनसे ऊपर सीएसके के गेंदबाज नूर अहमद हैं। नूर ने 4 मैच की चार पारियों में 10 विकेट लिए।

सिराज जिस तरह से आईपीएल में गेंदबाजी कर रहे हैं उनके फैंस को उम्मीद है कि वह जल्द ही पर्पल कैप की रेस में पहले पायदान पर पहुंच जाएंगे। बता दें कि गुजरात टाइटंस को अपना अगला मैच 9 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है।

वर्ल्ड बॉक्सिंग कप

मुक्केबाजी विश्व कप में भारत का अभियान समाप्त, भारतीय मुक्केबाजों ने जीते छह पदक



नई दिल्ली, एजेंसी। हितेश ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण अपने नाम किया और वह विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। दरअसल, उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके।

भारत का ब्राजील के फोड डू इगुआकू में आयोजित विश्व कप अभियान छह पदकों के साथ समाप्त हुआ। भारतीय मुक्केबाजों ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें हितेश द्वारा जीता गया स्वर्ण पदक भी शामिल है। भारत विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहा था।

विश्व मुक्केबाजी में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने हितेश - हितेश ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण अपने नाम किया और वह विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। दरअसल, उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके। भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

हितेश ने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में आयोजित 10 दिवसीय तैयारी शिविर को दिया जिससे उन्हें और टीम को बहुत मदद मिली। हितेश ने कहा, शिविर ने मुझे कुछ रणनीतिक बारीकियां सीखने में मदद की जिससे मुझे प्रतियोगिता में बहुत मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर का अनुभव प्रदान किया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका।

चार मुक्केबाजों ने जीते कांस्य पदक - भारत के जादुमणि सिंह मंदेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय दल उतारा था जो पेरिस ओलंपिक के बाद टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। इस मजबूत प्रदर्शन से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों से पहले ओलंपिक चक्र की तैयारी भी शुरू करेंगे।



लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे जोकोविच, वॉ-बोरिस बेकर भी रहेंगे मौजूद

मैड्रिड, एजेंसी। महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलाव महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे। महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स्पेन की राजधानी में होने वाले लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की यह 25वीं वर्षगांठ है। यह लगातार दूसरा साल है जब पुरस्कार समारोह का आयोजन मैड्रिड में हो रहा है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल को प्रतिष्ठित पैलेसियो डी सिबेल्स में दिए जाएंगे। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार के लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जोकोविच ने कहा, लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर से मैड्रिड आना रोमांचक है। मैंने पिछले साल मैड्रिड में अपना पांचवां लॉरेस खिताब जीतने की यादें संजोई हैं और सौभाग्यशाली हूं कि फिर इस समारोह के शामिल होने का मौका मिला है। महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलाव महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।

फुटबॉल:

नवी मुंबई में दिग्गजों की टक्कर, रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को हराया, मोरिएंटेस और बैरल ने दागे गोल



नवी मुंबई, एजेंसी। रियल मैड्रिड लीजेंड्स ने रविवार को खेले गए 'लीजेंड्स फेसऑफ' मुकाबले में एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स को 2-0 से हरा दिया। यह मैच दोनों दिग्गज स्पैनिश फुटबॉल क्लब के पूर्व दिग्गजों के बीच खेला गया। रियल मैड्रिड की कमान पुर्तगाल के पूर्व कप्तान लुई फिगो संभाल रहे थे, जबकि बार्सिलोना की कप्तानी स्पेन के दिग्गज डिफेंडर कार्लोस पुयोल कर रहे थे। इस मैच के लिए फुटबॉल के कई महान खिलाड़ी नवी मुंबई आए थे। मुकाबला डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया। इस मैच के लिए ब्राजील के महान फुटबॉलर रिवाल्डो, पुर्तगाल के पेपे और स्पेन के जावी जैसे फुटबॉलर भारत आए थे। फैंस उन्हें अपनी आंखों के सामने खेलता देख पाए। फिगो समेत कई फुटबॉलर्स ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें भी साझा की हैं। फिगो ने लिखा- मुंबई आना और कुछ पुराने दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलकर अच्छा लगा। वहीं, रिवाल्डो ने भी मैच की तस्वीरें साझा की हैं। यह भारतीय फुटबॉल फैंस के लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। मैच की बात करें तो फिगो और माइकल ओवेन के बनाए मौकों को मोरिएंटेस ने गोल में बदल कर 14वें मिनट में रियल मैड्रिड की टीम का बढ़त दिला दी। मैच के शुरुआती हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा था तो वहीं दूसरे हाफ में एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स ने मैड्रिड के डिफेंडर्स को भेदने के लिए कड़ी मेहनत की। स्टेडियम में मौजूद दर्शक शोर मचाकर फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

अश्विन ने सोशल मीडिया पर आलोचना के बाद लिया बड़ा फैसला, सीएसके से किया किनारा

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कुछ मेहमानों द्वारा चेन्नई सुपर किंग्स टीम के कुछ खिलाड़ियों की आलोचना की गई थी। इस पर सोशल मीडिया पर आलोचनाओं के बाद अब अश्विन ने बड़ा फैसला लिया है और ष्ट्स्च के मैचों का पूर्वावलोकन या समीक्षा ना करने का फैसला लिया है। पिछले हफ्ते एक विवाद तब सामने आया जब दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व डेटा विश्लेषक प्रसन्ना अगोरम, जो अक्सर चैनल पर दिखाई देते हैं, ने अश्विन और रवींद्र जडेजा के टीम का हिस्सा होने के बावजूद अफगानिस्तान के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को चुनने के ष्ट्स्च के फैसले की निंदा की। अगोरम ने दावा किया कि अगर टीम ने तीसरे स्पिनर के बजाय किसी दूसरे बल्लेबाज को चुना होता तो शायद टीम बेहतर स्थिति में होती।

कराटे वर्ल्ड कप रूस-2025 में बिहार की अनुष्का अभिषेक ने रचा इतिहास

भारत को दिलाया सिल्वर मेडल

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। अनुष्का की इस ऐतिहासिक जीत पर इंडिया जेन टू शीन कराटे फेडरेशन की सेंडाई शिल्पी सोनम ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि भारत की बेटियां आज विदेशी खेल मंचों पर भी परचम लहरा रही हैं।

रूस की राजधानी मॉस्को में आयोजित कराटे वर्ल्ड कप-2025 में भारत की ओर से हिस्सा ले रहीं बिहार के मुजफ्फरपुर की 13 वर्षीय अनुष्का अभिषेक ने शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। मास्को के विमपेल स्टेडियम में चार से आठ अप्रैल तक चले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में अनुष्का ने अपनी प्रतिभा और साहस से सबका ध्यान खींचा।



वर्ल्ड कप में दमदार प्रदर्शन, फाइनल में रूस से हारीं अनुष्का - अनुष्का ने टूर्नामेंट में शुरुआत से ही शानदार खेल दिखाया। उन्होंने पहले ताजिकिस्तान, फिर उज्बेकिस्तान और इसके बाद अर्मेनिया की प्रतिभागियों को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उन्होंने मॉरिशस की खिलाड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला मेजबान देश रूस की खिलाड़ी से हुआ। फाइनल में अनुष्का ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंत में महज तीन अंकों से हार गई और सिल्वर मेडल के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। इस प्रदर्शन ने भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर एक बार फिर रोशन कर दिया।

बचपन से रहा खेल के प्रति जुनून - मुजफ्फरपुर की रहने वाली अनुष्का अभिषेक की सफलता की कहानी जितनी प्रेरणादायक है, उतनी ही संघर्षपूर्ण भी रही है। आमतौर पर इस उम्र में बच्चे केवल पढ़ाई पर ध्यान देते हैं, लेकिन अनुष्का के माता-पिता ने उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेल के प्रति भी प्रोत्साहित किया। उनकी मेहनत और परिवार के सहयोग ने आज उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह मुकाम दिलाया। अनुष्का अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच शिहान ई. राहुल श्रीवास्तव को देती हैं, जिन्होंने हर कदम पर उन्हें मार्गदर्शन और समर्थन दिया। राहुल श्रीवास्तव पहले भी अनुष्का को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

पाकिस्तान के लिए एक और बुरी खबर

न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद लगा जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान अभी न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से हार से उभरा नहीं कि उसे एक और झटका लगा है। पाकिस्तान पर माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले उसे दौरे के टी20 चरण में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। यह पांच पुरुष वनडे मैचों में चौथी बार है जब मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को कहा कि मैच रेफरी के एलीट पैनल के जेफ क्रो ने पाकिस्तान पर यह जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान को निर्धारित समय में एक ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया था। आईसीसी ने एक बयान में कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

मैदानी अंपायर क्रिस ब्राउन और पॉल रीफेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर माइकल गॉफ और चौथे अंपायर वेन नाइट्स द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद रिजवान ने अपराध स्वीकार कर लिया। जिस मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान पर एकदिवसीय श्रृंखला में जीत हासिल की उसमें माइकल ब्रेसवेल और राइस मारियू ने अर्धशतक जड़े जिससे ब्लैक कैप्स ने 42 ओवर में 264/8 रन बनाए। जवाब में तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने लगातार दूसरी बार 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 221 रन पर आउट कर दिया और 43 रन से मैच जीत लिया जबकि मेहमान टीम को मेजबान टीम से लगातार छठी बार पुरुष एकदिवसीय मैच में हार का सामना करना पड़ा।

11 साल की उम्र में 55 किलो वजन, वेट कम करने के लिए शुरू की बॉक्सिंग, हितेश ने लगा दी मेडलों की झड़ी

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के झज्जर के 20 साल के बॉक्सर हितेश गुलिया ने ब्राजील में पहली बार हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत के लिए 70 किग्रा भार वर्ग में पहला स्वर्ण पदक जीता है। हितेश का बचपन में ज्यादा वजन होने की वजह से बॉक्सिंग शुरू की थी। 14 अक्टूबर 2014 को झज्जर के जिला स्टेडियम में वजन कम करने की मंशा से बॉक्सिंग रिंग में उतरे 11 वर्षीय बच्चे ने विश्व पटल पर देश और हरियाणा का नाम रोशन कर दिया है। झज्जर के गांव जहांगीरपुर निवासी 20 वर्षीय हितेश गुलिया ने ब्राजील में पहली बार आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत के लिए 70 किग्रा भार वर्ग में पहला स्वर्ण पदक जीता है। 15 जनवरी 2022 को भारतीय नौसेना ज्वॉइन करने के बाद हितेश सर्विसेज की टीम के स्टार मुक्केबाज हैं। सेना में जाने से पहले हितेश के कोच रहे हितेश देसवाल ने बताया कि हितेश के पिता सत्यवान गुलिया पेशे से ठेकेदार हैं। हितेश अपने चार भाई बहनों में सबसे छोटे हैं। 11 वर्ष की उम्र में हितेश का वजन 55 किग्रा से ज्यादा था। इसी को कम करने की मंशा से पिता ने हितेश को उनकी निगरानी में बॉक्सिंग के रिंग में उतारा था। वर्ष 2014 में महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम झज्जर में हितेश ने मुक्केबाजी में अपना भविष्य संवारने के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी।



रिंग में अच्छे प्रदर्शन से माता-पिता का बढ़ा हौसला - कोच हितेश देसवाल ने बताया कि हितेश के रिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने से उसके माता-पिता को भी प्रोत्साहन मिला। हितेश स्कूल नेशनल चैंपियन और तीन बार स्टेट चैंपियन भी रहे। वर्ष 2022 में नौसेना में भर्ती होने के बाद ऑल इंडिया सर्विसेज प्रतियोगिता में भाग लेकर कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं व वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स में पदक जीते हैं।

संक्षिप्त समाचार

सरकार बदलते ही दिल्ली से गायब हो गए केजरीवाल! रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम को कहा बेताल

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली में बहुत कम ही दिखाई पड़ते हैं। दिल्ली चुनाव के बाद से केजरीवाल के इस रुख में बदलाव आया है। उन्हें दिल्ली में अंतिम बार 23 मार्च को शहीद भगत सिंह से जुड़े एक कार्यक्रम में देखा गया, जहां उनके निशाने पर बीजेपी सरकार थी। दिल्ली से ज्यादा केजरीवाल पंजाब के पार्टी और मान सरकार के कार्यक्रमों में जरूर दिखते हैं। सीएम रेखा गुप्ता ने अब इसपर तंज कसा है। उन्होंने एक यूटयूब चैनल को दिए इंटरव्यू में अरविंद केजरीवाल को बेताल तक कह डाला।

यूटयूब चैनल को दिए इंटरव्यू में रेखा गुप्ता से पूछा गया कि आपने तो आते ही केजरीवाल को गायब कर दिया। वो तो कहीं दिखते ही नहीं। इसपर दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें हमने नहीं गायब किया, उन्हें उनके कर्मों ने दिल्ली से गायब किया है। पहले वह दिल्ली की पीठ पर चढ़कर विक्रम-बेताल वाले बेताल बने और अब पंजाब की पीठ पर चढ़कर वहां बेतान बन रहे हैं। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान केजरीवाल सरकार की पिछली फाइलों को खोलने पर भी जवाब दिया। रेखा गुप्ता ने कहा कि जहां से आप परत हटा दीजिए, उसके अंदर फंगस ही फंगस है। ऐसा भ्रष्टाचार है, जहां से बी देखा रोंगटे खड़े हो गए। लगा कि भाई क्या आदमी था ये? उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल को कोई भय नहीं था। वो फाइलों पर साइन भी नहीं करते थे, लगा कि फसूं तो मैं न फसूं।

6 करोड़ दो या मरने को तैयार रहो; दिल्ली में प्रॉपर्टी डीलर को धमकी, यूं पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने एक प्रॉपर्टी डीलर से 6 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने, उसे डराने के लिए धमकी और आग्नेयास्त्रों (फायरआर्म) का इस्तेमाल करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने गांव सिरसपुर में हुए एक टकराव की विस्तृत जांच के बाद ये गिरफ्तारियां कीं। आरोपियों ने डीलर को पैसे देने या जान से हाथ धोने की धमकी दी थी।26 मार्च को 36 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर ने समयपुर बादली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उसने प्रताप राणा नामक व्यक्ति से सिरसपुर में एक प्रॉपर्टी खरीदी है। खरीद के बाद, दिलबाग राणा उर्फ बिल्लू ने उससे संपर्क किया और प्रॉपर्टी तक एक्सेस (पहुंच) के लिए 3 करोड़ रुपये मांगे। जब उसने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो दिलबाग और उसके साथियों ने 28 अक्टूबर, 2024 को उससे झगड़ा किया और इस दौरान उसके एक साथी ने गोली चला दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मांग बढ़ाकर 6 करोड़ रुपये कर दी गई। टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मांग पूरी करने से इनकार करने पर प्रॉपर्टी डीलर को लगातार धमकियां मिल रही थीं। इसमें 26 मार्च, 2025 को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से फोन कॉल भी शामिल है। जिसमें कॉल करने वाले ने उसे प्रॉपर्टी खाली करने या मौत का सामना करने को तैयार रहने की चेतावनी दी थी। शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी।डीसीपी (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सर्विलांस के विश्लेषण के माध्यम से, पुलिस को मामले में पंकज राणा (32) और प्रवीण राणा (38) की संलिप्तता का पता चला, जो गांव सिरसपुर के निवासी हैं। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके कब्जे से दो लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद किए गए, जिनका इस्तेमाल धमकी देने में किया गया था। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 109, 351 और आर्म्स एक्ट के तहत आरोप लगाए गए हैं और पुलिस ने उनके आग्नेयास्त्र लाइसेंस रद्द करने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

अब दिल्ली यूनिवर्सिटी के आसपास नहीं लगेगा जाम, सिग्नल फ्री होगा सफर

नईदिल्ली, एजेंसी। उत्तरी दिल्ली में विश्वविद्यालय के आसपास लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए फ्लैग स्टाफ मोड़ से किंग्सवे कैंप तक सिग्नल फ्री सफर का ट्रायल किया जाएगा। तीन किलोमीटर लंबी इस दूरी में लगभग नौ लालबत्ती हैं, जिसके चलते यह सफर तय करने में लोगों को व्यस्त समय में 25 से 30 मिनट का समय लगता है। सिग्नल फ्री होने पर यह दूरी महज पांच मिनट में पूरी हो सकेगी। शनिवार को ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सीआरआरआई वैज्ञानिक के साथ इस सड़क का अध्ययन भी किया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, गुरु हनुमान सोसाइटी ऑफ भारत के प्रधान सचिव अतुल रंजीत की तरफ से विशेष आयुक्त कनन जगदीशन को इस सड़क को सिग्नल मुक्त करने का सुझाव दिया गया था।

बिक भी सकता है केजरीवाल वाला शीशमहल! रेखा गुप्ता ने 3 विकल्पों में यह भी गिनाया





नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक बार फिर साफ किया है कि वह उस बंगले में नहीं रहेंगी जिसमें बतौर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहा करते थे। भाजपा इस बंगले में सुख-सुविधा के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च का आरोप लगाती है और शीशमहल नाम से पुकारती है। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा है कि शीशमहल का इस्तेमाल जनता के हित में ही किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए 3 विकल्प गिनाते हुए यह भी कहा कि इसे नीलाम भी किया जा सकता है।

एक इंटरव्यू में रेखा गुप्ता ने कथित शीशमहल को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाव में कहा, जरूर जनता के हित में उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल करेंगे। बहुत सारे विकल्प आ रहे हैं, जनता सुझाव देती है। इसे स्टेट गेस्ट हाउस बना दिया जाए क्योंकि दिल्ली का अपना कोई स्टेट गेस्ट हाउस नहीं है, ऐसा भी मन में है। इसकी नीलामी करा दी जाए और जितना पैसा मिलेगा उसे वापस सरकारी खजाने में जमा करा दिया जाए, ऐसा भी हम सोचते हैं। इसको जनता के लिए खोल दिया जाए, लोग आएं और देखें। कुछ भी संभव है। हम विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इससे पहले रेखा गुप्ता यह भी कह चुकी हैं कि शीशमहल को म्यूजियम बनाने पर भी विचार चल रहा है।

सीएम रेखा गुप्ता ने इस इंटरव्यू के दौरान यह भी साफ किया कि वह शीशमहल में नहीं रहेंगी। उन्होंने कहा, शीशमहल रहने लायक नहीं है, हमारी आत्मा यह गवाही नहीं देती है। जो जनता को नोंचकर पैसा इकट्ठा किया गया और महल बनाया गया। उस घर में रहना संभव नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपने पुराने घर में ही रह रही हैं। वहीं से अपना ऑफिस चला रही हैं। सीएम ने कहा कि यह छोटा जरूर है, लोग ज्यादा आने लगे हैं। गली में ही टेबल चेयर लगा लेते हैं। जब सरकारी घर जिस लायक मिलेगा तब मिलेगा, तब तक अपने घर से काम चल रहा है।

दिल्ली में मुफ्त बस सफर महिलाओं के लिए हो जाएगा बंद, 2 नियम समझ लीजिए

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद कई तरह के बदलावों की शुरुआत हो गई है। इनमें से एक यह है कि अब दिल्ली में बस सफर सबके लिए मुफ्त नहीं होगा। वजह यह है कि रेखा गुप्ता सरकार पिंक टिकट सिस्टम को खत्म करने जा रही है। दिल्ली की बसों में मुफ्त सफर के लिए महिलाओं को अब स्मार्ट कार्ड दिए जाएंगे।

दिल्ली में परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, मुफ्त बस सफर के लिए स्मार्ट कार्ड की जल्द शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के बाद जिन महिलाओं को यह कार्ड मिलेगा उन्हें ही मुफ्त बस सफर का लाभ मिलेगा। फिलहाल जब तक स्मार्ट कार्ड की शुरुआत नहीं होती है तब तक पिंक टिकट के जरिए सफर की सुविधा जारी रहेगी।

किनको नहीं मिलेगा मुफ्त बस सफर, दो नियम: परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक मुफ्त बस सफर योजना का लाभ दिल्ली की महिलाओं को ही मिलेगा। इस सुविधा का लाभ तभी लिया जा सकता है जब आपके पास स्मार्ट कार्ड होगा। इन दो नियमों का मतलब यह है कि जिन महिलाओं के आधार या वोटर कार्ड में दिल्ली का पता नहीं है उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसके अलावा दिल्ली की उन महिलाओं को भी मुफ्त बस सफर का लाभ नहीं मिलेगा जो इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं कराएंगी।

क्यों ऐसा बदलाव करने जा रही है भाजपा सरकार: दरअसल, भाजपा सरकार का आरोप है कि आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान मुफ्त बस सफर के नाम पर बड़े पैमाने पर घोटाला किया जा रहा था। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि जितनी महिलाएं सफर कर रही थीं उनसे कहीं अधिक टिकट जारी करके सरकार से भुगतान प्राप्त किया जा रहा था।

आज ही लगा दीजिए स्कूलों की बढ़ी हुई फीस पर रोक; आतिशी की सीएम रेखा गुप्ता को खुली चुनौती





नईदिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ाए जाने के मामले पर लगातार भाजपा सरकार पर हमलावर है। पार्टी का दावा है कि पिछले 10 सालों से एजुकेशन माफिया पर रोक लगी हुई थी लेकिन भाजपा सरकार के आते ही ये एक बार फिर ऐक्टिव हो गया है और स्कूल की फीस बढ़ाकर बच्चों के माता-पिता को लूटने का काम किया जा रहा है। इस आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने इस मामले पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बड़ी चुनौती दी है। उनका कहना है कि अगर भाजपा की प्राइवेट स्कूलों से कोई सांठगांठ नहीं है तो मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को आज ही बढ़ी हुई स्कूल फीस पर रोक लगा देनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि ये मेरा रेखा गुप्ता को चैलेंज है। इसी के साथ उन्होंने भाजपा सरकार से तीन बड़ी मांग की है। उन्होंने कहा, दिल्ली में हाहाकार मचा हुआ है। माता-पिता स्कूलों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। स्कूलों के गेट बंद कर दिए गए हैं। माता-पिताओं को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा क्योंकि जब से भाजपा की सरकार बनी है स्कूलों ने बेतहाशा फीस बढ़ाने का काम शुरू कर दिया है। स्कूलों को खुली छूट मिल गई है। आतिशी ने कहा, बच्चों के माता-पिता हमें कॉल कर रहे हैं और कह रहे हैं कि किसी तरह इस बढ़ी हुई फीस को रुकवाइए। ऐसे में रेखा गुप्ता जी से कहना चाहती हूं कि अगर भाजपा की इन प्राइवेट स्कूलों से सांठगांठ नहीं है तो आप ही आज ही आदेश पारित कीजिए कि बढ़ी हुई फीस माता-पिता को नहीं देनी है और इस पर रोक लगा दीजिए। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार से हमारी तीन बड़ी मांग है।

पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, बधावर गैंग के बाप-बेटे गिरफ्तार

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने बधावर गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पिता-बेटे को गिरफ्तार किया है। दोनों पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी अर्जुन सिंह और उसके बेटे शिवम, दोनों सिरसपुर के जीवन पार्क के निवासी हैं, जिन्हें रोहिणी में विशेष मकोका अदालत के सामने आत्मसमर्पण करने के बाद गिरफ्तार किया गया। डिप्टी पुलिस कमिश्नर (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने बताया कि अदालत ने संगठित आपराधिक गतिविधियों में उनकी कथित संलिप्तता की आगे की जांच के लिए उन्हें तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि ये दोनों संजय सिंह उर्फ सोनू और मोहन सिंह उर्फ मोनू के पिता और भाई हैं, जो बधावर गिरोह के प्रमुख नेता हैं। उन्होंने बताया कि सोनू और मोनू दोनों को 13 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। उनपर डकैती, लूट, जबरन वसूली, हत्या के प्रयास और अवैध शराब का व्यापार सहित कई अपराधों में उनकी कथित भूमिका के लिए मकोका के तहत मामला दर्ज किया गया था। डीसीपी वलसन ने कहा, अर्जुन और शिवम की गिरफ्तारी गिरोह की आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने में एक महत्वपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि दोनों के खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही के बावजूद वे अबतक गिरफ्तारी से बच रहे थे।3 अप्रैल, 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिससे उनके आत्मसमर्पण का रास्ता साफ हो गया। पुलिस के अनुसार, बधावर गिरोह ने कथित तौर पर सशस्त्र डकैती, जबरन वसूली और अवैध शराब के व्यापार में अपनी संलिप्तता के माध्यम से एक आपराधिक साम्राज्य खड़ा किया हुआ है।डीसीपी वलसन ने कहा, मोहन सिंह और उसके भाई संजय सिंह ने बंदूक की नोक पर कई सशस्त्र डकैतियों को अंजाम दिया, जिसमें आम आदमियों और बिजनेसमैन दोनों को निशाना बनाया गया। उन्होंने व्यापारियों और स्थानीय व्यापारियों से प्रोटेक्शन मनी की मांग करते हुए जबरन वसूली का रैकेट भी चलाया और टारगेट हमलों के जरिए अपने प्रतिद्वंद्वियों को खत्म कर दिया।

महिला इंजीनियर ने कोमा में जाने के बाद तोड़ा था दम, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से हैवानियत का खुलासा





नोएडा, एजेंसी। सेक्टर-15 स्थित तीन मंजिला घर में हुई महिला सिविल इंजीनियर की हत्या के मामले में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पति के हथौड़े के पहले वार के बाद महिला कोमा में चली गई थी। इसके बाद भी उस पर हथौड़े से लगातार कई वार किए गए। आरोपी पति ने पत्नी का चाकू से भी गला रेता था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में ब्रेन हैमब्रेज होने की भी पुष्टि हुई है।

पुलिस के मुताबिक, बिहार के चंपारण का नुरुल्लाह हैदर पत्नी आसमां और दो बच्चों के साथ सेक्टर-15 स्थित तीन मंजिला मकान में रहता था। बीते दिनों उसकी पत्नी आसमां से लड़ाई हुई तो रिश्तेदारों ने आकर मामला शांत करा दिया था।

पत्नी ने जब दोबारा लड़ाई शुरू की तो पति नुरुल्लाह हैदर ने आसमां की हत्या करने की सोच ली। आसमां दोपहर 1 बजे के करीब पहली मंजिल पर स्थित कमरे में सो रही थी, तभी नुरुल्लाह हैदर वहां पहुंचा और चाकू और हथौड़े से वार कर आसमां की हत्या कर दी।

तानों से तंग आकर ली थी इंजीनियर पत्नी की जान

आरोपी पति ने पुलिस की पूछताछ में इस बात का खुलासा किया कि उसने तानों से तंग आकर पत्नी की हत्या की थी। आरोपी ने बताया कि वह बीते 10 साल से बेरोजगार है, जबकि पत्नी आसमां एक एमएनसी में प्रोजेक्ट मैनेजर थी। फेज-1 थाना पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट के सामने पेश किया था, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। नुरुल्लाह ने बताया कि आसमां हमेशा उससे दुर्व्यवहार करती थी। पत्नी द्वारा की जा रही बेइज्जती उसे अंदर से खोखला किए जा रही थी। उनके बीच शुक्रवार को जब लड़ाई हुई तो आरोपी ने सोचा कि रोज-रोज की कलह से अच्छा है कि पत्नी को मार कर खत्म कर दिया जाए। तीन मंजिला मकान की पहली मंजिल पर जब आसमां सो रही थी, तभी वह वहां पहुंचा और किचन से चाकू उठाकर पत्नी की गर्दन काट दी। आरोपी ने खून निकलने पर कमरे में रखी हथौड़ी से पत्नी के माथे और सिर पर कई वार किए। वह पत्नी पर तब तक वार करता रहा, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई।

पत्नी का मोबाइल चेक करता था आरोपी

पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि वह अक्सर पत्नी का मोबाइल चेक करता था। आसमां के मोबाइल पर अक्सर अनजान नंबर से कॉल आती थीं, जो उसे पसंद नहीं था। इसके लिए उसने कई बार पत्नी को मना भी किया था।

अमेरिका पर टूटा प्रकृति का कहर, कई दिनों की बारिश से बाढ़ का खतरा

तूफान में हो चुकी है 18 लोगों की मौत

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के दक्षिणी और मध्य पश्चिमी इलाके पहले से ही बाढ़ से जूझ रहे हैं। अब कई दिनों से हो रही भारी बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और इससे बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई है। इससे उन समुदायों पर खतरा बढ़ गया है, जो पहले से ही भारी बारिश और आंधी के कारण परेशान है। बता दें कि तूफान और बारिश से अमेरिका के दक्षिणी और मध्य पश्चिमी इलाकों में कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है।



लोगों के घरों में भरा पानी

अर्कांसस, टेनेसी और केंटकी सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके हैं और यहां लोगों के घरों में पानी घुस गया है और सड़कें जलमग्न हो गई हैं। केंटकी के फ्रैंकफर्ट में सड़कों पर नाव चलती दिखाई दी। केंटकी नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है। रविवार को नदी का जलस्तर 47 फीट तक बढ़ गया। फ्रैंकफर्ट शहर के मेयर ने बताया कि शहर की दीवार 51 फीट तक ऊंची बाढ़ का सामना करने के लिए डिजाइन की गई है। अलबामा, जॉर्जिया और फ्लोरिडा में रविवार को पूरे दिन बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इससे लोगों में डर का माहौल है।

तूफान में अब तक 18 की मौत

बुधवार से शुरू हुए तूफान और बारिश में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से 10 लोगों की मौत टेनेसी में हुई है। मिसौरी में एक स्वयंसेवी फायर फाइटर की भी एक दुर्घटना में मौत हो गई। केंटकी में पांच लोगों की जान गई है। राष्ट्रीय मौसम सेवा का कहना है कि कई राज्यों में बाढ़ आने का खतरा है। पहले से ही बाढ़ झेल रहे इलाकों में बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि भारी बारिश और बाढ़ के लिए गर्म तापमान, अस्थिर वातावरण और खाड़ी से आने वाली नमी है।

गाजा में इजराइली हमले में 32 लोग मारे गए, मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं

गाजा पट्टी, एजेंसी। गाजा पट्टी पर इजराइली हमलों में एक दर्जन से अधिक महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 32 लोग मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भेंटवार्ता करने के लिए अमेरिका गये हैं। इजराइल ने पिछले महीने हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त कर दिया था तथा हवाई और जमीनी हमले पुनः शुरू कर दिए थे।उसने ताबड़तोड़ हमला करते हुए क्षेत्रों पर कब्जा किया था ताकि उग्रवादी संगठन पर नए युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करने तथा शेष बंधकों की रिहाई के लिए दबाव बनाया जा सके। रविवार रात को किए गए नवीनतम इजराइली हमलों में दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक तम्बू और एक घर को निशाना बनाया गया, जिसमें पांच पुरुष, पांच महिलाएं और पांच बच्चे मारे गए। नासेर अस्पताल ने यह जानकारी दी जहां ये शव लाये गये थे। मारे गए लोगों में एक महिला पत्रकार भी शामिल है। जान गंवाने वाली पत्रकार की मां अमल कास्कीन ने कहा, ''मेरी बेटी निर्दोष है।

अमेरिका में खसरे से एक और बच्चे की मौत, एक लापरवाही पड़ रही भारी

वाशिंगटन , एजेंसी। अमेरिका के टेक्सास में खसरे की चपेट में आकर एक और बच्चे की मौत हो गई है। यह बच्चा भी खसरे से बचाव का टीका नहीं लगवाया हुआ था। अमेरिका इस समय पिछले लगभग तीन दशकों में खसरे के सबसे बड़े प्रकोप से जूझ रहा है। यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर (यूएमसी) हेल्थ सिस्टम, ल्यूबॉक ने जानकारी दी कि खसरे के कारण उनके अस्पताल में भर्ती एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। बच्चे को पहले से कोई अन्य बीमारी नहीं थी। इससे पहले, फरवरी में टेक्सास में एक अन्य बच्चे और मार्च की शुरुआत में न्यू मैक्सिको में एक वयस्क की खसरे से मौत हो चुकी है। सीडीसी (रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र) के अनुसार, इस वर्ष अब तक अमेरिका के 21 राज्यों में खसरे के 607 मामले सामने आ चुके हैं। यह संख्या 2023 में पूरे साल के मामलों की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। टेक्सास में अब तक 481 मामले दर्ज किए गए हैं, जो राज्य में पिछले कुछ दशकों में सबसे ज्यादा हैं। डॉ. पीटर होटेज, जो बायलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन के प्रमुख टीकाकरण विशेषज्ञ हैं।

खैबर पख्तूनख्वा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, पाकिस्तानी सेना ने आठ आतंकियों को मार गिराया, चार घायल



पेशावर, एजेंसी। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान की सीमा से खैबर पख्तूनख्वा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे आठ आतंकियों को मार गिराया। जबकि चार आतंकी घायल हो गए। आतंकी प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बताए जा रहे हैं।

पिछले एक साल में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी गई है। सेना की मीडिया सेल ने बताया कि पांच-छह अप्रैल की रात को पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से घुसपैठ की कोशिश कर रहे ख्वारिज के एक समूह (आतंकियों) को उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल के सामान्य क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने पकड़ा। इस दौरान भीषण गोलीबारी में आठ आतंकी मारे गए और चार अन्य घायल हो गए।

पाकिस्तान की इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन ने कहा कि पाकिस्तान लगातार अफगान सरकार से सीमा के अपने हिस्से पर प्रभावी सीमा प्रबंध करने के लिए कह रहा है। उम्मीद है कि काबुल अपने दायित्वों को पूरा करेगा और टीटीपी द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी कृत्यों को अंजाम देने के लिए अफगान धरती के इस्तेमाल को नकार देगा।

आईएसपीआर ने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने और देश से आतंक के खतरे को मिटाने के लिए संकल्पित हैं। सेना ने कहा कि क्षेत्र में पाए जाने वाले किसी भी आतंकियों को खत्म करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है।

पिछले महीने मारे गए थे 16 आतंकी

मार्च में अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे कम से कम 16 आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। इससे पहले पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में फ्रंटियर कॉर्प्स कैंप के चेकपोस्ट पर आतंकी हमले को नाकाम कर दिया और 10 आतंकवादियों को मार गिराया था।

आतंकी हमलों में हुआ इजाफा

पाकिस्तान में पिछले महीने आतंकी हमलों में इजाफा हुआ है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में देश में आतंकी हिंसा और सुरक्षा अभियान तेज हो गए और नवंबर 2014 के बाद पहली बार आतंकी हमलों की संख्या 100 को पार कर गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि खैबर पख्तूनख्वा में 206 लोग मारे गए, जिनमें 49 सुरक्षाकर्मी, 34 नागरिक और 123 आतंकी शामिल हैं। जबकि 115 घायल हुए, जिनमें 63 सुरक्षाकर्मी और 49 नागरिक शामिल हैं। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025 में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है, जहां आतंकी हमलों में मौतों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 45 प्रतिशत बढ़कर 1,081 हो गई है।

संक्षिप्त समाचार

निरीक्षण एवं जागरुकता अभियान

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग ने सोमवार को झादुडीह एवं कार्मिक नगर के विभिन्न विद्यालयों के 100 गज के दायरे में स्थित



दुकानों पर कोटपा 2003 की धारा 6बी के अनुपालन के लिए निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया। इसमें झादुडीह के गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, गवर्नमेंट आइटीआइ, मध्य विद्यालय, कार्मल स्कूल एवं कार्मिक नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के आस पास कोटपा 2003 की धारा 6बी का उल्लंघन करते हुये पाये गये दुकानदार को सख्त चेतावनी दी गई तथा विद्यालय से 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद नहीं बेचने का निर्देश दिया। अभियान में जिला नोडल पदाधिकारी डॉ मंजु दास, जिला सलाहकार राहुल कुमार, जिला एन.सी.डी. कोषांग के उमा शंकर मंडल, सोशल वर्कर शुभांकर मैत्रा व अन्य लोग शामिल थे।

उपायुक्त ने ऑन स्पॉट दर्जनों मामलों का निष्पादन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को श्रीमती विजया जाधव ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता



से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 46 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा दर्जनों मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, जिला आपूर्ति, भूमि पर कब्जा, राजस्व, चास अंचल, आपूर्ति विभाग, विशेष प्रमंडल, लीड बैंक मैनेजर, अंचल कार्यालय चंदनकियारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

एसएफसी बेरमो का गोदाम बहुउद्देशीय भवन में शिफ्ट

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।



उपायुक्त विजया जाधव ने राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) बेरमो का गोदाम जर्जर एवं असुरक्षित होने की मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए वैक्लपिक व्यवस्था के तहत प्रखंड परिसर स्थित बहुउद्देशीय भवन में गोदाम को शिफ्ट करने का निर्देश दिया। सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी बेरमो की देख रेख में गोदाम में अनाज/खाद्यान्न को बहुउद्देशीय भवन में शिफ्ट किया गया। आगे से प्रखंड के आवंटित खाद्यान्न को बहुउद्देशीय भवन में ही सुरक्षित ख झ रखाव किया जाएगा।

सड़क हादसे में महिला की मौत, एक घायल

गोविंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गोविंदपुर ऊपर बाजार में बाइक सवार व्यक्ति भारी वाहन की चपेट मे आ गया जिसमें एक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और दुसरा व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। जिसे स्थानीय और प्रशासन की मदद से अस्पताल ले जाया गया है । स्थानीय लोगों का कहना है कि बाइक सवार दोनों सरिसाकुडी बलियापुर निवासी है महिला का उम्र लगभग 33 वर्ष बताया जा रहा है दोनों पति-पत्नी पूजा करके घर वापस जा रहे थे । इसी दरमियान भारी वाहन से जोरदार टक्कर लग गई। गोविंदपुर मे लगातार रोड एक्सीडेंट होने से ट्रैफिक व्यवस्था पर स्थानी लोगों का हमेशा है भय बना रहता है जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण गोविंदपुर मे लगातार रोड एक्सीडेंट हो रहा है । यहां जब तक फ्लाई ओवर नहीं बनता है तब तक यह घटना होते रहेगी ।

नरकोपी गांव में निकाला गया रामनवमी का जुलूस

तोपचांची/धनबाद। तोपचांची प्रखंड अंतर्गत दुमदुमी पंचायत के नरकोपी गांव में रामनवमी के शुभ अवसर पर प्रकाश जुलूस निकाला गया।इस जुलूस का नेतृत्व जागृति क्लब दुमदुमी ने किया।इस दौरान सर्वप्रथम बजरंगबली मंदिर में पूजा अर्चना की गई।इस दौरान गांव के महिलाएं पुरुषों समेत अन्य श्राद्धालुगण विधि विधान के साथ पूजा अर्चना में भाग लिए।जुलूस रविवार को शाम 3:00 बजे से दुमदुमी पंचायत के बजरंगबली मंदिर से इसकी शुरूआत की गई। यह जुलूस गादी टोला नरकोपी ठाकुर टोला,गोस्वामी टोला, दुमदुमी स्कूल,रंगरीटाड,गोमो रोड,सुभाष चौक से होते हुए जीटी रोड दुमदुमी मंदिर प्रांगण तक जाकर समापन किया गया।वहीं अखाड़े में खिलाड़ियों ने बहुत आकर्षक प्रदर्शन किया। इस जुलूस में चुरामन महतो समाजसेवी,रामचंद्र सिंह,सरयू प्रसाद महतो,कुलदीप प्रमाणिक विनय प्रमाणिक,दयानंद प्रमाणिक मुखिया प्रतिनिधि, सदानंद महतो,नीरज प्रमाणिक, घनश्याम महतो,विक्रम प्रमाणिक विमल महतो आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद थे।

चास में खुली डिजिटल उड़ान लाइब्रेरी

विधायक ने कहा डिजिटल लाइब्रेरी समय की मांग

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बड़े शहरों की तर्ज पर अब चास में भी निजी लाइब्रेरी का प्रचलन तेजी बढ़ रहा है। अब पढ़ने वाले छात्र छात्रों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा हैं। बोकारो के चास में एक छात्रा ने छात्रों की पढ़ाई और ग्रुप डिस्कशन के लिए शांति का माहौल देने के उद्देश्य से डिजिटल उड़ान लाइब्रेरी की शुरूआत की है। इस लाइब्रेरी का उद्घाटन बोकारो की कांग्रेस



विधायक श्वेता सिंह ने किया। इस लाइब्रेरी में युवाओं को सेल्फ स्टडी के लिए अलग-अलग केबिन वाईफाई की सुविधा एसी हॉल और लंच करने के लिए लॉन्च का भी व्यवस्था की है। जिन युवाओं के घरों में पढ़ाई करने का माहौल नहीं है, वे यहां शांति के माहौल में पढ़ाई कर सकते हैं। बोकारो की कांग्रेस विधायक ने कहा कि यह समय की मांग है। जब बच्चे पढ़ेंगे तभी उनमें संघर्ष की भावना भी जागेगी और वे सफल भी होंगे। अब लाइब्रेरी छात्रों के लिए जरूरी हो गई है। वही चास के पूर्व डिप्टी मेयर अविनाश कुमार ने बताया कि बच्चों को घर में पढ़ाई का माहौल नहीं मिल पाता है ,ऐसे में एकांत में बैठकर पढ़ाई और ग्रुप डिस्कशन कर वे सफल हो सकते हैं। इसकी शुरूआत करने वाले छात्र सुधांशु कुमार ने बताया कि वह भी एक छात्र हैं वे भागलपुर में पढ़ाई करते हैं। जब उन्होंने देखा कि छात्रों को पढ़ाई करने में एकांत जरूरी है। ऐसे में एक छात्रा के मन में जो बात आई उसको धरातल पर उतारा गया। आजकल डिजिटल जमाना है।

बोकारो इस्पात संयंत्र: राष्ट्र निर्माण की एक गौरवशाली इकाई







बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो इस्पात संयंत्र, लोक उपक्रम के क्षेत्र में भारत का चौथा एकीकृत इस्पात संयंत्र है, जिसे देश के प्रथम स्वदेशी इस्पात संयंत्र होने का गौरव प्राप्त है। इसका निर्माण अधिकतम स्वदेशी उपकरणों, सामग्री और तकनीकी विशेषज्ञता के साथ किया गया था। वर्ष 1964 में जब इस संयंत्र की नींव रखी गई, तब से ही इसने न केवल औद्योगिक क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में भी एक नई शुरूआत की.

इस संयंत्र की स्थापना से पूर्व यह क्षेत्र मुख्यतः वनाच्छादित एवं कृषि-आधारित ग्रामीण बस्तियों से युक्त था, जहाँ की अधिकांश जनसंख्या कृषि एवं पारंपरिक आजीविका पर निर्भर थी. लौह अयस्क, कोयला एवं अन्य खनिज संसाधनों की प्रचुरता, तथा सामरिक दृष्टिकोण से इसकी अनुकूल भौगोलिक स्थिति के कारण इस क्षेत्र का चयन एकीकृत इस्पात संयंत्र की स्थापना हेतु किया गया। बोकारो इस्पात संयंत्र की स्थापना ने न केवल इस क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचनाओं का अभूतपूर्व विकास सुनिश्चित किया, बल्कि परिधीय क्षेत्रों के समग्र उत्थान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे स्थानीय निवासियों को भी राष्ट्र की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्राप्त हुआ. आज, बोकारो इस्पात संयंत्र विभिन्न ग्रेड के फ्लैट स्टील उत्पादों का निर्माण करता है, जिनका उपयोग भारतीय रक्षा क्षेत्र, भारतीय रेलवे, ऑटोमोबाइल उद्योग, ड्रम निर्माण, एल पी जी सिलेंडर सेक्टर और कंस्ट्रक्शन आदि जैसे अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में होता है। हमारे उत्पाद न केवल देशभर में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी उत्कृष्टता के लिए पहचाने जाते हैं — जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है.

एक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई के रूप में, बोकारो इस्पात संयंत्र प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को आजीविका प्रदान करता है तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि एक सामाजिक उत्तरदायित्व है, जिसने लाखों परिवारों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

यह संयंत्र भारत सरकार की नीतियों के अंतर्गत संचालित होता है और देश की जनता के प्रति जवाबदेह है। यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम इस संयंत्र को राष्ट्र संपत्ति के रूप में देखें और इसकी सुरक्षा व उन्नति में अपना सक्रिय योगदान दें। इस संयंत्र ने अब तक अनगिनत कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ - साथ यहाँ निवास कर रहे लाखों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में अपनी भूमिका निभाई है, और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह सतत अवसरों का द्वार बना रहेगा. समय-समय पर कुछ चुनौतियाँ और असंतोष सामने आ सकते हैं, किन्तु बोकारो इस्पात संयंत्र संवाद से समाधान की समृद्ध परंपरा से जुड़ा रहा है. संयंत्र के उत्पादन एवं संचालन में किसी भी प्रकार का व्यवधान,न केवल संस्था के लिए बल्कि इससे जुड़े समस्त समुदाय के लिए नुकसानदेह होता है। हाल ही में घटित आंदोलन के कारण कंपनी को उत्पादन में भारी नुकसान उठाना पड़ा, जिससे करोड़ों का आर्थिक घाटा हुआ है जो राष्ट्र की भी क्षति है. यह स्पष्ट है कि ऐसी कोई भी गतिविधि जो संयंत्र के नियमित संचालन को बाधित करती है, उसका व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ता है, जो अंततः क्षेत्रीय विकास की गति को भी प्रभावित करता है। बोकारो इस्पात संयंत्र संवाद से समाधान की परंपरा में विश्वास रखता है, और सभी हितधारकों से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा रखता है। राष्ट्र की धरोहर—बोकारो इस्पात संयंत्र—की सुरक्षा, उन्नति और निरंतर प्रगति के द्वारा ही यह आने वाले समय में आत्मनिर्भर भारत का सशक्त प्रतीक बन सकेगी.

बोकारो जनरल हॉस्पिटल में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

07 अप्रैल को बोकारो जनरल हॉस्पिटल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया जो सभी के लिए स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व को पहचानने के लिए एक समर्पित दिन है. इस वर्ष, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के लिए 'स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य' को अपना थीम चुना है, जो बच्चों के स्वास्थ्य और विकास से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है. इसे ध्यान में रखते हुए, बीजीएच में स्वस्थ मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डालने वाले पोस्टरों की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमे स्वस्थ शिशुओं के जन्म तथा उचित मार्गदर्शन और निवारक सेवाओं और देखभाल के साथ एक स्वस्थ बचपन के बारे में बताया गया. प्रदर्शनी का उद्घाटन बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ.बी.बी.करुणामय, सीएमओ डॉ.आनंद कुमार और डॉ.अनिंदा मंडल के द्वारा किया गया.

बीएसएल में 17 एसीटी / ओसीटी ने दिया योगदान

बीएसएल में योगदान दिए 17 एसीटी/ओसीटी प्रशिक्षुओं के नए बैच के लिए आज दिनाँक 07 अप्रैल को ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारम्भ किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा तथा उप महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री राजेश कुमार उपस्थित थे. कार्यक्रम में महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा के साथ सुरक्षा शपथ लेने के पश्चात अपने स्वागत अभिभाषण में उपमहाप्रबंधक (ज्ञानार्जन व विकास) श्री राजेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया और सभी प्रशिक्षुओं को अपने पुरे प्रशिक्षण अवधि का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रोत्सहित किया.

मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन व विकास) सुश्री नीता बा ने बदलते तकनीकी परिवेश और विश्व प्रतिस्पर्धा के अनुसार प्रशिक्षुओं को अपनी दक्षता को बढाने हेतु प्रेरित किया. धन्यवाद ज्ञापन देते हुए श्री एस. एन मिश्रा सहायक प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने प्रशिक्षुओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं. कार्यक्रम में ज्ञानार्जन व विकास विभाग के नव प्रशिक्षु प्रकोष्ठ के कर्मचारियों का अहम योगदान रहा.

छह सालों से लगातार सेल का टर्नओवर एक लाख करोड़ रुपये के पार, फिर भी वेज रिवीजन अधूरा

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सेल तथा बीएसएल कर्मचारियों का अधूरा वेतन समझौता हुए 100 माह हो गया है। विगत 21-22 अक्टुबर 2021 को एनजेसीएस कथित संविधान का उल्लंघन कर किसी तरह इंटक, एचएमएस तथा एटक के नेताओं के हस्ताक्षर से वेज रीविजन का मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैण्डिंग किया गया। दूसरे महारत्ना कंपनियों तथा सेल अधिकारियों के मुकाबले 2 प्रतिशत कम एमजीबी तथा 8.5 प्रतिशत कम पर्क्स प्रतिशत पर समझौता किया गया। उसके बाद तीन साल 6 माह बीत जाने के बाद भी न तो 39 माह के एरियर पर समझौता किया गया तथा न ही पर्क्स के एरियर पर भी कोई बात की गई । जबकि सेल अधिकिरियों को एक अप्रैल 2020 से पर्क्स को प्रभावी कर उसका 19 माह का एरियर दिया गया। कर्मचारियों की माने तो एनजेसीएस में 25 में से 20 गैरनिर्वाचित तथा बाहरी नेताओं के दम पर ही सेल मैनेजमेंट मनमानी कर रही है। जिसके लिए बीएसएल अनधिशाषी कर्मचारी संघ बोकारो ने



दिल्ली उच्च न्यायालय मे मुकदमा दर्ज कराया है। वही फुल एनजेसीएस मीटिंग आयोजित हुए भी 15 माह से अधिक समय हो गया है। अंतीम फुल एनजेसीएस मीटिंग 20 जनवरी 2024 को आयोजित की गई थी ।

सेल कर्मियों के अटके मुद्दे

1. अधिकारियों तथा दूसरे महारत्ना कंपनियों के तर्ज पर 15% एमजीबी तथा 35% पर्क्स हेतु एमओए समझौता
2. 39 माह का फिटमेंट एरियर तथा 58 माह का पर्क्स एरियर का भुगतान
3. इंसेंटीव रिवार्ड में संशोधन और उसका एरियर ।
4. हाउस पक्युर्जीट में अधिकिरियों के तर्ज पर 50% आयकर छुट ।
5. ग्रेड वाईज तथा कलस्टर वाईज सम्मानजनक पदनाम ।
6. S11 ग्रेड में अटके वरिष्ठ कर्मचारियों को स्टैगेनेशन इंक्रिमेंट की सुविधा ।
7. छूट्टियों में एकरुपता कर 15 सीएल, 30 ईएल तथा 7 आर एच सहित होली, दिवाली, दशहरा, दुगार्पुजा, ईद, गुरुनानक जयंती, क्रिसमस , मई दिवस, अंबेडकर जयंती के दिन को पेड होलीडेज घोषित करना ।
8. एनजेसीएस में सिर्फ सेक्रेट बैलेट इलेक्शन से निर्वाचित रिकॉगनाईज्ड ट्रेड यूनियन नेता को ही सदस्य बनाना, एनजेसीएस स्तर पर वेलफेयर कमेटी बनाना, एनजेसीएस मीटिंग का वार्षिक कैलेण्डर बनाना।

बीएकेएस के अध्यक्ष हरिओम ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि सेल में न तो औद्दोगिक विवाद अधिनियम 1947 के प्रावधानो का पालन हो रहा है तथा न ही कारखाना अधिनियम के प्रावधानो का ही पालन हो रहा है। पूरा इण्डस्ट्रियल रिलेशन ही धाराशायी हो गया है । बाहरी नेताओं को कर्मचारियों के मुद्दो से कोई मतलब नहीं रह गया है।

झारखंड के कई जिलों में हिंदुओं की संख्या घटना चिंतनीय : मिलिंद

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विश्व हिंदू परिषद बोकारो महानगर के द्वारा, बोकारो के बौद्धिक प्रबुद्ध जनों के बीच 'राष्ट्र किस ओर' विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। नया मोड़ स्थित बिरसा आश्रम में आयोजित कार्यक्रम जय श्री राम के जयकारे और ओम उच्चारण के साथ प्रारंभ हुआ। मंच संचालन जिला मंत्री संजीव कुमार ने किया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा ने मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का परिचय करवाते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।





बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय मंत्री वीरेंद्र विमल ने कहा कि समाज के बीच संतों का प्रवास होना चाहिए, जिससे समाज में समरसता आएगी धर्मांतरण रुकेगा। मुख्य वक्ता मिलिंद परांडे ने अपने उद्बोध में संबोधित करते हुए भगवान राम को आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि राम के जीवन को आत्मसात करना ही सच्ची आराधना है। श्री परांडे ने हिंदू समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और सामाजिक समरसता पर जोर दिया। उन्होंने हिंदू समाज पर हो रहे आक्रमणों के प्रति सतर्क रहने की बात कही। मिलिंद परांडे ने वीर वीरांगनाओं के बलिदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राम और सीता का जीवन कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। युवाओं को समाज में धर्म, राष्ट्र की रक्षा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। मिलिंद परांडे ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि अब सभी राज्य सरकारों को मंदिरों के नियंत्रण, प्रबंधन और दैनंदिनी कार्यों से स्वयं को अविलंब अलग कर लेना चाहिए, क्योंकि उनका यह कार्य हिंदू समाज के प्रति भेदभाव पूर्ण है. देश की स्वाधीनता के उपरांत मंदिरों को हिंदू समाज को सौंप देना चाहिए था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक के बाद एक अनेक राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 12, 25 और 26 की अनदेखी करती रहीं। जब कोई मस्जिद या चर्च उनके नियंत्रण में नहीं तो भला हिंदुओं के साथ ही यह भेदभाव क्यों । उन्होंने झारखंड का उल्लेख करते हुए कहा कि पाकुड़, सिमडेगा, संथाल जैसे झारखंड के कई जिलों में हिंदुओं की संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है जिसका मुख्य कारण धर्मांतरण है ईसाई मिशनरियों के द्वारा अनेकों प्रकार के प्रलोभन देकर जनजातीय हिंदू परिवारों को धर्मान्तरित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। ठीक इसी तरह पूरे भारतवर्ष में बांग्लादेश की वा म्यांमार के घुसपैठिये बंगाल के रास्ते झारखंड-बिहार में अपना पांव पसार रहे हैं । सरकार इसे सख्ती के साथ पाबंदी लगाने का कार्य करे। प्रांतीय विशेष संपर्क टोली सदस्य संतोष कुमार ने मौके पर आए अतिथियों, श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापन किया।विधि पूर्वक शांति मंत्र और जयघोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर क्षेत्रीय मंत्री झारखंड बिहार आनंद जी, प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह जी,प्रान्त दुर्गा वाहिनी संयोजिका अनुराधा जी ,विभाग मंत्री राजेश दुबे , विभाग संगठन मंत्री दीपक मंडल विभाग सह संयोजक अजीत पाण्डे नगर के संघचालक रंजीत बरनवाल कार्याध्यक्ष हरे राम पोद्दार, बनवारी बटवाल, जिला उपाध्यक्ष कुणाल रंजन, उपाध्यक्ष सुनीता सिंह, मातृशक्ति प्रमुख आशा देवी,संयोजक राकेश मोदक, अमन सिंह,सितेश कुमार, प्रशांत त्रिवेदी, अनिल जी, राजेश जी, राहुल मोदी, टिंकू महतो, दिवेश कुमार, रवि मिश्रा, गोलू जोशी, अमित कुमार, पवन मिश्रा, दीपक पाठक, सृष्टि कुमारी, शिवम कुमार, मोनू साह, दीपक कुमार आदि सहित जिले के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पोषण पखवाड़ा का आयोजन 08 से 22 अप्रैल तक

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। देश के सुनहरे भविष्य के लिए बच्चे, युवा एवं महिलाओं का स्वास्थ्य अच्छा होना अति आवश्यक है, ताकि भविष्य में यही बच्चे, युवा बेहतर मानव संसाधन के रूप में परिणत हो सके और देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यतानुसार सेवा दे सकें। इसी क्रम में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा 08 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में जिले में भी पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

इस बाबत उपायुक्त विजया जाधव ने नोडल विभाग जिला समाज कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों को बेहतर समन्वय के साथ पखवाड़ा का सफल आयोजन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप जिला, प्रखंड एवं आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर गतिविधि आयोजित करने को कहा है। पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां विभिन्न विभागों के सहयोग से संचालित किये जाएंगे। इसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, सूचना जनसंपर्क विभाग, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जेएसएलपीएस शामिल हैं, सभी समन्वय के साथ गतिविधि/कार्यक्रम आयोजित करेंगें। कार्यक्रम को एक जन आंदोलन का रूप देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिसमें पोषण रथ रवाना किया जाना, साइकिल रैली, पोषण प्रदर्शनी आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही महिलाओं के गोद भराई का कार्यक्रम अन्नप्रासन कार्यक्रम, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के लिए एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु देखभाल और पोषण सुनिश्चित करने के कार्यक्रम विभिन्न स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। पोषण पखवाड़ा के तहत जिला स्तर से लेकर प्रखंड, पंचायत एवं गांव स्तर पर विभिन्न गतिविधि/कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का मुख्य थीम जीवन के पहले हजार दिवस का महत्व, लाभार्थी माड्यूल को लोकप्रिय बनाना, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन राज्य भर में राल आउट एवं बच्चों में मोटापे को नियंत्रण करने हेतु स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाना है।

जेएलकेएम धनबाद जिले में दर्जनों आवासीय कार्यालय खोलेगा

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के धनबाद महिला जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने लोगों की बढ़ती हुई समस्याओं को देखते हुए जिले भर में वार्ड, पंचायत, प्रखंड स्तर पर पार्टी के पदाधिकारी द्वारा उनके ही आवास में कार्यालय खोलने की अनुमति दी जाएगी उन्होंने कहा लोगों की समस्या का समाधान करना पार्टी व हमारा प्रथम प्राथमिकता है साथ ही पार्टी प्रमुख डूमरी विधायक जयराम महतो जी का झारखंड के कोने-कोने में तमाम शहरी वार्ड ग्रामीण सभी गांव में पार्टी कार्यालय स्थापित करना हमारा लक्ष्य है ताकि ग्राम/वार्ड स्तर पर ही लोगों का समस्याओं का निष्पादन किया जा सके।

आईआईटी आईएसएम धनबाद से चमकी ग्रामीण सशक्तिकरण की किरण

पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से प्रबंधन विकास कार्यक्रम का उद्घाटन

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विकेन्द्रीकृत शासन और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स), धनबाद ने भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के साथ मिलकर एक सप्ताह लंबे प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आज शुभारंभ किया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम टैक्समिन आईटूएच भवन की स्मार्ट क्लासरूम में आयोजित किया गया, जिसमें देश भर के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों ने भाग लिया पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, ओडिशा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों से आए प्रतिभागियों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. प्रेम व्रत, चेयरमैन, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, आईआईटी (आईएसएम) द्वारा किया गया, जिन्होंने इफेक्टिव लीडरशिप पर उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने गहन विद्वता के साथ ट्रांसफॉर्मेशनल ३१ और ट्रांजेक्शनल लीडरशिप के सार को समझाया, और विश्वास तथा विश्वसनीयता को उत्कृष्टता के अनुरूप संगठनात्मक संस्कृति बनाने में अनिवार्य बताया। उन्होंने गूढ़ता से कहा नेतृत्व एक कला है, जो व्यवहार को संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है।आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक, प्रो. सुकुमार मिश्रा ने किनोट भाषण में नीति और तकनीक के बीच संबंध को रेखांकित किया,और टेक्नोलॉजिस्ट तथा पॉलिसीमेकर्स के बीच गहरी सिंबायोसिस की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों से इस एम डीपी को म्यूचुअल लर्निंग के एक मंच के रूप में अपनाने का आह्वान किया, और अनुसंधान को विकसित भारत की राष्ट्रीय आकांक्षा को साकार करने का एक अहम साधन बताया। प्रो. धीरेज कुमार डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि यह कार्यक्रम एकतरफा पेडागोजिकल एक्सचेंज नहीं है, बल्कि एक संवादात्मक प्रयास है, जिसमें अकादमिक जगत भी ग्रासरूट लीडर्स की बुद्धिमत्ता और जीवन के अनुभवों से सीखने का अवसर प्राप्त करेगा।इसके अतिरिक्त प्रभोध पांडेय,



रजिस्ट्रार, ने इस बात पर बल दिया कि विषयगत सेशंस के दौरान प्रतिभागियों के साथ संवाद से फैकल्टी को प्रशासनिक दृष्टिकोण से मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त होगी।इस परिवर्तनकारी यात्रा की अगुवाई कर रहीं प्रो. रजनी सिंह, डीन ऑफ कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और प्रोग्राम कॉर्डिनेटर ने एम डी पी के उद्देश्यों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया- जमीनी स्तर पर इंलाइटेंड एफिशिएंट टेक्नोलॉजिकल एडेप्ट और नेतृत्व को विकसित करना। अकादमिक गंभीरता और व्यावहारिक अनुभव का समुचित संतुलन प्रस्तुत करते हुए यह कार्यक्रम स्थानीय शासन संस्थाओं को विकसित भारत के दृष्टिकोण के प्रमुख घटक के रूप में सशक्त करने की आकांक्षा रखता है। उद्घाटन सत्रों ने एक समृद्ध बौद्धिक परिदृश्य प्रस्तुत किया।प्रो. सुकुमार मिश्रा ने और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन ए पाथ टू विकसित भारत विषय पर विचार रखे।प्रो. रजनी सिंह ने ब्रीद जिंग्स गैप्स थ्रू इफेक्टिव कम्युनिकेशन पर संबोधित किया।प्रो. नीलाद्रि दास ने ग्राम पंचायत एंड वर्क मैनेजमेंट विषय का विश्लेषण किया।

आगामी दिनों में यह कार्यक्रम कई विषयों को समेटेगा-टेक्नोलॉजिकल इन्नोवेशंस रूरल हेल्थ केयर इरिगेशन प्रोजेक्ट अप्रेजल फाइनेंशियल मैनेजमेंट और सबस्टेनबल डेवलपमेंट गोल्स 2030 में ग्राम पंचायतों की भूमिका जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। यह सप्ताह 11 अप्रैल को एक भव्य वेलेडिक्टरी सेशन के साथ सम्पन्न होगा, जिसमें रूरल स्किलिंग डिजिटल मार्केटिंग लोकल लाइवहुड्स, और रेवेन्यू जनरेशन पर सत्रों के बाद, आईआईटी (आईएसएम) के प्रतिष्ठित एलुमनस और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के रजिस्ट्रार अमिताभ रंजन द्वारा डिस्कोर्स दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद अकादमिक उत्कृष्टता, ग्रामीण परिवर्तन और सहभागी शासन के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराता है। यह एम डी पी ग्रामीण स्वराज के बीज बो रहा है, जो भविष्य में एक जीवंत, समावेशी और सतत राष्ट्र निर्माण की दिशा में फलित होगा।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com